SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत के
नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए

हरियाणा सरकार

वर्ष 2025 की प्रतिवेदन संख्या 2

(संयुक्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन - सिविल और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)

भारत के
नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए

हरियाणा सरकार

वर्ष 2025 की प्रतिवेदन संख्या 2

(संयुक्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन - सिविल और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)

विषय सूची

विवरण	संदर्भ	
	अनुच्छेद	पृष्ठ
प्राक्कथन		vii
संक्षिप्त अवलोकन		ix-xv
अध्याय 1		
प्रस्तावना		
प्रतिवेदन के बारे में	1.1	1
बजट प्रोफाइल	1.2	1-2
राज्य सरकार के संसाधनों का अनुप्रयोग	1.3	2
लेखापरीक्षा की योजना तथा संचालन	1.4	3
महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियां तथा सरकार के लेखापरीक्षा को उत्तर	1.5	3-4
निरीक्षण प्रतिवेदनों पर सरकार की प्रतिक्रिया	1.6	4
लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई	1.7	4-6
अध्याय 2		
शहरी स्थानीय निकाय विभाग		
शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा		
प्रस्तावना	2.1	7-9
लेखापरीक्षा उद्देश्य	2.2	9
लेखापरीक्षा मानदंड	2.3	9
लेखापरीक्षा क्षेत्र और पद्धति	2.4	9-10
अभिस्वीकृति और बाधाएं	2.5	10
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की योजना और रणनीति	2.6	10-20
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण, संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान	2.7	20-42
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की योजना, निर्माण और संचालन	2.8	42-52
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी	2.9	52-54
निष्कर्ष	2.10	54-55
सिफारिशें	2.11	56

विवरण	संदर्भ	
	अनुच्छेद	पृष्ठ
अध्याय 3		
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग		
गेहूं की खरीद, भंडारण और भारतीय खाद्य निगम को सुपुर्दगी पर निष्पादन लेखापरीक्षा		
प्रस्तावना	3.1	57-59
मंडियों में बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान	3.2	59-60
गेहूं की खरीद के लिए वित्तपोषण व्यवस्था	3.3	60-61
गेहूं की खरीद	3.4	61-67
गेहूं का भंडारण	3.5	67-72
एफ.सी.आई. के समक्ष दावे प्रस्तुत करना	3.6	72-75
एफ.सी.आई. को गेहूं की डिलीवरी	3.7	75-76
वार्षिक लेखों को अंतिम रूप देने में देरी	3.8	76-78
निष्कर्ष	3.9	78
सिफारिशें	3.10	78
अध्याय 4		
श्रम विभाग		
भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण पर निष्पादन लेखापरीक्षा		
प्रस्तावना	4.1	79
हरियाणा में कार्यात्मक व्यवस्था	4.2	79-80
लेखापरीक्षा उद्देश्य	4.3	80
लेखापरीक्षा मानदंड	4.4	81
लेखापरीक्षा क्षेत्र और नमूनाकरण पद्धति	4.5	81-82
अभिस्वीकृति	4.6	82
प्राप्तियां एवं व्यय	4.7	82-84
राज्य सलाहकार समिति और बोर्ड की बैठकों का कम होना/न होना	4.8	84-85
प्रतिष्ठानों का पंजीकरण	4.9	85-88
अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण	4.10	88-92
उपकर के निर्धारण एवं संग्रहण का अवलोकन	4.11	92-93

विवरण	संदर्भ	
	अनुच्छेद	पृष्ठ
उपकर संग्रहण	4.12	94-97
प्रतिष्ठानों का निरीक्षण	4.13	97-99
दुर्घटना के मामलों का निरीक्षण	4.14	99-102
चयनित प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण	4.15	102-104
बोर्ड द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन	4.16	104-107
लाभ संवितरण के संबंध में परिणाम	4.17	107-109
निर्माण श्रमिकों का सर्वेक्षण	4.18	109-110
निष्कर्ष	4.19	111
सिफारिशें	4.20	111-112
अध्याय 5		
विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा		
कार्यों के दायरे में वृद्धि और परिवर्तन		
प्रस्तावना	5.1	113
लेखापरीक्षा क्षेत्र एवं कार्यप्रणाली	5.2	113-114
लेखापरीक्षा उद्देश्य	5.3	115
लेखापरीक्षा मानदंड	5.4	115
कार्यों के दायरे में वृद्धि	5.5	115-135
कार्य के दायरे में कमी/परिवर्तन	5.6	135-136
उच्च दरें प्रदान कर ठेकेदार को अनुचित लाभ	5.7	137-138
वृद्धि का प्रभाव	5.8	138-139
आंतरिक नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग प्रणाली	5.9	140-141
निष्कर्ष	5.10	141-142
सिफारिशें	5.11	142
अध्याय 6		
अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां (विभाग)		
महिला एवं बाल विकास विभाग		
"आपकी बेटी हमारी बेटी योजना" के अंतर्गत जीवन बीमा निगम को प्रीमियम का अतिरिक्त भुगतान	6.1	143-144

विवरण	संदर्भ	
	अनुच्छेद	पृष्ठ
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग		
गैर-कार्यात्मक रेस्तरां पर निष्फल व्यय	6.2	145-146
निधियों को विलंब से जमा करने के कारण परिहार्य व्यय	6.3	147-149
शहरी संपदा विभाग		
भू-स्वामियों को उनकी अधिगृहीत भूमि के लिए मुआवजे का अधिक भुगतान	6.4	149-151
वृद्धित मुआवजे के भुगतान में देरी के कारण दंडात्मक ब्याज का परिहार्य भुगतान	6.5	151-153
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण		
सीवरेज प्रभारों की अवसूली और पानी की खपत के लिए गलत टैरिफ दरें लागू करना	6.6	153-156
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग		
किए गए अतिरिक्त कार्य के दावे को अनियमित रूप से अस्वीकार करने के कारण परिहार्य हानि	6.7	156-157
अध्याय 7		
अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)		
हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम		
मूल्य में भूमि वृद्धि लागत को शामिल न करने के कारण हानि	7.1	159-161
ब्याज का परिहार्य भुगतान	7.2	161-162
फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड		
ई-शौचालयों पर व्यर्थ व्यय	7.3	162-165
हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड		
व्यवहार्यता अध्ययन किए बिना खुदरा शराब की दुकानें खोलने के कारण हानि	7.4	165-167

परिशिष्ट

परिशिष्ट	विवरण	संदर्भ	
		अनुच्छेद	पृष्ठ
1.1	विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों के विवरण	1.1	169-170
1.2	बकाया अनुच्छेदों की श्रेणीवार राशि के विवरण दर्शाने वाली विवरणी	1.6	171
1.3	उन अनुच्छेदों की सूची जिनमें वसूली को इंगित किया गया है लेकिन 31 मार्च 2024 तक प्रशासनिक विभागों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है	1.7.2	172-173
1.4	31 मार्च 2024 तक लोक लेखा समिति और लोक उपक्रम समिति की रिपोर्टों की सूची और नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन पर लंबित सिफारिशों की संख्या	1.7.3	174
1.5	31 मार्च 2024 तक नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों पर लोक लेखा समिति और लोक उपक्रम समिति की विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार लंबित सिफारिशें	1.7.3	175-176
2.1	विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के प्रबंधन को नियंत्रित करने वाला विनियामक ढांचा	2.1.3	177
2.2	संगठनात्मक संरचना	2.1.4	178
2.3	चयनित 18 शहरी स्थानीय निकायों की सूची	2.4	179
2.4	समूह आवास या वाणिज्यिक, संस्थागत या किसी अन्य गैर-आवासीय परिसर, जिसमें 200 से अधिक आवास हों या जिसका प्लॉट क्षेत्रफल 5,000 वर्ग मीटर से अधिक हो, के लिए विकास योजना में अलग स्थान के सीमांकन की स्थिति दर्शाने वाली विवरणी	2.6.4	180
2.5	नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम बनाने को दर्शाने वाली विवरणी	2.6.6	181
2.6	नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सेवा स्तर मानकों की प्राप्ति की स्थिति	2.6.9	182-183
2.7	नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में स्रोत पर पृथक्करण की प्रतिशतता और घर-घर जाकर संग्रहण की प्रतिशतता दर्शाने वाली विवरणी	2.7.1 एवं 2.7.5	184
2.8	नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं (एम.आर.एफ.) की स्थिति	2.7.6	185
2.9	नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की स्थिति	2.7.7	186
2.10	नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों में वाहनों की स्थिति	2.7.9	187
2.11	नमूना-जांच किए गए 13 शहरी स्थानीय निकायों में डंप स्थल पर सुविधाओं की स्थिति	2.7.11.1	188
2.12	हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण न करने के कारण "प्रदूषणकर्ता भुगतान सिद्धांत" के आधार पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर्शाने वाली विवरणी	2.7.11.3	189-190

परिशिष्ट	विवरण	संदर्भ	
		अनुच्छेद	पृष्ठ
2.13	नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में लीगेसी अपशिष्ट की स्थिति	2.7.12	191
2.14	नमूना-जांच किए गए 16 शहरी स्थानीय निकायों में जारी किए गए चालानों की स्थिति	2.7.16.1	192
2.15	हरियाणा में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए गठित क्लस्टरों का विवरण	2.8.1	193
3.1	गेहूं की खरीद में शामिल एजेंसियां और उनके मुख्य कार्य	3.1.1	194
3.2	मंडी के बाहर तौल के बाद मंडी परिसर में भंडारित गेहूं पर अधिक व्यय दर्शाने वाली विवरणी	3.4.4	195-196
3.3	राज्य खरीद एजेंसियों (खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग (एफएसडी), हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) और हरियाणा राज्य भंडारण निगम (एचएसडब्ल्यूसी)) के बीच क्षतिग्रस्त गेहूं की नीलामी दरों के बीच अंतर दर्शाने वाली विवरणी	3.5.1.1	197
3.4	आकस्मिक व्ययों का संक्षिप्त विवरण तथा निर्धारण की विधि	3.6.1	198
4.1	चयनित 12 मंडलों में 60 निर्माण स्थलों के प्रतिष्ठानों का पंजीकरण न कराना	4.9.1	199-202
4.2	जांच के लिए चयनित दुर्घटना स्थलों की सूची	4.14	203
4.3	चयनित पंजीकृत/अपंजीकृत/आकस्मिक प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण	4.15	204-206
4.4	कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या/संवितरित लाभों का जिलावार विवरण	4.16	207
4.5	पंजीकृत श्रमिकों का सर्वेक्षण	4.18.1	208
4.6	अपंजीकृत श्रमिकों का सर्वेक्षण	4.18.2	209
5.1	नमूना-जांच किए गए कार्यों का विभाग/इकाई-वार विवरण दर्शाने वाली विवरणी जहां कार्य के क्षेत्र में वृद्धि/भिन्नता 20 प्रतिशत से अधिक थी	5.2	210-215
5.2	उन कार्यों की सूची जिनमें कार्यों की मदों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के कारण निष्पादन के दौरान बदलाव किए गए थे	5.2 एवं 5.6	216-217
5.3	उन कार्यों की सूची जिनमें सक्षम प्राधिकारी से वृद्धि अनुमोदित कराए बिना व्यय किया गया था	5.5 एवं 5.9.1	218
5.4	उन कार्यों की सूची जिनमें कार्य के निष्पादन के दौरान विभिन्न मदों की मात्रा में परिवर्तन के कारण भिन्नताएं उत्पन्न हुई	5.6 (ii)	219
5.5	उन कार्यों का विवरण जिनमें अनुबंध में वृद्धि और भिन्नता के कारण समय और लागत में वृद्धि हुई	5.8.2	220
6.1	कुल लाभार्थियों और एकल लाभार्थी को एकाधिक भुगतान के विवरण	6.1	221-222
6.2	गुरुग्राम में भू-स्वामियों को परिहार्य ब्याज के भुगतान के मामले	6.5	223
6.3	फरीदाबाद में भू-स्वामियों को परिहार्य ब्याज के भुगतान के मामले	6.5	224-228

प्राक्कथन

मार्च 2022 को समाप्त अवधि का यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत हरियाणा राज्य के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

इस प्रतिवेदन में हरियाणा सरकार के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों की निष्पादन लेखापरीक्षा और अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में वे प्रकरण, जो वर्ष 2021-22 के दौरान नमूना-लेखापरीक्षा के दौरान ध्यान में आये थे तथा वे, जो पूर्ववर्ती वर्षों में ध्यान में तो आए थे परन्तु पूर्ववर्ती प्रतिवेदनों में सम्मिलित नहीं किए जा सके थे, उल्लिखित हैं; 2021-22 की अनुवर्ती अवधि से संबंधित मामले भी, जहां आवश्यक समझे गए, शामिल किए गए हैं।

लेखापरीक्षा, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षण मानकों के अनुरूप की गई है।

संक्षिप्त अवलोकन

संक्षिप्त अवलोकन

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन हरियाणा सरकार के सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की निष्पादन लेखापरीक्षा और अनुपालन लेखापरीक्षा से उत्पन्न मामलों से संबंधित है। प्रतिवेदन में तीन निष्पादन लेखापरीक्षा, एक विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा और 11 अनुच्छेद शामिल हैं जिसकी मनी वैल्यू ₹ 1,557.06 करोड़ है।

अध्याय 1: प्रस्तावना

2021-22 के दौरान ₹ 2,15,039 करोड़ के कुल बजट परिव्यय के विरूद्ध संसाधनों का उपयोग ₹ 1,92,584 करोड़ था। 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान राज्य का कुल व्यय[1] 25 प्रतिशत बढ़कर ₹ 88,190 करोड़ से ₹ 1,10,437 करोड़ हो गया, जबकि इसी अवधि के दौरान राजस्व व्यय 34 प्रतिशत बढ़कर ₹ 73,257 करोड़ से ₹ 98,425 करोड़ और पूंजीगत व्यय 18 प्रतिशत कम होकर ₹ 13,538 करोड़ से ₹ 11,046 करोड़ हो गया। 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान राजस्व व्यय कुल व्यय का 82 से 93 प्रतिशत रहा जबकि पूंजीगत व्यय छः से 17 प्रतिशत था।

(अनुच्छेद 1.3)

2021-22 के दौरान, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के एक अधीनस्थ संगठन के रूप में प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हरियाणा के कार्यालय द्वारा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 13 के अंतर्गत 53 विभागों की 950 विभागीय लेखापरीक्षित इकाइयों, धारा 19(1), धारा 19(2) के अंतर्गत 37 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 23 लेखापरीक्षित इकाइयों और धारा 14, 19(2), 19(3) एवं 20(1) के अंतर्गत 38 स्वायत्त निकायों की 35 लेखापरीक्षित इकाइयों की अनुपालन लेखापरीक्षा की गई थी।

(अनुच्छेद 1.4)

निष्पादन लेखापरीक्षा

अध्याय 2: शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

'शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' पर 2017-18 से 2021-22 की अवधि के लिए एक निष्पादन लेखापरीक्षा की गई, ताकि यह आकलन किया जा सके कि क्या नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन प्रभावी, कुशल और किफायती था। लेखापरीक्षा में शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और चयनित 18 शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित अभिलेखों की जांच शामिल थी। कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष और सिफारिशें इस प्रकार हैं:

- राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की नीति और रणनीति को 15 माह की देरी से

[1] राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय तथा संवितरित ऋण एवं अग्रिम का योग।

अनुमोदन दिया और वह भी विभिन्न हितधारकों से परामर्श किए बिना। इसके अलावा, नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी कोई अल्पकालिक या दीर्घकालिक योजना तैयार नहीं की थी। इन योजनाओं के अभाव में, शहरी स्थानीय निकायों में अवसंरचना परियोजनाओं की योजना और चयन आवश्यकता विश्लेषण पर आधारित नहीं था।

- लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए तीन शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, सोनीपत और शाहबाद) ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के गैर-अनुपालन के लिए दंडात्मक प्रावधानों वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों को अधिसूचित नहीं किया था। नमूना-जांच किए गए शेष 15 शहरी स्थानीय निकायों ने देरी से उपनियम अधिसूचित किए। वर्ष 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर किए गए आवर्ती व्यय की तुलना में उपयोगकर्ता प्रभारों के संग्रहण की प्रतिशतता 0.37 और 3.38 प्रतिशत के बीच रही। इसके अतिरिक्त, नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को स्व-निर्भर गतिविधि बनाने के लिए उपयोगकर्ता प्रभारों को संशोधित नहीं किया।
- वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा स्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण एवं संग्रहण क्रमशः 70 प्रतिशत एवं 98 प्रतिशत बताया गया, हालांकि, लेखापरीक्षा ने नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में पाया कि उन्होंने एकत्रित अपशिष्ट का दिन/माहवार डेटा नहीं रखा था। लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान किए गए डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सकी क्योंकि रिपोर्ट किए गए डेटा तक पहुंचने के लिए अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं की गई थी। वर्ष 2017-22 के दौरान, उत्पन्न कुल अपशिष्ट 103.58 लाख टन बताया गया था, जिसमें से 64.86 लाख टन अपशिष्ट (63 प्रतिशत) बिना किसी प्रसंस्करण के डंपसाइटों पर फेंक दिया गया था।
- वर्ष 2021-22 के दौरान 77 डंपसाइटें ऐसी थी, जहां शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लिए बिना अपशिष्ट फेंक रहे थे। इसके अलावा, 29 डंपसाइटों के संबंध में जैविक उपचार का कार्य नहीं दिया गया और 48.77 लाख मीट्रिक टन (48 प्रतिशत) लीगेसी अपशिष्ट डंपसाइट पर अप्रसंस्कृत पड़ा हुआ था (अप्रैल 2023)।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अधिसूचना के सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना अब तक (मार्च 2023) केवल एक क्लस्टर (सोनीपत-पानीपत) में ही संचालित की जा सकी है। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि फरीदाबाद-गुरुग्राम क्लस्टर का अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र अब तक (अक्तूबर 2024) पूरा नहीं हो सका, क्योंकि रियायतग्राही बंधवाड़ी लैंडफिल साइटों पर जमा अपशिष्ट को साफ/प्रबंधित करने में विफल रहा। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय/नगर निगम, गुरुग्राम ने नवंबर 2021 से मार्च 2022 तक परियोजना के कार्यान्वयन में देरी के लिए ₹ 4.92 करोड़ का परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति नहीं लगाई थी। इसके अलावा, नगर निगम, गुरुग्राम और नगर निगम, फरीदाबाद को परियोजना के निर्धारित समय पर लागू न होने के कारण उच्च टिपिंग/परिवहन प्रभारों के भुगतान के कारण ₹ 108.93 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार

उठाना पड़ा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने बंधवाड़ी साइट पर लीगेसी अपशिष्ट का जैविक उपचार न करने के लिए नगर निगम, गुरुग्राम पर ₹ 100 करोड़ का जुर्माना भी लगाया।

सिफारिशें:

- *राज्य सरकार और शहरी स्थानीय निकाय संसाधन अंतराल को दूर करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों की स्व-निर्भरता के लिए प्रयास करने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता फीस के संग्रहण के लिए उपयुक्त तंत्र विकसित करें।*
- *राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकायों को समयबद्ध ढंग से पर्याप्त संख्या में सेनिटरी भूमिभरण स्थल स्थापित करने तथा शेष लीगेसी अपशिष्ट का जैविक उपचार करने के निर्देश दे।*
- *हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिना प्राधिकार के अपशिष्ट का निपटान करने पर शहरी स्थानीय निकायों के विरूद्ध कार्रवाई करे।*
- *राज्य सरकार शेष क्लस्टरों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तीव्रता लाए तथा रियायत करार में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार प्रसंस्करण संयंत्रों का संचालन सुनिश्चित करे।*

अध्याय 3: गेहूं की खरीद, भंडारण और भारतीय खाद्य निगम को सुपुर्दगी

'गेहूं की खरीद, भंडारण और भारतीय खाद्य निगम को सुपुर्दगी' पर निष्पादन लेखापरीक्षा नवंबर 2022 से सितंबर 2023 तक की गई, जिसमें अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक (रबी विपणन सीजन 2017 से रबी विपणन सीजन 2021) की अवधि को शामिल किया गया। निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड और अन्य राज्य खरीद एजेंसियों के कार्यालयों में अभिलेखों की जांच की गई।

कुल 22 जिलों में से आठ जिलों और इन आठ जिलों की मंडियों का विस्तृत जांच के लिए चयन किया गया। कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष और सिफारिशें इस प्रकार हैं:

- लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच की गई कुछ मंडियों में बुनियादी सुविधाओं जैसे तौल कांटे, अग्निशमन व्यवस्था, किसान विश्राम गृह, कैंटीन आदि की उपलब्धता पर्याप्त नहीं थी। कुछ मंडियों में तौल कांटे की अनुपलब्धता के कारण, हैफेड द्वारा मंडी के बाहर स्थित तौल कांटों तक गेहूं के परिवहन पर ₹ 2.93 करोड़ का परिहार्य व्यय किया गया।
- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने गेहूं की खरीद के लिए उच्च ब्याज दरों पर निधियों की व्यवस्था की थी, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 222.24 करोड़ का अतिरिक्त ब्याज भार पड़ा। चूंकि खरीद प्रक्रिया में शामिल गतिविधियों के लिए समय-सीमा तय नहीं थी, इसलिए किसानों को भुगतान में देरी हुई। इसके अलावा, बड़ी मात्रा में गेहूं को ओपन प्लिंथ किराए पर लेकर अवैज्ञानिक तरीके से भंडारित किया गया, जिससे गेहूं का स्टॉक क्षतिग्रस्त हो गया।
- राज्य सरकार ने रबी विपणन सीजन 2020-21 के लिए कमीशन एजेंटों (मंडियों में आढ़तियों) को ₹ 48.12 प्रति क्विंटल की दर से कमीशन का भुगतान किया, जबकि

भारतीय खाद्य निगम ने ₹ 46 प्रति क्विंटल कमीशन तय किया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य खरीद एजेंसियों को ₹ 14.27 करोड़ की हानि हुई। इसके अलावा, कवर्ड गोदामों के लिए संरक्षण एवं रखरखाव प्रभार को अनंतिम लागत शीट में शामिल न किए जाने के कारण राज्य खरीद एजेंसियों को ₹ 90.30 करोड़ की हानि हुई। इसके अतिरिक्त, रबी विपणन सीजन 2018-19 तथा इसके बाद लागत शीट को राज्य सरकार द्वारा अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

सिफारिशें:

- *राज्य सरकार द्वारा मंडियों में किसानों के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं जैसे तौल कांटे, अग्निशमन व्यवस्था, किसान विश्राम गृह, कैंटीन तथा बैंक उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।*
- *राज्य सरकार द्वारा गेहूं खरीद प्रक्रिया के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण लेने के विकल्पों की व्यवहार्यता पर विचार किया जाना चाहिए।*
- *राज्य सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम को समय पर दावे प्रस्तुत करने के लिए खाद्यान्न खरीद से संबंधित वार्षिक लेखों को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अंतिम रूप देने में तीव्रता लानी चाहिए।*

अध्याय 4: भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों का कल्याण

'भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण' पर निष्पादन लेखापरीक्षा 2017-18 से 2021-22 तक पांच वर्षों की अवधि में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बोर्ड) की गतिविधियों को शामिल करते हुए की गई थी। कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष और सिफारिशें इस प्रकार हैं:

- यद्यपि 2017-18 से 2022-23 के दौरान श्रम उपकर संग्रह ₹ 2,153.11 करोड़ था, बोर्ड ने 2017-18 से 2022-23 के दौरान कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर कुल उपलब्ध निधियों (अर्थात ₹ 5,553.71 करोड़) में से केवल ₹ 1,656.78 करोड़ (29.83 प्रतिशत) का उपयोग किया। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने आयकर अधिनियम की धारा 10 (46) के अंतर्गत कर छूट के लिए समय पर आवेदन नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 713.25 करोड़ की आयकर देयता हो गई।
- लेखापरीक्षा में प्रशासनिक मामलों में कमियां पाई गई, जैसे वार्षिक रिपोर्ट तैयार न करना, राज्य सलाहकार समिति की बैठक न बुलाना तथा बोर्ड की बैठकों में कमी।
- श्रम विभाग और अन्य कार्य निष्पादन विभागों के साथ भवन योजनाओं के लिए उत्तरदायी प्राधिकारियों के बीच समन्वय की कमी के कारण बड़ी संख्या में निर्माण कार्य पंजीकृत नहीं किए गए। निरीक्षण और अपंजीकृत प्रतिष्ठानों को नोटिस देने के बाद भी प्रतिष्ठानों का पंजीकरण नहीं करवाया गया था।
- पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित न किए जाने के कारण निर्माण श्रमिकों को लाभ प्रदान करने का बोर्ड का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका,

क्योंकि श्रमिकों को इन योजनाओं की जानकारी ही नहीं थी और वे अपंजीकृत रह गए। इसके अतिरिक्त, लंबित आवेदनों पर विभाग की निष्क्रियता के कारण संभावित लाभार्थी भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए।

- लेखापरीक्षा में अग्रिम उपकर के कम संग्रह के मामले पाए गए। इसके अतिरिक्त, मिलान प्रणाली की कमी के कारण बोर्ड और अन्य विभागों द्वारा दिए गए आंकड़ों में विसंगतियां थी।
- निरीक्षण के बाद की प्रक्रिया में अनुपालन रिपोर्टों की अपर्याप्त जांच के साथ-साथ इन अनुपालन रिपोर्टों पर उचित अनुवर्ती कार्रवाई का अभाव भी पाया गया। वितरित लाभों की संख्या और पंजीकृत प्रतिष्ठानों की संख्या के बीच कोई सह-संबंध नहीं था। इसके अतिरिक्त, बोर्ड के अधिकारियों ने आवेदनों और दस्तावेजों में दिए गए विवरणों का उचित सत्यापन नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप अपात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किए गए।

सिफारिशें:

- *विभाग/बोर्ड, निर्माण कार्यों के पंजीकरण के लिए कार्य निष्पादन विभागों और भवन योजना को अनुमोदित करने वाले प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करे और श्रमिकों के पंजीकरण के लिए निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करे।*
- *बोर्ड, श्रमिकों के पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता के लिए नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करे।*
- *विभाग/बोर्ड, प्रतिष्ठान-वार उपकर के उपार्जन एवं प्राप्ति की निगरानी के लिए एक तंत्र विकसित करे।*
- *विभाग/बोर्ड, निरीक्षण के दौरान पाए गए उल्लंघनों के संबंध में प्रतिष्ठानों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र विकसित करे तथा निरीक्षण मामलों में पाए गए विचलन के संबंध में उचित कार्रवाई न करने के लिए दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों का उत्तरदायित्व तय करने पर विचार करे।*

विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय 5: कार्यों के दायरे में वृद्धि और परिवर्तन

'कार्यों के दायरे में वृद्धि और परिवर्तन' नामक विषय विशिष्ट लेखापरीक्षा नौ सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में नमूना-जांच द्वारा की गई थी, जहां 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई थी। कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

- 14 मामलों में सक्षम प्राधिकारी से वृद्धि की स्वीकृति लिए बिना ही ₹ 108.91 करोड़ के अनुबंध राशि के विरुद्ध ₹ 255.70 करोड़ का भुगतान किया गया था।
- लेखापरीक्षा ने पाया कि विस्तृत अनुमान तैयार करते समय निर्माण स्थल की परिस्थितियों का दोषपूर्ण आकलन, कार्य आबंटन के बाद नई मदों/संरचना को जोड़ने, कार्य आबंटन के बाद विनिर्देशों में परिवर्तन, ठेकेदार को कार्य आबंटन से पहले कार्य के दायरे को अंतिम रूप न देने और जन प्रतिनिधियों की मांग के कारण विनिर्देशों में परिवर्तन/परिवर्धन के कारण कार्यों

में संवर्धन हुआ। नमूना-जांच किए गए सभी मामलों में, संशोधित अनुमान प्रस्तुत किए बिना और संशोधित प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त किए बिना ही कार्य निष्पादित किए गए और भुगतान किए गए थे।

- जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के कुछ मंडलों में, ई-निविदा से बचने के लिए प्रारंभिक निविदा राशि ₹ एक लाख से कम रखी गई थी और बाद में इसे बढ़ा दिया गया था। यह पाया गया कि ₹ 77.89 करोड़ की अनुबंध राशि के विरुद्ध ₹ 178.13 करोड़ का भुगतान करने के बाद भी पांच परियोजनाएं अधूरी पड़ी थी। 13 मामलों में कार्य पूर्ण करने में 4 से 45 माह तक का विलंब था। उच्च दरों पर भुगतान कर ठेकेदारों को ₹ 73.73 करोड़ का अनुचित लाभ दिया गया, जिसमें से लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने के बाद ₹ 6.64 करोड़ की वसूली कर ली गई थी। इसके अतिरिक्त, अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए कार्य पूरा होने से पहले ही दो ठेकेदारों को ₹ 16.80 करोड़ की प्रतिधारण राशि वापस कर दी गई थी।

अनुपालन लेखापरीक्षा

अध्याय 6: अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां (विभाग)

महिला एवं बाल विकास विभाग में आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तंत्र में स्वीकृति के लिए आवेदनों के चयन और निधियों की संस्वीकृति की प्रक्रिया के दौरान, दोहरे आवेदनों को पहचानने और हटाने की व्यवस्था न होने के कारण जीवन बीमा निगम को ₹ 15.54 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान हुआ।

(अनुच्छेद 6.1)

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा हथिनीकुंड बैराज पर रेस्ट हाउस के निकट रेस्तरां के निर्माण पर किया गया ₹ 1.74 करोड़ का व्यय उपयोग हेतु सुदृढ़ योजना न होने कारण निष्फल रहा।

(अनुच्छेद 6.2)

भू-स्वामियों को वृद्धित मुआवजे का भुगतान करने में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उदासीन दृष्टिकोण के कारण भुगतान में 1,593 दिनों की अत्यधिक देरी हुई, जिसके कारण ₹ 2.07 करोड़ का परिहार्य ब्याज भार पड़ा।

(अनुच्छेद 6.3)

भूमि मुआवजे के अवार्ड में प्रकाशित भूमि के त्रुटिपूर्ण माप के कारण भू-स्वामियों को ₹ 3.42 करोड़ मुआवजे का अधिक भुगतान हुआ। शहरी संपदा विभाग ₹ 3.25 करोड़ के ब्याज सहित अधिक भुगतान की गई राशि वसूलने में विफल रहा था।

(अनुच्छेद 6.4)

गुरुग्राम और फरीदाबाद में विभिन्न न्यायालयों के निर्णयानुसार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा वृद्धित मुआवजे के भुगतान में देरी के कारण वृद्धित मुआवजे पर ₹ 83.04 करोड़ की दंडात्मक ब्याज राशि का परिहार्य उद्ग्रहण हुआ।

(अनुच्छेद 6.5)

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अप्रैल 2018 से मार्च 2022 के दौरान सीवरेज बिल जारी न करने (₹ 15.08 करोड़) और पानी की गलत टैरिफ दरें लागू करने (₹ 17.59 करोड़) के कारण ₹ 32.67 करोड़ वसूल करने में विफल रहा।

(अनुच्छेद 6.6)

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किए गए अतिरिक्त कार्य के दावे को अनियमित रूप से अस्वीकार करने के कारण अनावश्यक मुकदमेबाजी हुई और परिणामस्वरूप, राज्य के खजाने को ₹ 86.49 लाख की परिहार्य हानि हुई।

(अनुच्छेद 6.7)

अध्याय 7: अनुपालन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम ने लिथियम-आयन बैटरी के विनिर्माण के लिए एक प्राइवेट कंपनी को औद्योगिक मॉडल टाउनशिप, सोहना में लगभग 179 एकड़ भूमि का एक प्लॉट आबंटित किया। कंपनी ने जुलाई 2020 में नियमित आबंटन-पत्र जारी करते समय ₹ 58.71 करोड़ का आनुपातिक वृद्धि मुआवजा शामिल नहीं किया, जैसा कि संपदा प्रबंधन प्रक्रिया-2015 की क्लॉज 2.4 के अंतर्गत अपेक्षित था। परिणामस्वरूप, कंपनी ने आबंटी इकाई को वृद्धि लागत अंतरित नहीं की और भूमि वृद्धि लागत को शामिल न करने के कारण ₹ 9.76 करोड़ कम प्रभारित किया गया।

(अनुच्छेद 7.1)

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम द्वारा आयकर रिटर्न फाइल करने में लापरवाही के कारण ₹ 5.06 करोड़ के ब्याज का परिहार्य भुगतान करना पड़ा।

(अनुच्छेद 7.2)

फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दोषपूर्ण अनुबंध प्रबंधन और 10 ई-शौचालयों के खराब संचालन एवं रखरखाव के कारण ₹ 1.34 करोड़ का व्यर्थ व्यय किया।

(अनुच्छेद 7.3)

हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड को किसी व्यवहार्यता अध्ययन के बिना गुरुग्राम में खुदरा शराब की दुकानें खोलने के कारण ₹ 6.99 करोड़ की परिहार्य हानि हुई।

(अनुच्छेद 7.4)

अध्याय 1

प्रस्तावना

अध्याय 1

प्रस्तावना

1.1 प्रतिवेदन के बारे में

हरियाणा सरकार के अधीन 53 विभाग, 37 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तथा 38 स्वायत्त निकाय क्रियाशील हैं, जैसा कि ***परिशिष्ट 1.1*** में वर्णित है। इस प्रतिवेदन में राज्य के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों की अनुपालन लेखापरीक्षा से उत्पन्न हुए मामलों को सम्मिलित किया गया है। अनुपालन लेखापरीक्षा का तात्पर्य लेखापरीक्षित संस्थाओं के व्यय और राजस्व की जांच से है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या लागू कानूनों के प्रावधानों, नियमों और उनके अधीन बनाए गए विनियमों तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी विभिन्न आदेशों और निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को राज्य विधानमंडल के ध्यान में लाना है। लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार रिपोर्टिंग के लिए भौतिकता का स्तर लेनदेन की प्रकृति, मात्रा और परिमाण के अनुरूप होना चाहिए। लेखापरीक्षा के परिणामों से कार्यपालिका को सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा नीतियों एवं निर्देशों को तैयार करने में सक्षम बनाने की अपेक्षा की जाती है जिससे संगठनों की परिचालन दक्षता और वित्तीय प्रबंधन में सुधार होगा, तथा इस प्रकार बेहतर शासन में योगदान मिलेगा।

यह अध्याय लेखापरीक्षा के प्राधिकार, लेखापरीक्षा की योजना और सीमा तथा लेखापरीक्षा के प्रति सरकार की जवाबदेही की व्याख्या करता है। अध्याय 2, 3 और 4 में निष्पादन लेखापरीक्षा, अध्याय 5 में विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा की टिप्पणियां, अध्याय 6 में सरकारी विभागों की अनुपालन लेखापरीक्षा से उत्पन्न टिप्पणियां और अध्याय 7 में राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अनुपालन लेखापरीक्षा से उत्पन्न टिप्पणियां शामिल हैं।

1.2 बजट प्रोफाइल

वर्ष 2017-22 के दौरान राज्य सरकार के बजट अनुमानों तथा वास्तविक व्यय की स्थिति ***तालिका 1.1*** में दी गई है।

तालिका 1.1: 2017-22 के दौरान राज्य का बजट तथा वास्तविक व्यय

(₹ करोड़ में)

व्यय	2017-18		2018-19		2019-20		2020-21		2021-22	
	बजट अनुमान	वास्तविक	बजट अनुमान	वास्तविक	बजट अनुमान	वास्तविक	बजट अनुमान	वास्तविक	बजट अनुमान	वास्तविक
(1) राजस्व व्यय										
सामान्य सेवाएं	24,379	26,699	29,788	28,169	35,358	31,884	37,228	34,734	39,680	37,948
सामाजिक सेवाएं	31,404	28,061	34,176	29,743	36,114	33,726	43,090	36,164	43,293	40,928
आर्थिक सेवाएं	23,752	18,107	20,916	19,022	22,770	19,238	25,020	19,048	33,954	19,549
सहायता अनुदान एवं अंशदान	401	390	306	222	0	0	0	0	0	0
कुल (1)	**79,936**	**73,257**	**85,186**	**77,156**	**94,242**	**84,848**	**1,05,338**	**89,946**	**1,16,927**	**98,425**
पूंजीगत व्यय	11,122	13,538	15,780	15,306	16,260	17,666	13,201	5,870	9,318	11,046
संवितरित ऋण एवं अग्रिम	1,326	1,395	1,766	756	1,407	1,309	1,213	926	1,239	966
लोक ऋण का भुगतान	9,945	6,339	12,466	17,184	20,257	15,776	22,592	29,498	28,161	25,473
आकस्मिक निधि	-	27	-	13	-	-	-	-	-	-
आकस्मिकता निधि का विनियोग	-	-	-	-	-	-	-	800	-	-
लोक लेखा संवितरण	2,04,107	31,171	2,32,569	37,386	1,41,707	42,171	51,356	50,245	59,394	51,728
अंतिम नकद शेष	-	4,417	-	2,985	-	3,999	-	3,148	-	4,946
कुल (2)	**2,26,500**	**56,887**	**2,62,581**	**73,630**	**1,79,631**	**80,921**	**88,362**	**90,487**	**98,112**	**94,159**
कुल योग (1+2)	**3,06,436**	**1,30,144**	**3,47,767**	**1,50,786**	**2,73,873**	**1,65,769**	**1,93,700**	**1,80,433**	**2,15,039**	**1,92,584**

स्रोतः राज्य सरकार के बजट की वार्षिक वित्तीय विवरणियां एवं स्पष्टीकरण ज्ञापन।

1.3 राज्य सरकार के संसाधनों का अनुप्रयोग

2021-22 के दौरान ₹ 2,15,039 करोड़ के कुल बजट परिव्यय के विरूद्ध संसाधनों का उपयोग ₹ 1,92,584 करोड़ था। 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान राज्य का कुल व्यय[1] 25 प्रतिशत बढ़कर ₹ 88,190 करोड़[2] से ₹ 1,10,437 करोड़[3] हो गया, जबकि इसी अवधि के दौरान राजस्व व्यय 34 प्रतिशत बढ़कर ₹ 73,257 करोड़ से ₹ 98,425 करोड़ और पूंजीगत व्यय 18 प्रतिशत कम होकर ₹ 13,538 करोड़ से ₹ 11,046 करोड़ हो गया। 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान राजस्व व्यय कुल व्यय का 82 से 93 प्रतिशत रहा जबकि पूंजीगत व्यय छः से 17 प्रतिशत था।

---

1 राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय तथा संवितरित ऋण एवं अग्रिम का योग।

2 ₹ 88,190 करोड़ = राजस्व व्ययः ₹ 73,257 करोड़ + पूंजीगत व्ययः ₹ 13,538 करोड़ + ऋण एवं अग्रिमः ₹ 1,395 करोड़।

3 ₹ 1,10,437 करोड़ = राजस्व व्ययः ₹ 98,425 करोड़ + पूंजीगत व्ययः ₹ 11,046 करोड़ + ऋण एवं अग्रिमः ₹ 966 करोड़।

1.4 लेखापरीक्षा की योजना तथा संचालन

लेखापरीक्षा प्रक्रिया विभिन्न विभागों, स्वायत्त निकायों और योजनाओं/परियोजनाओं के जोखिम मूल्यांकन के साथ शुरू होती है, जिसमें गतिविधियों की महत्वपूर्णता/जटिलता, प्रत्यायोजित वित्तीय शक्तियों का स्तर, आंतरिक नियंत्रण, हितधारकों की अपेक्षाओं तथा पिछले लेखापरीक्षा परिणामों का आकलन शामिल किया जाता है। जोखिम मूल्यांकन के आधार पर, लेखापरीक्षा की आवृत्ति तथा सीमा तय की जाती है, तथा एक वार्षिक लेखापरीक्षा योजना तैयार की जाती है।

लेखापरीक्षा की समाप्ति के पश्चात, लेखापरीक्षा परिणामों से समाविष्ट एक निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय के अध्यक्ष को चार सप्ताह के अंदर उत्तर प्रस्तुत करने के आग्रह के साथ जारी किया जाता है। जब कभी उत्तर प्राप्त होते हैं, लेखापरीक्षा परिणामों का या तो निपटान किया जाता है अथवा अनुपालन के लिए आगामी कार्रवाई करने का सुझाव दिया जाता है। इन निरीक्षण प्रतिवेदनों में उल्लिखित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों को भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत हरियाणा के राज्यपाल को प्रस्तुत किए जाने होते हैं, में शामिल करने के लिए तैयार किया जाता है।

2021-22 के दौरान, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के एक अधीनस्थ संगठन के रूप में प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हरियाणा के कार्यालय द्वारा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 13 के अंतर्गत 53 विभागों की 950 विभागीय लेखापरीक्षित इकाइयों, धारा 19(1), धारा 19(2) के अंतर्गत 37 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 23 लेखापरीक्षित इकाइयों और धारा 14, 19(2), 19(3) एवं 20(1) के अंतर्गत 38 स्वायत्त निकायों की 35 लेखापरीक्षित इकाइयों की अनुपालन लेखापरीक्षा की गई थी।

1.5 महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियां तथा सरकार के लेखापरीक्षा को उत्तर

पिछले कुछ वर्षों में, लेखापरीक्षा ने विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों के कार्यान्वयन में कई महत्वपूर्ण कमियों, जो विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यक्रमों की सफलता तथा कार्यविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, के साथ-साथ चयनित विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आंतरिक नियंत्रणों की गुणवत्ता पर रिपोर्ट दी है। सुधारात्मक कार्यवाही करने तथा नागरिक सेवाओं में सुधार लाने हेतु कार्यकारिणी/प्रबंधन को उचित सिफारिशें प्रस्तुत करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया था। विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा छः सप्ताह की समय अवधि में भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल करने के लिए प्रस्तावित प्रारूप अनुच्छेदों पर अपनी प्रतिक्रिया भेजनी अपेक्षित है।

इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में तीन निष्पादन लेखापरीक्षा और 12 अनुपालन लेखापरीक्षा अनुच्छेद[4] शामिल हैं, जो संबंधित प्रशासनिक सचिवों को अग्रेषित किए गए थे। तीन अनुपालन लेखापरीक्षा अनुच्छेदों[5] के साथ-साथ तीन निष्पादन लेखापरीक्षाओं के संबंध में एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान

---

[4] एक विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा सहित।

[5] एक विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा (अध्याय 5), अनुच्छेद 6.5 और 7.3

दिए गए उत्तरों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से शामिल कर लिया गया है।

1.6 निरीक्षण प्रतिवेदनों पर सरकार की प्रतिक्रिया

सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के आवधिक निरीक्षणों के बाद प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) द्वारा लेखापरीक्षा किए गए कार्यालयों के अध्यक्षों को निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किए जाते हैं, जिनकी प्रतियां उनके अगले उच्च प्राधिकारी/प्रबंधन को प्रेषित की जाती हैं। कार्यकारी प्राधिकारियों/प्रबंधनों से अपेक्षा की जाती है कि वे बताई गई त्रुटियों तथा चूकों को शीघ्रता से ठीक करें और चार सप्ताह के अंदर प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को अनुपालन रिपोर्ट दें। लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों में लेखापरीक्षा टिप्पणियों की मानीटरिंग तथा अनुपालना को सुविधाजनक बनाने के लिए, छः माह से अधिक लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की अर्ध-वार्षिक रिपोर्टें विभागों के संबंधित प्रशासनिक सचिवों को भेजी जाती हैं।

31 मार्च 2023 तक राज्य में विभिन्न विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों से संबंधित विभिन्न लेखापरीक्षित इकाइयों के विरुद्ध 8,480 निरीक्षण प्रतिवेदनों से संबंधित कुल 24,362 लेखापरीक्षा अनुच्छेद लंबित थे, जैसा कि ***तालिका 1.2*** में विस्तृत रूप से दर्शाया गया है:

तालिका 1.2: लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों तथा अनुच्छेदों का वर्षवार विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	निरीक्षण प्रतिवेदनों की संख्या	अनुच्छेदों की संख्या	धन मूल्य
अप्रैल 2017 से पहले	6,189	14,615	1,08,947.42
2017-18	618	1,917	25,818.84
2018-19	633	2,467	30,469.74
2019-20	483	2,154	12,023.46
2020-21	310	1,590	11,084.71
2021-22	247	1,619	35,062.02
कुल	**8,480**	**24,362**	**2,23,406.19**

स्रोतः प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय के निरीक्षण प्रतिवेदन रजिस्टरों से ली गई सूचना।

मार्च 2023 तक लंबित इन निरीक्षण प्रतिवेदनों के माध्यम से इंगित की गई अनियमितताओं का श्रेणी-वार विवरण ***परिशिष्ट 1.2*** में दिया गया है।

1.7 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई

लोक लेखा समिति और लोक उपक्रम समिति में चर्चा

1.7.1 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन

हरियाणा सरकार, वित्त विभाग द्वारा जारी (अक्तूबर 1995) तथा मार्च 1997 एवं जुलाई 2001 में दोहराए गए अनुदेशों के अनुसार प्रशासनिक विभागों को नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित सभी लेखापरीक्षा अनुच्छेदों पर स्व प्रेरणा से कार्रवाई आरम्भ करनी चाहिए भले ही उन मामलों को लोक लेखा समिति /लोक उपक्रम समिति द्वारा जांच हेतु लिया गया हैं या नहीं। प्रशासनिक विभागों से विधानमंडल को लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के प्रस्तुतीकरण के तीन माह के अंदर उनके द्वारा की गई अथवा की जाने वाली सुधारात्मक

कार्रवाई दर्शाते हुए कृत कार्रवाई टिप्पणियां प्रस्तुत करनी अपेक्षित थी।

2020-24 के दौरान राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किए गए लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों और लोक लेखा समिति /लोक उपक्रम समिति द्वारा चर्चा का विवरण ***तालिका 1.3*** में दिया गया है।

तालिका 1.3: 2020-24 के दौरान राज्य विधानसभा में प्रस्तुत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर चर्चा की स्थिति

क्र. सं.	अनुपालन/निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का नाम	राज्य विधानसभा में लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की तिथि	समिति जिसमें अनुपालन/निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर चर्चा की जानी है	मार्च 2024 तक चर्चा की स्थिति
1.	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सामाजिक, सामान्य और आर्थिक क्षेत्र) पर अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन - 2019 (वर्ष 2020 की प्रतिवेदन संख्या 2)	5 मार्च 2021	लोक उपक्रम समिति	2022-23 और 2023-24 के दौरान चर्चा की गई
2.	अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन - गैर-सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सामाजिक, सामान्य और आर्थिक क्षेत्र) - 2019 (वर्ष 2020 की प्रतिवेदन संख्या 3)	16 मार्च 2021	लोक लेखा समिति	2021-22 के दौरान चर्चा की गई
3.	सामाजिक, सामान्य और आर्थिक क्षेत्रों पर अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन - 2020 (वर्ष 2021 की प्रतिवेदन संख्या 4)	22 दिसंबर 2021	लोक लेखा समिति/ लोक उपक्रम समिति	2022-23 और 2023-24 के दौरान चर्चा की गई
4.	प्रत्यक्ष लाभ अंतरण पर निष्पादन लेखापरीक्षा (वर्ष 2022 की प्रतिवेदन संख्या 2)	8 अगस्त 2022	लोक लेखा समिति	2023-24 के दौरान चर्चा की गई
5.	परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर निष्पादन लेखापरीक्षा (वर्ष 2022 की प्रतिवेदन संख्या 4)	8 अगस्त 2022	लोक लेखा समिति	2023-24 के दौरान चर्चा की गई
6.	हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कार्यप्रणाली पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2022 की प्रतिवेदन संख्या 6)	10 अगस्त 2022	लोक उपक्रम समिति	चर्चा के अधीन
7.	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए ऊर्जा और विद्युत, उद्योग और वाणिज्य तथा शहरी विकास क्लस्टरों की अनुपालन लेखापरीक्षा (वर्ष 2022 की प्रतिवेदन संख्या 7)	10 अगस्त 2022	लोक लेखा समिति[6] तथा लोक उपक्रम समिति[7]	2023-24 के दौरान चर्चा की गई
8.	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन-2 (वर्ष 2023 की प्रतिवेदन संख्या 1)	22 मार्च 2023	लोक लेखा समिति तथा लोक उपक्रम समिति[8]	2023-24 के दौरान चर्चा की गई
9.	ग्रामीण और शहरी जल आपूर्ति योजनाओं पर निष्पादन लेखापरीक्षा (वर्ष 2023 की प्रतिवेदन संख्या 3)	25 अगस्त 2023	लोक लेखा समिति	2024-25 के दौरान चर्चा की गई

मार्च 2024 तक, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कार्यप्रणाली पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2022 की प्रतिवेदन संख्या 6) पर लोक उपक्रम समिति के साथ चर्चा चल रही थी, जिसके लिए कृत कार्रवाई टिप्पणियां अक्तूबर 2023 में प्राप्त हुई थी।

1.7.2 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में उल्लिखित वसूली के लिए कार्रवाई प्रतीक्षित

वर्ष 2000-01 से 2019-20 तक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में 33 लेखापरीक्षा अनुच्छेदों में उल्लिखित ₹ 1,961.17 करोड़ की वसूली के लिए की गई कार्रवाई मार्च 2024 तक प्रतीक्षित थी। लेखापरीक्षा द्वारा उल्लिखित बकाया वसूलियों का विवरण ***परिशिष्ट 1.3*** में दिया गया है। लोक लेखा समिति ने संबंधित विभागों को यह राशि वसूल करने की भी सिफारिश की है।

---

6 अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के तीन अनुच्छेद (4.1, 4.2 और 4.3)।

7 अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के छः अनुच्छेद (2.1 से 2.3 और 3.1 से 3.3)।

8 अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का एक अनुच्छेद (5.17)।

1.7.3 लोक उपक्रम समिति तथा लोक लेखा समिति की रिपोर्टों का अनुपालन

वर्ष 1979-80 से 2023-24 के लिए लोक लेखा समिति की 16वीं से 89वीं रिपोर्ट में शामिल 631 सिफारिशों और वर्ष 1983-84 से 2023-24 के लिए लोक उपक्रम समिति की 16वीं से 70वीं रिपोर्ट में शामिल 259 सिफारिशों पर अंतिम कार्रवाई ***परिशिष्ट 1.4*** में दिए गए विवरण के अनुसार प्रतीक्षित थी। लोक लेखा समिति तथा लोक उपक्रम समिति की लंबित सिफारिशों का विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार विवरण ***परिशिष्ट 1.5*** में दिया गया है।

अध्याय 2

शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा

अध्याय 2

शहरी स्थानीय निकाय विभाग

शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा

2.1 प्रस्तावना

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक गंभीर वैश्विक चुनौती है और इस पर तत्काल ध्यान देने और प्रभावी समाधान की आवश्यकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और उपभोग के बदलते पैटर्न के कारण ठोस अपशिष्ट का उत्पादन चिंताजनक स्तर तक बढ़ गया है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र, जन स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव पड़ रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर अपशिष्ट के प्रतिकूल प्रभावों को न्यूनतम करना है।

2.1.1 अपशिष्ट की परिभाषा और वर्गीकरण

अपशिष्ट[1] वे सामग्रियां हैं जो प्रमुख उत्पाद नहीं हैं (अर्थात् बाजार के लिए उत्पादित उत्पाद) जिनका उत्पादक के पास उत्पादन, परिवर्तन या उपभोग के अपने उद्देश्यों के संदर्भ में कोई उपयोग नहीं है, तथा जिनका वह निपटान करना चाहता है। अपशिष्टों को सामान्यत: उनकी प्रकृति के आधार पर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, बूचड़खाना अपशिष्ट, औद्योगिक अपशिष्ट और खतरनाक अपशिष्ट में वर्गीकृत किया जाता है। उन्हें उनकी विशेषताओं के आधार पर बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल, दहनशील, शुष्क और निष्क्रिय के रूप में भी वर्गीकृत किया जाता है।

2.1.2 अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया

अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया ***चार्ट 2.1*** में दर्शाई गई है।

चार्ट 2.1: अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया

स्रोत: नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016

[1] संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग।

2.1.3 अपशिष्ट प्रबंधन को नियंत्रित करने वाला विनियामक ढांचा

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत पर्यावरण की गुणवत्ता की रक्षा और सुधार के लिए आवश्यक उपाय करने की शक्ति केन्द्र सरकार को प्राप्त है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम.ओ.ई.एफ.सी.सी.), भारत सरकार ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2000 (नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2000) अधिसूचित किया (सितंबर 2000)। इसके बाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2000 में संशोधन किया और जैव चिकित्सा, प्लास्टिक, खतरनाक, निर्माण एवं विध्वंस और ई-अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए नियम बनाए। 08 अप्रैल 2016 को अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2000 का स्थान ले लिया। इसके अलावा, न्यायिक हस्तक्षेप का भी समग्र देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के प्रबंधन को नियंत्रित करने वाला विनियामक ढांचा ***परिशिष्ट 2.1*** में दर्शाया गया है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एम.ओ.एच.यू.ए.), भारत सरकार ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की योजना, डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी पर शहरी स्थानीय निकायों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए "नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016" (एम.एस.डब्ल्यू.एम. मैनुअल, 2016) जारी किया।

2.1.4 शहरी स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली के संबंध में संगठनात्मक संरचना

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, शहरी स्थानीय निकाय (यू.एल.बी.) हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रशासनिक प्रमुख हैं और उन्हें निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, हरियाणा (डी.यू.एल.बी.) की स्थापना अप्रैल 1982 में की गई थी, और यह राज्य में शहरी स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली के बेहतर समन्वय और पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी है। हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 और हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय इन शहरी स्थानीय निकायों की निगरानी करता है। राज्य में शहरी स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली के संबंध में संगठनात्मक संरचना ***परिशिष्ट 2.2*** में इंगित की गई है।

2.1.5 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 डब्ल्यू (12वीं अनुसूची) के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों को हस्तांतरित 18 विषयों में से एक है। हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 66ए(बी)(VI) और हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 42(6) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन को शहरी स्थानीय निकायों के कार्य के रूप में अनिवार्य किया गया है।

हरियाणा राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के कार्यान्वयन के लिए 92 शहरी स्थानीय निकाय[2] उत्तरदायी हैं। उत्तरदायित्व की मात्रा के एक उपाय के रूप में, 2021-22 के दौरान इन

[2] शहरी स्थानीय निकायों में नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाएं शामिल हैं।

शहरी स्थानीय निकायों में कुल अनुमानित ठोस अपशिष्ट उत्पादन[3] 8,766 टन प्रतिदिन (टी.पी.डी.) था। कुल उत्पन्न अपशिष्ट में से, 4,297 टन प्रतिदिन (49 प्रतिशत) को प्रसंस्कृत किया गया और शेष 4,469 टन प्रतिदिन (51 प्रतिशत) कुल उत्पन्न अपशिष्ट को प्रसंस्कृत किए बिना डंप स्थलों पर फेंक दिया गया, जैसा कि **अनुच्छेद 2.7.10** में चर्चा की गई है। राज्य में ठोस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन के लिए, इन शहरी स्थानीय निकायों को आगे 13 क्लस्टरों में बांटा गया था, जैसा कि **अनुच्छेद 2.8.1** में चर्चा की गई है। इन 13 क्लस्टरों में से केवल एक क्लस्टर अर्थात सोनीपत क्लस्टर अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र मॉडल पर आधारित है, जिसे अगस्त 2021 में चालू किया गया था। शेष क्लस्टर आज तक (मार्च 2023) गैर-परिचालनात्मक हैं।

2.2 लेखापरीक्षा उद्देश्य

यह निष्पादन लेखापरीक्षा यह आकलन करने के लिए की गई थी कि क्या:

- शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की रणनीति और योजना उत्पन्न ठोस अपशिष्ट के अनुरूप और प्रचलित कानूनी ढांचे के समवर्ती थी;
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े नगरपालिका कार्य जैसे संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और निपटान प्रभावी, कुशल और किफायती थे;
- शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की योजना, निर्माण, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव प्रभावी और कुशल था; तथा
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की निगरानी पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन सहित पर्याप्त और प्रभावी थी।

2.3 लेखापरीक्षा मानदंड

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के निष्पादन के मूल्यांकन के मानदंड मुख्य रूप से निम्नलिखित से प्राप्त किए गए थे:

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016;
- भारत सरकार द्वारा जारी नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016;
- प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2011;
- राज्य सरकार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देश, दिशानिर्देश, नीतियां और आदेश।

2.4 लेखापरीक्षा क्षेत्र और पद्धति

'शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' पर निष्पादन लेखापरीक्षा जून 2022 से मई

[3] ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एच.एस.पी.सी.बी.) की वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट

2023 के दौरान की गई थी। लेखापरीक्षा कवरेज की अवधि 2017-18 से 2021-22 तक थी। लेखापरीक्षा में शहरी स्थानीय निकायों के प्रत्येक स्तर के लिए सरल रेंडम नमूनाकरण (राजस्व मंडलवार) लागू करके चयनित 18 शहरी स्थानीय निकायों की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों से संबंधित अभिलेखों की जांच शामिल थी। चयनित 18 शहरी स्थानीय निकायों की सूची ***परिशिष्ट 2.3*** में दी गई है। लेखापरीक्षा ने शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की।

लेखापरीक्षा पद्धति में शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के साथ संयुक्त भौतिक सत्यापन (जे.पी.वी.) और जी.पी.एस. निर्देशांक के साथ फोटोग्राफिक साक्ष्य का संग्रहण भी शामिल था। प्रधान सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के साथ 8 जुलाई 2022 को एंट्री कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी, जिसमें लेखापरीक्षा पद्धति, क्षेत्र, उद्देश्यों और मानदंडों पर चर्चा की गई थी। आयुक्त एवं सचिव, शहरी स्थानीय निकायों के साथ 5 जनवरी 2024 को एग्जिट कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी जिसमें लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर चर्चा की गई थी और कॉन्फ्रेंस के निर्णयों को प्रतिवेदन में उचित रूप से शामिल किया गया है।

2.5 अभिस्वीकृति और बाधाएं

लेखापरीक्षा, निष्पादन लेखापरीक्षा के संचालन में शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, चयनित शहरी स्थानीय निकायों और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिए गए सहयोग एवं सहायता के लिए आभार व्यक्त करती है। हालांकि, विश्वसनीय/सुसंगत डेटा की अपर्याप्तता और अभिलेखों के खराब रखरखाव के कारण विभिन्न ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय/चयनित शहरी स्थानीय निकायों के निष्पादन का मूल्यांकन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके अलावा, चयनित शहरी स्थानीय निकायों ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के उत्तर प्रस्तुत नहीं किए, जिसके परिणामस्वरूप लेखापरीक्षा को शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और चयनित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए सीमित अभिलेखों और सूचनाओं के आधार पर निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्य होना पड़ा।

लेखापरीक्षा परिणाम

2.6 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की योजना और रणनीति

2.6.1 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में शामिल संस्थाएं

भारत में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रशासन और प्रबंधन की रूपरेखा सामान्यत: तीन स्तरों - केंद्रीय, राज्य और स्थानीय निकायों में विभाजित है। अन्य हितधारक जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे परिवार, व्यवसाय, उद्योग, अनौपचारिक क्षेत्र, गैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.), समुदाय आधारित संगठन (सी.बी.ओ.), और स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.), आदि हैं। शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया में शामिल हितधारकों की भूमिका और उत्तरदायित्व ***तालिका 2.1*** में दिए गए हैं।

तालिका 2.1: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया में शामिल हितधारकों के उत्तरदायित्व

संस्था/हितधारक	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भूमिका और उत्तरदायित्व
केंद्र सरकार (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)	कानूनी और नीतिगत ढांचे का निर्माण; नियम और विनियम; नीतियां और मानदंड; दिशानिर्देश; मैनुअल; तकनीकी सहायता; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना; क्षमता निर्माण; वित्तीय सहायता; कानूनों और नियमों के कार्यान्वयन की समय-समय पर समीक्षा और निगरानी करना।
राज्य सरकार (शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)	राज्य की नीति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन रणनीति तैयार करना; कानूनों और नियमों की निगरानी और कार्यान्वयन; दिशा-निर्देश, मैनुअल और तकनीकी सहायता; वित्तीय सहायता; आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को सेवा स्तर बेंचमार्क (एसएलबी) पर रिपोर्ट करना; स्थानीय निकायों का क्षमता निर्माण; उपचार और निपटान गतिविधियों की स्थापना के लिए सहमति प्रदान करना। अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया पर शहरी स्थानीय निकायों के निष्पादन की समीक्षा करना; ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण और निपटान सुविधाओं के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान और आबंटन सुनिश्चित करना।
शहरी स्थानीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाएं)	राज्य की नीति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कार्यान्वयन; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करना; उपनियम तैयार करना; फीस का उद्ग्रहण एवं संग्रहण; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को वित्तपोषित करना; जन जागरूकता पैदा करना; और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अनौपचारिक क्षेत्र की भागीदारी।

स्रोत: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016

क्या शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की रणनीति और योजना उत्पन्न ठोस अपशिष्ट के अनुरूप और प्रचलित कानूनी ढांचे के समवर्ती थी।

इस संबंध में लेखापरीक्षा परिणाम नीचे दिए गए हैं:

2.6.2 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य की नीति और रणनीति

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 11(ए) के अनुसार राज्य सरकार को इन नियमों की अधिसूचना की तिथि (अर्थात 8 अप्रैल, 2016) से एक वर्ष के भीतर अपशिष्ट बीनने वालों, स्वयं सहायता समूहों और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत समान समूहों के प्रतिनिधियों सहित हितधारकों के परामर्श से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए राज्य की नीति और रणनीति तैयार करनी अपेक्षित है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति और रणनीति को 09 जुलाई 2018 को 15 महीने की देरी से और वह भी विभिन्न हितधारकों से परामर्श किए बिना मंजूरी दी। विभाग द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति और रणनीति तैयार करने में देरी का कारण प्रक्रियागत मामले बताए गए। राज्य की नीति को अंतिम रूप देने में समग्र देरी का राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन पर भी क्रमिक प्रभाव पड़ा। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन[4] परियोजनाएं भी समय पर आरंभ/कार्यान्वित नहीं की जा सकी, जैसा कि **अनुच्छेद 2.8.1** में चर्चा की गई है। इसके अलावा, नीति निर्माण में विभिन्न हितधारकों (अपशिष्ट बीनने वाले, स्वयं सहायता समूह और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने वाले इसी तरह के समूह) की गैर-भागीदारी के कारण, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी हितधारकों को शामिल करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के अंतर्गत कम करने, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के प्रयासों को सुव्यवस्थित करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के

[4] एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (आई.एस.डब्ल्यू.एम.) ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को संदर्भित करता है जिसमें अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण, द्वितीयक भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण जैसी रणनीतियों का संयोजन शामिल है।

इच्छित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एक सुसंगत दृष्टिकोण के संदर्भ में अवसरों को खो दिया।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि राज्य स्तरीय नीति को समयबद्ध ढंग से जारी करने में प्रक्रियागत देरी हुई। यह भी बताया गया कि राज्य ने विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को सफलतापूर्वक लागू किया था। हालांकि, उत्तर में नीति-निर्माण प्रक्रिया में हितधारकों की गैर-भागीदारी के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

2.6.3 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15(ए) में शहरी स्थानीय निकायों को राज्य की नीति और रणनीति की अधिसूचना की तारीख से छः माह के भीतर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य की नीति और रणनीति के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करने का प्रावधान है। इसके अलावा, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 (धारा 1.4.5 और 1.4.6) में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अल्पकालिक (पांच वर्ष) और दीर्घकालिक (20-25 वर्ष) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, जिसमें (i) संस्थागत सुदृढ़ीकरण; (ii) मानव संसाधन विकास; (iii) तकनीकी क्षमता निर्माण; (iv) वित्तीय क्षमता और व्यवस्था (v) सामुदायिक भागीदारी; (vi) प्रवर्तन के लिए कानूनी ढांचा और तंत्र; तथा (vii) लोक शिकायत या शिकायत निवारण शामिल हैं। अल्पकालिक योजना को दीर्घकालिक योजना की प्राप्ति की ओर ले जाना चाहिए। सभी योजना गतिविधियों के कार्यान्वयन की अधिकतम सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक अल्पकालिक योजना की प्रत्येक दो से तीन वर्ष में समीक्षा की जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी कोई अल्पकालिक या दीर्घकालिक योजना तैयार नहीं की थी। इन योजनाओं के अभाव में, शहरी स्थानीय निकायों में अवसंरचना परियोजनाओं की योजना और चयन, भावी जनसंख्या पूर्वानुमान, भावी-जीवनशैली में परिवर्तन और शहरी स्थानीय निकायों की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा में परिवर्तन को कवर करने वाले आवश्यकता विश्लेषण पर आधारित नहीं था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना और शहर स्वच्छता योजना शहरी स्थानीय निकायों द्वारा तैयार और कार्यान्वित की गई थी। उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि शहरी स्थानीय निकायों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य की नीति और रणनीति के अनुसार कोई भी अल्पकालिक/दीर्घकालिक योजना तैयार नहीं की।

2.6.4 आवासीय/गैर-आवासीय प्लॉटेड कॉलोनियों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के लिए पृथक स्थान का प्रावधान/सीमांकन

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 11 (एच) में यह प्रावधान है कि निदेशक, स्थानीय निकाय के माध्यम से राज्य सरकार राज्य के नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग और स्थानीय निकायों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देगी कि समूह आवास या वाणिज्यिक, संस्थागत या किसी अन्य गैर-आवासीय परिसर, जिसमें 200 से अधिक आवासीय इकाइयां हैं

या जिसका प्लॉट क्षेत्र 5,000 वर्ग मीटर से अधिक है, के लिए विकास योजना में ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, भंडारण और विकेन्द्रित प्रसंस्करण के लिए एक पृथक स्थान का सीमांकन किया गया है। इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (जेडई) में यह प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकायों को यह सुनिश्चित करना था कि समूह आवास सोसायटी या मार्केट कॉम्प्लेक्स की भवन योजना को मंजूरी देते समय भवन योजना में अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण और भंडारण के लिए केंद्रों की स्थापना के प्रावधान शामिल किए जाएं।

लेखापरीक्षा ने पाया कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने इस संबंध में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग को कोई निर्देश जारी नहीं किया था। यह भी पाया गया कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने गुरुग्राम और करनाल में 5,253.78 से 17,455.66 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले विभिन्न समूह आवास सोसायटियों/प्लॉटेड कॉलोनियों/वाणिज्यिक और संस्थागत प्रतिष्ठानों के लिए 14 विकास योजनाओं को अनुमोदित/स्वीकृत किया (अप्रैल 2017 से सितंबर 2022 तक) जैसा कि ***परिशिष्ट 2.4*** में विवरण दिया गया है। हालांकि, उक्त नियमों के उल्लंघन में इन विकास योजनाओं में ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, संग्रहण, भंडारण, विकेन्द्रीकृत प्रसंस्करण के लिए कोई पृथक स्थान निर्धारित नहीं किया गया था।

इसी प्रकार, नगर निगम, सोनीपत के अधिकार क्षेत्र में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा दो समूह आवास सोसाइटियों[5], जहां निर्माण कार्य प्रगति पर था और लाइसेंस जारी किया गया था (जून 2019 से फरवरी 2021 तक), में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ले-आउट योजनाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए न तो सीमांकन किया गया था और न ही वास्तविक साइट पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कोई स्थान निर्धारित किया गया था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि उसने अपने नगर एवं ग्राम आयोजना कक्ष को निर्देश दिया था (मई 2023) कि वह विकास योजना में ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, भंडारण और विकेन्द्रीकृत प्रसंस्करण के लिए पृथक स्थान सुनिश्चित करे। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग को दिए गए निर्देशों के बारे में उत्तर में कुछ नहीं कहा गया।

तथ्य यह है कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के निर्देशों में देरी के कारण, विभिन्न समूह आवास सोसाइटियों/प्लॉटेड कॉलोनियों/वाणिज्यिक और संस्थागत प्रतिष्ठानों के लिए विकास योजनाओं को ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, संग्रहण, भंडारण, विकेन्द्रीकृत प्रसंस्करण के लिए निर्धारित स्थान के बिना अनुमोदित किया गया था।

2.6.5 ठोस अपशिष्ट की पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण सुविधा के लिए औद्योगिक एस्टेट में निर्धारित क्षेत्र का निर्धारण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 11 (i) में प्रावधान है कि राज्य सरकार को निदेशक, स्थानीय निकाय के माध्यम से विशेष आर्थिक क्षेत्र, औद्योगिक संपदा, औद्योगिक पार्कों के विकासकर्ताओं को प्लॉट के कुल क्षेत्रफल का कम से कम पांच प्रतिशत या न्यूनतम पांच प्लॉट या शेड पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण सुविधा के लिए निर्धारित करने का निर्देश देना अपेक्षित है।

[5] श्री राम रेजीडेंसी का क्षेत्रफल 7.95 एकड़ और पीपी ग्रीन्स का क्षेत्रफल 12.01 एकड़ है।

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड राज्य में औद्योगिक अवसंरचना के विकास के लिए नोडल एजेंसी है। जुलाई 2022 तक, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ने राज्य में विभिन्न स्थानों पर 21,057 एकड़ क्षेत्र में 28 औद्योगिक एस्टेट/औद्योगिक मॉडल टाउन/औद्योगिक पार्क विकसित किए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ने अपने स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा अक्तूबर 2020 और मार्च 2021 में जारी निर्देशों के बावजूद अब तक (मार्च 2023) अपने स्वामित्व वाले किसी भी औद्योगिक एस्टेट/औद्योगिक मॉडल टाउन/औद्योगिक पार्क में ठोस अपशिष्ट के निपटान के लिए अपेक्षित अवसंरचना/सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई हैं।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024) विभाग ने बताया कि इस संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश परिचालित किए जाएंगे।

2.6.6 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपनियम तैयार करना

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (ई) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकायों को इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष के भीतर इन नियमों के प्रावधानों को शामिल करते हुए उपनियम[6] तैयार करने होंगे। इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (जेडएफ) में प्रावधान है कि प्रत्येक शहरी स्थानीय निकाय को उपनियम बनाने थे तथा कचरा फैलाने वाले या इन नियमों के प्रावधानों का पालन न करने में विफल रहने वाले व्यक्तियों के लिए मौके पर ही जुर्माना लगाने के लिए मानदंड निर्धारित करने थे तथा अधिकारियों या स्थानीय निकायों को तैयार किए गए उपनियमों के अनुसार मौके पर ही जुर्माना लगाने की शक्तियां प्रदान करनी थी। तदनुसार, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने शहरी स्थानीय निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम, 2018 का मसौदा जारी किया (मार्च 2019)।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से तीन शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, सोनीपत और शाहबाद) ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अधिसूचना के सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों को अधिसूचित नहीं किया था। इसके अलावा, 15 शहरी स्थानीय निकायों ने अत्यधिक देरी से उपनियम अधिसूचित किए। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से राज्य सरकार से उपनियमों को स्वीकृति मिलने में देरी के कारण 695 दिनों की देरी हुई, जबकि संबंधित शहरी स्थानीय निकायों की ओर से उपनियम जारी करने में 61 से 638 दिनों की देरी हुई। शहरी स्थानीय निकायवार स्थिति ***परिशिष्ट 2.5*** में दर्शाई गई है।

लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों को राज्य सरकार के अनुमोदन के बिना उपनियम बनाने का अधिकार नहीं था। चूंकि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय उक्त नियमों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर राज्य सरकार से मसौदा उपनियमों को अनुमोदित

[6] "उपनियम" का तात्पर्य स्थानीय निकाय, जनगणना, शहर और अधिसूचित क्षेत्र टाउनशिप द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए अधिसूचित विनियामक ढांचे से है।

कराने में विफल रहा, परिणामस्वरूप, शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपनियमों की अधिसूचना में देरी हुई। इसके अलावा, तीन शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपनियमों को अधिसूचित करने में विफलता उनकी ओर से गंभीरता की कमी को दर्शाती है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024) विभाग ने बताया कि सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों की तैयारी सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, तथ्य यह है कि शहरी स्थानीय निकाय उपनियमों की अधिसूचना में देरी के कारण ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को लागू करने में विफल रहे।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि सभी शहरी स्थानीय निकाय उपनियम राज्य स्तर पर तैयार और अनुमोदित किए गए थे और अनुमोदन प्राप्त करने में प्रक्रियागत देरी हुई। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि तीन शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, सोनीपत और शाहबाद) ने अभी तक अपने उप-नियमों को अधिसूचित नहीं किया था (सितंबर 2024)।

2.6.7 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अनौपचारिक हितधारकों की भागीदारी

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 11(सी) में यह प्रावधान है कि नीतियों और रणनीतियों में अपशिष्ट को कम करने में अपशिष्ट बीनने वालों, अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं और पुनर्चक्रण उद्योग के अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा निभाई गई प्राथमिक भूमिका को स्वीकार किया जाना चाहिए तथा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली में अपशिष्ट बीनने वालों या अनौपचारिक अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं के एकीकरण के संबंध में व्यापक दिशानिर्देश प्रदान किए जाने चाहिए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य की नीति और रणनीति ने इसके लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को उत्तरदायित्व सौंपा। इसके अलावा, नियम 15 (डी) में यह भी प्रावधान है कि स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए एक प्रणाली स्थापित करनी चाहिए तथा इसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली में एकीकृत करना चाहिए जिसमें घर-घर जाकर अपशिष्ट एकत्र करना शामिल हो।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि विभाग ने ऐसी कोई गतिविधि नहीं की। स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए कोई प्रणाली विकसित नहीं की गई। इसके अलावा, मार्च 2022 तक, नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से केवल 13[7] ने ही अपशिष्ट बीनने वालों को पंजीकृत करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके परिणामस्वरूप उस सीमा तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का अनुपालन नहीं हुआ।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि शहरी स्थानीय निकायों ने अपशिष्ट बीनने वालों का पंजीकरण करने तथा सड़कों की सफाई और घर-घर जाकर कचरा एकत्र करने में उनकी भूमिका को औपचारिक रूप देने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी थी, चाहे वह सीधे तौर पर हो या अनुबंधित एजेंसियों के माध्यम से। हालांकि, तथ्य यह है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के लागू होने के आठ वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद शहरी स्थानीय निकायों द्वारा नियमों का पूर्णतः अनुपालन नहीं किया गया।

---

[7] बहादुरगढ़, बेरी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हेलीमंडी, कैथल, नीलोखेड़ी, पंचकुला, पानीपत, पलवल, सोनीपत, टोहाना और उकलाना।

2.6.8 क्षमता निर्माण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 11(के) और 15 (जेडसी) के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और शहरी स्थानीय निकायों को ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन, अपशिष्ट के परिवहन या स्रोत पर प्रसंस्करण आदि के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण की व्यवस्था करनी होगी। इसी प्रकार, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 1.4.5.5 में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों में कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में क्षमता निर्माण के दृष्टिकोण में न केवल प्रौद्योगिकी पर अपितु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए विभिन्न हितधारकों अर्थात वरिष्ठ अधिकारियों, संग्रहण स्टाफ, परिवहन स्टाफ, प्रसंस्करण संयंत्र के स्टाफ, निर्वाचित प्रतिनिधियों और गैर-सरकारी संगठनों/समुदाय आधारित संगठनों के लिए शासन, वित्तपोषण और बेहतर सेवा वितरण पहलुओं सहित विभिन्न पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने 2017-22 की अवधि के दौरान सात प्रशिक्षण कार्यक्रम [स्वच्छ सर्वेक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.-2.0) जैसे विषयों पर] आयोजित किए थे। लेखापरीक्षा में पाया गया कि इस अवधि के दौरान, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित केवल दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। यह भी पाया गया था कि विभाग ने अन्य हितधारकों अर्थात् संग्रहण स्टाफ, परिवहन स्टाफ, प्रसंस्करण संयंत्र के स्टाफ, निर्वाचित प्रतिनिधियों और गैर-सरकारी संगठनों/समुदाय आधारित संगठनों के लिए कोई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया था। इस प्रकार, 2017-22 के दौरान संस्थागत सुदृढ़ीकरण के लिए क्षमता निर्माण में कमी थी।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग ने अन्य हितधारकों अर्थात संग्रहण स्टाफ, परिवहन स्टाफ, प्रसंस्करण संयंत्र के स्टाफ, निर्वाचित प्रतिनिधियों और गैर-सरकारी संगठनों/समुदाय आधारित संगठनों के लिए कोई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया था।

2.6.9 सेवा स्तर मानक

शहरी सेवाओं में सुधार के लिए शहरी स्थानीय निकायों के बीच अधिक जवाबदेही लाने के चल रहे प्रयास के एक भाग के रूप में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने चार प्रमुख क्षेत्रों अर्थात जल आपूर्ति, अपशिष्ट जल प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्टार्म वाटर ड्रेनेज में सेवा प्रावधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सेवा स्तर मानक निर्धारित किए थे (2008)। सेवा स्तर मानक के लक्ष्य के रूप में निष्पादन की निगरानी और सुधार की परिकल्पना की गई थी।

वर्ष 2021-22 के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र के लिए सेवा स्तर मानकों के अंतर्गत निर्धारित आठ निष्पादन संकेतकों के विरूद्ध नमूना-जांच किए गए 16 शहरी स्थानीय निकायों[8] का निष्पादन ***तालिका 2.2*** में दर्शाया गया है।

[8] गुरुग्राम और पंचकुला द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

तालिका 2.2: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में सेवा स्तर मानकों की स्थिति

क्र. सं.	निष्पादन संकेतक	मानक/ लक्ष्य (प्रतिशत में)	2021-22 में लक्ष्य प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों की संख्या
1	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं का घरेलू स्तर पर कवरेज	100	8
2	नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रहण की दक्षता	100	9
3	नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण की सीमा	100	4
4	नगरपालिका ठोस अपशिष्ट की वसूली की सीमा	80	7
5	नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान की सीमा	100	3
6	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के लिए लागत वसूली की सीमा	100	0
7	ग्राहक शिकायतों के निवारण में दक्षता	80	15
8	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता प्रभारों के संग्रहण में दक्षता	90	0

स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा दी गई जानकारी

2017-22 के दौरान शहरी स्थानीय निकायवार स्थिति ***परिशिष्ट 2.6*** में दर्शाई गई है। ***तालिका 2.2*** के विश्लेषण से पता चलता है कि नमूना-जांच किए गए अधिकांश शहरी स्थानीय निकायों ने विभिन्न निष्पादन संकेतकों के अंतर्गत मानक प्राप्त नहीं किए थे, विशेष रूप से नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के लिए लागत वसूली और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता प्रभारों के संग्रहण में दक्षता से संबंधित। गुरुग्राम और पंचकुला नगर निगमों ने सेवा स्तर के मानदंडों का डेटा उपलब्ध नहीं कराया। केवल नगर निगम, सोनीपत और नगर परिषद, कालका ने 2021-22 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं में लागत वसूली और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता प्रभारों के संग्रहण को छोड़कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के सभी सेवा स्तर मानक प्राप्त किए। नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा इन डेटा तक पहुंचने में अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराई गई। इनके अभाव में, लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सकी।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि शहरी स्थानीय निकायों से 2021-26 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के कार्यान्वयन के बाद सेवा स्तर मानकों को प्राप्त करने की आशा है। हालांकि, तथ्य यह है कि शहरी स्थानीय निकाय 2008 में इन मानकों को तय किए जाने के बावजूद अब तक (अक्तूबर 2024) सेवा स्तर मानक प्राप्त करने में विफल रहे।

2.6.10 वित्तीय योजना

2.6.10.1 निधियों की आवश्यकता का निर्धारण

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 1.4.5.6.2 के अनुसार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाएं तभी टिकाऊ होती हैं जब वे स्वतंत्र आधार पर वित्तीय रूप से व्यवहार्य हों। इसलिए, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की योजना बनाने में वित्तीय व्यवहार्यता का निर्धारण सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य में शहरी स्थानीय निकाय केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग और स्वच्छ भारत मिशन से प्राप्त सरकारी अनुदान पर निर्भर थे। छठे राज्य वित्त आयोग की रिपोर्ट (दिसंबर 2021) के अनुसार, 2017-21 के दौरान राज्य के सभी शहरी

स्थानीय निकायों के कुल व्यय में सरकारी अनुदान का हिस्सा 43 प्रतिशत था, जैसा कि ***तालिका 2.3*** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.3: हरियाणा में सभी शहरी स्थानीय निकायों का नगरपालिका निधियों और अनुदानों से वहन किया गया व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	नगरपालिका निधियों से व्यय	अनुदानों से व्यय	कुल व्यय	अनुदानों में से कुल व्यय की प्रतिशतता
2017-18	2354.68	1706.33	4061.01	42
2018-19	2122.39	1550.03	3672.42	42
2019-20	2391.44	2104.95	4496.39	47
2020-21	3116.14	2068.8	5184.94	40
कुल	**9984.65**	**7430.11**	**17414.76**	**43**

स्रोत: छठे राज्य वित्त आयोग की रिपोर्ट

नोट: शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा 2021-22 के लिए जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सभी क्लस्टरों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट (टी.एफ.आर.) तैयार की। हालांकि, इन तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्टों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों को निष्पादित करने और बनाए रखने के लिए शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय आवश्यकताओं या वित्तीय क्षमताओं का आकलन नहीं किया गया था। इसके अलावा, नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के लिए संयुक्त रूप से या स्वतंत्र रूप से ऐसा प्रयास नहीं किया।

चूंकि शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय क्षमताओं पर विचार नहीं किया गया था, इसलिए आवश्यक अवसंरचना को विकसित करने और बनाए रखने के लिए निधियों की आवश्यकता के लिए अपेक्षित विश्लेषण के संदर्भ में अंतराल थे। परिणामस्वरूप, शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार क्षेत्र के भीतर सभी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए वित्तपोषण की पर्याप्तता के लिए जोखिम है, विशेष रूप से शहरी स्थानीय निकायों की अनुदान पर निर्भरता को देखते हुए, जैसा कि ***तालिका 2.3*** में चर्चा की गई है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्टें एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता की जांच के लिए तैयार की गई थी, न कि उनके कार्यान्वयन के लिए। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट में शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय क्षमता का आकलन नहीं किया गया था जो एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

2.6.10.2 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता फीस का उद्ग्रहण एवं संग्रहण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (एफ) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय को वित्तीय व्यवहार्यता के लिए अपनी परिचालन लागत को कवर करने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सभी अपशिष्ट उत्पादकों से समय-समय पर स्वयं या अपनी अधिकृत एजेंसी के माध्यम से निर्धारित उपयोगकर्ता फीस/प्रभार एकत्र करने के लिए अधिकृत किया गया है। राज्य सरकार ने अपशिष्ट उत्पादकों की विभिन्न श्रेणियों के लिए सांकेतिक मासिक

उपयोगकर्ता प्रभार अधिसूचित किया (अक्तूबर 2011) तथा शहरी स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के उपयोगकर्ता प्रभार लगाने तथा समय-समय पर उन्हें संशोधित करने के लिए अधिकृत किया गया।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों[9] ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता प्रभारों के निर्धारण और आवधिक आधार पर बिल जारी करने के लिए कोई तंत्र विकसित नहीं किया था। लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया कि नमूना-जांच किए गए चार शहरी स्थानीय निकायों[10] ने 2017-22 के दौरान कोई उपयोगकर्ता प्रभार नहीं लिया था और शेष 10 नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकाय, राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र पोर्टल[11] के माध्यम से अधिसूचित विभिन्न श्रेणियों के अपशिष्ट उत्पादकों से सांकेतिक मासिक उपयोगकर्ता प्रभारों के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता प्रभार एकत्र कर रहे थे। यह भी पाया गया कि नमूना-जांच किए गए किसी भी शहरी स्थानीय निकाय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को आत्मनिर्भर गतिविधि बनाने के लिए अपने स्वयं के उपयोगकर्ता प्रभार निर्धारित नहीं किए।

शहरी स्थानीय निकायों ने घर-घर जाकर कचरा एकत्र करने तथा अन्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर व्यय किया, जैसा कि ***तालिका 2.4*** में दर्शाया गया है। इस प्रकार, उपयोगकर्ता प्रभारों का निर्धारण न करने और कम वसूली के कारण शहरी स्थानीय निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा प्रदानगी की लागत वसूल नहीं कर सके, जैसा कि ***तालिका 2.4*** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.4: नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर प्राप्ति एवं व्यय का विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	पूंजीगत व्यय	आवर्ती व्यय	कुल	एकत्रित उपयोगकर्ता प्रभार	आवर्ती व्यय में वसूले गए उपयोगकर्ता प्रभारों की प्रतिशतता
ए	बी	सी	डी=बी+सी	ई	एफ = ई/सी *100
2017-18	1.78	70.94	72.72	0.26	0.37
2018-19	2.82	60.63	63.45	0.59	0.97
2019-20	3.38	74.59	77.97	0.59	0.79
2020-21	2.71	102.49	105.20	1.58	1.54
2021-22	3.27	102.63	105.90	3.47	3.38

स्रोत: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी।

तालिका 2.4 से यह स्पष्ट है कि इन शहरी स्थानीय निकायों में वर्ष 2017-22 के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर किए गए आवर्ती व्यय की तुलना में उपयोगकर्ता प्रभार का संग्रह बहुत कम था और यह 0.37 से 3.38 प्रतिशत के बीच था। शहरी स्थानीय निकायों को शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की क्षमताओं का लाभ उठाकर भारत सरकार से अनुदान या राज्य की समेकित निधि में से व्यय के माध्यम से वित्तीय सहायता दी गई, जिससे राज्य के वित्त पर प्रभावी रूप से दबाव बना।

---

9 चार शहरी स्थानीय निकायों फरीदाबाद, गुरुग्राम, पानीपत और सोनीपत को छोड़कर, जहां एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना निजी रियायतग्राही को दी गई थी और रियायतग्राही अपने स्तर पर उपयोगकर्ता प्रभार वसूल कर रहे थे।

10 कालका, पलवल, पंचकुला और पुन्हाना।

11 जब भी किसी भी घरेलू इकाई का मालिक संबंधित शहरी स्थानीय निकायों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आता है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), विभाग ने बताया कि उपयोगकर्ता फीस की दरें बहुत कम हैं और भविष्य में उपयोगकर्ता प्रभारों की वसूली को बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

2.7 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण, संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान

क्या संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और निपटान सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े नगरपालिका कार्य प्रभावी, कुशल और किफायती थे।

इस संबंध में लेखापरीक्षा परिणाम नीचे दिए गए हैं:

2.7.1 स्रोत/घरेलू स्तर पर अपशिष्ट का पृथक्करण और संग्रहण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा इन नियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 (धारा 2.2.1) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकायों को स्रोत पर अपशिष्ट के पृथक्करण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों ने एकत्रित कचरे का दिन/माहवार डेटा नहीं रखा। इसके अलावा, स्रोत पर पृथक्करण और घर-घर जाकर संग्रहण के संबंध में डेटा प्राप्त करने में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं किए गए थे। इनके अभाव में, लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान किए गए डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सकी। राज्य में स्रोत पर पृथक्करण और घर-घर जाकर संग्रहण की स्थिति ***तालिका 2.5*** में दी गई है।

तालिका 2.5: राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में स्रोत पर पृथक्करण की प्रतिशतता और घर-घर जाकर संग्रहण की प्रतिशतता

अवधि	स्रोत पर पृथक्करण (प्रतिशत में)	घर-घर जाकर संग्रहण (प्रतिशत में)
2017-18	डेटा उपलब्ध नहीं	डेटा उपलब्ध नहीं
2018-19	20	डेटा उपलब्ध नहीं
2019-20	64	93
2020-21	72	95
2021-22	70	98

स्रोत: हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

वर्ष 2017-22 के दौरान स्रोत पर पृथक्करण और संग्रहण के संबंध में नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों की स्थिति ***परिशिष्ट 2.7*** में दी गई है। नमूना-जांच किए गए 16 शहरी स्थानीय निकायों[12] में से केवल पांच शहरी स्थानीय निकायों[13] ने 2021-22 के दौरान स्रोत पर 91 से 100 प्रतिशत तक पृथक्करण प्राप्त किया, आठ[14] शहरी स्थानीय निकायों ने स्रोत पर 51 से 90 प्रतिशत तक पृथक्करण प्राप्त किया और तीन शहरी स्थानीय निकायों[15] में यह शून्य से 50 प्रतिशत के बीच रहा। स्रोत पर 100 प्रतिशत पृथक्करण और अपशिष्ट संग्रहण के

[12] गुरुग्राम और पंचकुला द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

[13] 1. नीलोखेड़ी, 2. पानीपत, 3. शाहबाद, 4. सोनीपत और 5. टोहाना।

[14] 1. बहादुरगढ़, 2. फरीदाबाद, 3. हेलीमंडी, 4. हिसार, 5. कालका, 6. नारनौल, 7. पलवल, और 8. उकलाना।

[15] 1. बेरी, 2. कैथल और 3. पुन्हाना।

लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई की जानकारी लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई।

नमूना-जांच किए गए 17 शहरी स्थानीय निकायों[16] द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 15 शहरी स्थानीय निकायों में शून्य कचरा संवेदनशील बिंदु[17] थे और शेष दो शहरी स्थानीय निकायों में 207 कचरा संवेदनशील बिंदु थे (फरीदाबाद: 205 और नारनौल: 2)। हालांकि, इन शहरी स्थानीय निकायों में कचरा स्थलों के भौतिक सत्यापन के दौरान, यह पाया गया कि सभी शहरी स्थानीय निकायों, जिन्होंने 'शून्य' कचरा संवेदनशील बिंदु की सूचना दी थी, में कचरा संवेदनशील बिंदु मौजूद थे। यह दर्शाता है कि शहरी स्थानीय निकाय सही डेटा अनुरक्षित/रिपोर्ट नहीं कर रहे थे।

बिना पृथक किए हुए कचरे को खुले क्षेत्र में फेंका गया



बिना पृथक किए हुए कचरे को सब्जी मंडी क्षेत्र में फेंका गया

इसके अलावा, संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान, यह पाया गया कि सभी चयनित शहरी स्थानीय निकायों में कचरा सड़क के किनारे तथा कचरा संवेदनशील बिंदुओं के दौरा किए गए स्थलों के आसपास फैला हुआ पाया गया। नगर निगम, पानीपत में यह भी पाया गया कि जब घरेलू स्तर पर पृथक किया गया अपशिष्ट कचरा संग्रहकर्ता को सौंप दिया गया, तो बाद में उसे अन्य कचरे के साथ मिलाकर डंपसाइट पर ले जाया गया।



बिना पृथक किया गया कचरा आवासीय क्षेत्र के पास डाला गया



बिना पृथक किया गया कचरे का संग्रहण

पृथक्करण की कम दर अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों को और बढ़ा देती है। उचित

16 हेलीमंडी ने कोई डेटा प्रस्तुत नहीं किया।

17 कचरा संवेदनशील बिंदु वे क्षेत्र हैं जहां स्थानीय लोगों, यात्रियों या राहगीरों द्वारा लगातार कचरा फेंकने के कारण कचरा जमा हो जाता है। वे शहर को साफ रखने में एक बड़ी बाधा हो सकते हैं।

पृथक्करण के बिना, पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट मिश्रित हो जाते हैं, जिससे संसाधनों की प्रभावी ढंग से पुनर्प्राप्ति में कठिनाई पैदा होती है। इससे न केवल संभावित पुनर्चक्रण के अवसर नष्ट हो जाते हैं, बल्कि लैंडफिल पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जहां बड़ी मात्रा में गैर-पृथक अपशिष्ट जमा हो जाता है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां 2017-22 के डेटा पर आधारित हैं और उसके बाद अपशिष्ट संग्रहण, परिवहन और प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने संग्रहण और पृथक्करण गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और गैर-अनुपालन के लिए दंड लगाने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, उत्तर के समर्थन में कोई दस्तावेज लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया था।

2.7.2 सैनिटरी अपशिष्ट का पृथक्करण

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 17 में प्रावधान है कि सैनिटरी अपशिष्ट (जैसे, डायपर, सैनिटरी नैपकिन, टैम्पोन, असंयम शीट और कोई अन्य समान अपशिष्ट) को पाउच में सुरक्षित रूप से लपेटा जाना चाहिए और दैनिक आधार पर कचरा संग्रहकर्ताओं को अलग से सौंप दिया जाना चाहिए। सैनिटरी अपशिष्ट को एकत्रित करने के बाद, इसे अधिमानतः जैव चिकित्सा या नगरपालिका ठोस अपशिष्ट भस्मक में निपटाया जाना चाहिए, जैसा कि स्थानीय परिवेश में लागू हो या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्देशित हो।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से किसी में भी सैनिटरी अपशिष्ट के पृथक्करण एवं निपटान के लिए कोई पृथक व्यवस्था नहीं थी। सैनिटरी अपशिष्ट भी अन्य ठोस अपशिष्ट की तरह ही मिश्रित, असंयोजित और बिना प्रसंस्कृत किए डंपसाइटों तक पहुंच गया।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां 2017-22 के डेटा पर आधारित हैं और उसके बाद अपशिष्ट संग्रहण, परिवहन और प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने संग्रहण और पृथक्करण गतिविधियों पर नजदीकी निगरानी करने तथा अनुपालन न करने पर जुर्माना लगाने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, उत्तर के समर्थन में कोई दस्तावेज लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया।

2.7.3 घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का पृथक्करण

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 7.1 में प्रावधान है कि घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को इसकी हानिकारक भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, या जैविक गुणों के कारण विशेष हैंडलिंग और निपटान की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (i) के अनुसार, शहरी स्थानीय निकायों को घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के लिए अपशिष्ट जमा केंद्र स्थापित करने तथा अपशिष्ट उत्पादकों को घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को सुरक्षित निपटान के लिए इन केंद्रों पर जमा करने का निर्देश देना अपेक्षित था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी

घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के रूप में वर्गीकृत मदों की सूची सार्वजनिक नहीं की, जिन्हें स्रोत पर ही पृथक किया जाना था। इसके अलावा, नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों ने न तो घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के लिए ऐसे अपशिष्ट जमा केंद्र स्थापित किए थे और न ही घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का उचित अपशिष्ट निपटान सुविधा केंद्रों तक सुरक्षित भंडारण और परिवहन सुनिश्चित किया था, सिवाय नगर निगम गुरुग्राम के, जो आंशिक रूप से घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को जमा केंद्र पाली (फरीदाबाद) में अलग से संग्रहित और परिवहन करता है।

इस प्रकार, घरेलू खतरनाक अपशिष्टों को पृथक न करने के कारण घरेलू खतरनाक अपशिष्टों का अनुचित निपटान हुआ और लोग इन खतरनाक सामग्रियों को नियमित घरेलू अपशिष्टों के साथ फेंक देते थे या अनुचित ढंग से खुले क्षेत्रों, नालियों या जल निकायों में डाल देते थे।

विभाग ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि उसने संग्रहण, पृथक्करण गतिविधियों की निगरानी करने तथा गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

2.7.4 बागवानी अपशिष्ट का पृथक्करण और निपटान

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (के) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय स्ट्रीट स्वीपर को निर्देश देंगे कि वे स्ट्रीट स्वीपिंग से एकत्र पेड़ों की पत्तियों को न जलाएं, बल्कि उन्हें अलग से संग्रहित करें और इसे अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं या स्थानीय निकाय द्वारा अधिकृत एजेंसी को सौंप दें। इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (पी) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय बागवानी, पार्क और उद्यान अपशिष्ट को अलग से एकत्र करेंगे तथा जहां तक संभव हो, पार्कों और उद्यानों में उसका प्रसंस्करण करेंगे।

नमूना-जांच किए गए नौ[18] शहरी स्थानीय निकायों में, लेखापरीक्षा ने पाया कि मार्च 2022 तक बागवानी अपशिष्ट के संग्रहण और प्रसंस्करण के लिए पार्कों में दो से लेकर 574 निर्मित पिट्स कमी थी। आवश्यक पिट्स की संख्या निर्धारित करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं की गई थी। इसके अभाव में, नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए पिट्स की कमी के संबंध में डेटा की प्रामाणिकता लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित नहीं की जा सकी।

पर्याप्त संख्या में पिट्स के अभाव में बागवानी अपशिष्ट को पार्कों में और अन्य खुले स्थानों में फेंका गया। इसके अलावा, 16 डंपिंग स्थलों के संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान, यह पाया गया कि मुख्य रूप से 13 डंपिंग स्थलों पर बागवानी अपशिष्ट को अन्य अपशिष्टों के साथ मिलाकर डंप किया गया था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि सितंबर 2024 तक, बागवानी अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए पूरे हरियाणा में कुल 1,552 पार्क पिट्स स्थापित किए गए थे।

[18] बहादुरगढ़: 35; गुरुग्राम: 574; हेलीमंडी: 2; हिसार: 50; कालका: 2; कैथल: 44; नारनौल: 20; पंचकुला: 60; और उकलाना: 2.



बागवानी अपशिष्ट को डंपसाइट पर डाला जा रहा है

2.7.5 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का संग्रहण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (बी) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकायों को झुग्गी-झोपड़ियों और अनौपचारिक बस्तियों, वाणिज्यिक, संस्थागत और अन्य गैर-आवासीय परिसरों सहित सभी घरों से अलग-अलग ठोस अपशिष्ट को घर-घर जाकर एकत्र करने की व्यवस्था करनी है। राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में उत्पन्न और संगृहीत अपशिष्ट की स्थिति ***तालिका 2.6*** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.6: राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में उत्पन्न और संगृहीत अपशिष्ट की स्थिति

अवधि	उत्पन्न (टन प्रतिदिन)	संगृहीत (टन प्रतिदिन)	संगृहीत प्रतिशतता
2017-18	4,394.40	4,125.36	93.88
2018-19	4,635.79	4,430.25	95.57
2019-20	5,231.90	4,808.80	91.91
2020-21	5,352.12	5,291.41	98.87
2021-22	8,766.00	6,691.13	76.33
कुल	**28,380.21**	**25,346.95**	**93.88**

स्रोत: हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट।

जैसा कि ***तालिका 2.6*** में देखा जा सकता है, 2017-22 के दौरान अपशिष्ट के संग्रह की प्रतिशतता 76 से 99 प्रतिशत के बीच थी। 2017-22 के दौरान अपशिष्ट संग्रहण के संबंध में नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायवार स्थिति ***परिशिष्ट 2.7*** में दर्शाई गई है। नमूना-जांच किए गए 16 शहरी स्थानीय निकायों[19] में से 11 शहरी स्थानीय निकायों में वर्ष 2021-22 के दौरान घर-घर संग्रहण 91 से 100 प्रतिशत के बीच था, चार[20] शहरी स्थानीय निकायों में यह 51 से 90 प्रतिशत के बीच था तथा शेष एक शहरी स्थानीय निकाय (नगरपालिका, पुन्हाना) में यह 46 प्रतिशत था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि सभी शहरी स्थानीय निकायों को घर-घर जाकर अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन और प्रसंस्करण पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा और दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

---

19 गुरुग्राम और पंचकुला द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

20 1. हेलीमंडी, 2. हिसार, 3. पलवल और 4. उकलाना।

2.7.6 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का द्वितीयक भंडारण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत "द्वितीयक भंडारण" का अर्थ है द्वितीयक अपशिष्ट भंडारण डिपो या सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं[21] (एम.आर.एफ.) या कचरे के डिब्बों में संग्रहण के बाद ठोस अपशिष्ट का अस्थायी संरक्षण, ताकि अपशिष्ट को प्रसंस्करण या निपटान सुविधा तक आगे ले जाया जा सके। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (एच) के अंतर्गत स्थानीय निकायों को पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों की छंटाई के लिए सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएं या द्वितीयक भंडारण सुविधाएं स्थापित करना अपेक्षित है। 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की स्थिति ***परिशिष्ट 2.8*** में दी गई है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में 70 सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की आवश्यकता की तुलना में मार्च 2022 तक केवल 33 सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएं उपलब्ध थी। नमूना-जांच किए गए सात[22] शहरी स्थानीय निकायों में मार्च 2022 तक 38 सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की कमी थी। आवश्यक सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की संख्या का पता लगाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं की गई थी। इसके अभाव में, लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की कमी के बारे में डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सका।

सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की कमी के कारण अप्रसंस्कृत अपशिष्ट को डंपसाइट पर फेंक दिया गया। पृथक्करण में विफलता के कारण पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों की पुनर्प्राप्ति में भी विफलता हुई, जिसके परिणामस्वरूप इन संसाधनों को लैंडफिल में डंप किया गया। यह कीमती लैंडफिल साइट का उप-इष्टतम उपयोग भी था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि 58 शहरी स्थानीय निकायों में 86 सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभाग के उत्तर से पुष्टि होती है कि सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं की कमी थी।

2.7.7 सड़क सफाई के लिए मानवशक्ति

सड़कों की सफाई, नगर निगम अधिकारियों द्वारा स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर शहरी स्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की जाने वाली प्राथमिक सेवाओं में से एक है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 2.4.2 में सड़कों की सफाई के लिए पर्याप्त स्टाफ़ सहित सड़कों की सफाई के लिए एक सुनियोजित, समयबद्ध दैनिक प्रणाली पर जोर

---

21 इसका अभिप्राय ऐसी सुविधा से है, जहां गैर-खाद योग्य ठोस अपशिष्ट को स्थानीय निकाय या किसी अन्य इकाई या किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा अस्थायी रूप से संग्रहित किया जा सकता है, ताकि अपशिष्ट को वितरित करने या प्रसंस्करण या निपटान के लिए ले जाने से पहले अपशिष्ट बीनने वालों, अनौपचारिक पुनर्चक्रणकर्ताओं या स्थानीय निकाय या इकाई द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी अन्य कार्यबल के अधिकृत अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा अपशिष्ट के विभिन्न घटकों से पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को अलग करने, छांटने और निकालने में सुविधा हो।

22 गुरुग्राम: 30, हिसार: 3, कालका: 1, कैथल: 1, नारनौल: 1, पुन्हाना: 1, उकलाना: 1. पलवल में एक अतिरिक्त सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा है।

दिया गया है। इसके अलावा, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा अपनाए गए मानदंड के अनुसार, शहर में रहने वाले प्रत्येक 400 लोगों के लिए एक सफाई कर्मचारी होना चाहिए जो दैनिक आधार पर शहरी क्षेत्र की गलियों/सड़कों की सफाई करे। नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता की तुलना में अपेक्षित सफाई कर्मचारियों और कार्यरत सफाई कर्मचारियों की स्थिति ***तालिका 2.7*** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.7: वर्ष 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की स्थिति दर्शाने वाला विवरण

(आंकड़े संख्या में)

अवधि	अपेक्षित सफाईकर्मी	कार्यरत सफाईकर्मी	सफाई कर्मचारियों की कमी (प्रतिशत में)
2017-18	13,346	6,453	6,893 (52)
2018-19	13,872	6,666	7,206 (52)
2019-20	14,859	6,901	7,958 (54)
2020-21	16,522	13,248	3,274 (20)
2021-22	18,309	13,232	5,077 (28)

स्रोत: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

तालिका 2.7 से स्पष्ट है कि 2017-22 के दौरान सफाईकर्मियों की कमी 20 से 54 प्रतिशत तक थी। यद्यपि 2020-22 के दौरान सफाईकर्मियों की नियुक्ति में सुधार हुआ, किंतु मार्च 2022 तक अभी भी 5,077 सफाईकर्मियों (28 प्रतिशत) की कमी थी। सफाईकर्मियों की शहरी स्थानीय निकायवार स्थिति ***परिशिष्ट 2.9*** में दर्शाई गई है। लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए पांच[23] शहरी स्थानीय निकायों में 4,946 सफाईकर्मियों की कमी थी जबकि दो[24] शहरी स्थानीय निकायों में 593 सफाईकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती थी।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि वर्तमान में सफाई का कार्य आउटसोर्सिंग अनुबंधों के माध्यम से यांत्रिक और मैनुअल दोनों प्रकार से किया जा रहा है।

2.7.8 व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (जेडडी) के अनुसार, शहरी स्थानीय निकायों को यह सुनिश्चित करना अपेक्षित है कि किसी इकाई का संचालक ठोस अपशिष्ट को संभालने वाले सभी श्रमिकों को वर्दी, फ्लोरोसेंट जैकेट, हाथ के दस्ताने, रेनकोट, उपयुक्त जूते और मास्क सहित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पी.पी.ई.) प्रदान करे और इनका उपयोग कार्यबल द्वारा किया जाए।

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान, लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए आठ[25] शहरी स्थानीय निकायों में, अपशिष्ट के मैनुअल निपटान में शामिल श्रमिकों ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के उपयोग के संबंध में अनुबंध में शर्त के बावजूद सुरक्षात्मक उपकरण विशेष रूप से दस्ताने और जूते नहीं पहने थे।

[23] बहादुरगढ़: 511, फरीदाबाद: 1720, पलवल: 306, पानीपत: 2000 और सोनीपत: 409.

[24] गुरुग्राम: 553 और कैथल: 40.

[25] फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, कालका, नीलोखेड़ी, पलवल, पानीपत और सोनीपत।

सुरक्षात्मक उपकरणों का उपयोग न करने से अपशिष्ट प्रबंधन में लगे व्यक्तियों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि शहरी स्थानीय निकायों द्वारा यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि ठेकेदार सभी श्रमिकों को उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदान करें।

2.7.9 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के लिए वाहनों की उपलब्धता

परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्थानीय परिस्थितियों और लैंडफिल साइटों के स्थान के आधार पर, शहरी स्थानीय निकाय कचरे के संग्रह और परिवहन के लिए विभिन्न प्रकार के वाहनों जैसे पुश-कार्ट, ऑटो टिप्पर, ट्रैक्टर, टिप्पर ट्रक और कॉम्पैक्टर का उपयोग करते हैं। 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए 14[26] शहरी स्थानीय निकायों में वाहनों की स्थिति ***तालिका 2.8*** में दी गई है।

तालिका 2.8: नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों में वाहनों की स्थिति

अवधि	अपेक्षित वाहनों की कुल संख्या	उपलब्ध वाहनों की संख्या	कमी (प्रतिशत में)
2017-18	294	215	79 (27)
2018-19	332	236	96 (29)
2019-20	376	299	77 (20)
2020-21	494	360	134 (27)
2021-22	515	405	110 (21)

स्रोत: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायवार स्थिति ***परिशिष्ट 2.10*** में दर्शाई गई है। नमूना-जांच किए गए चार[27] शहरी स्थानीय निकायों ने मार्च 2022 तक 110 वाहनों की कमी की सूचना दी। अधिकतम कमी (50 प्रतिशत) नगर निगम, हिसार द्वारा बताई गई थी। अपेक्षित वाहनों की संख्या निर्धारित करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं की गई थी। इसके अभाव में, लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वाहनों की कमी के संबंध में उपलब्ध कराए गए डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सका।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), विभाग ने बताया कि वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए इस मामले पर विचार किया जा रहा है।

2.7.9.1 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्राप्त ट्रैक्टरों/ट्रॉलियों का उपयोग

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत नगर निगम, फरीदाबाद (एम.सी.एफ.) को ₹ 81.22 लाख की लागत के 25 छोटे ट्रैक्टर और ट्रॉलियां दान की (मार्च 2022)।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नगर निगम, फरीदाबाद ने नगर निगम ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, परिवहन और प्रसंस्करण से संबंधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों को एक निजी एजेंसी

[26] चार शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और पानीपत) को छोड़कर, जहां एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य निजी रियायतग्राहियों को दिया गया है।

[27] हिसार: 96, कालका: 7, पुन्हाना: 4 और उकलाना: 3

को आउटसोर्स किया था। नगर निगम, फरीदाबाद ने मार्च 2022 में इन ट्रैक्टरों को एजेंसी को सौंप दिया। इन ट्रैक्टरों/ट्रॉलियों को दिसंबर 2022 में नगर निगम, फरीदाबाद को वापस कर दिया गया क्योंकि एजेंसी ने नगर निगम, फरीदाबाद को ट्रैक्टरों/ट्रॉलियों की लागत का भुगतान करने से इनकार कर दिया था। तब से, ये नगर निगम, फरीदाबाद के पास पड़े हैं। इस प्रकार, इन ट्रैक्टरों/ट्रॉलियों का उपयोग नगर निगम, फरीदाबाद में नहीं किया जा सका, तथापि, नगर निगम, फरीदाबाद ने अन्य शहरी स्थानीय निकायों में इनके उपयोग के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के साथ मामला नहीं उठाया।

इस प्रकार, नगर निगम, फरीदाबाद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण वैधानिक प्रावधान का लाभ उठाने में विफल रहा। इसके परिणामस्वरूप ठोस अपशिष्ट गतिविधियों में ₹ 81.22 लाख मूल्य के वाहनों का उपयोग नहीं हो पाया।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि नगर निगम फरीदाबाद एक एजेंसी को कार्य सौंपने की प्रक्रिया में था, जो चालक, ईंधन और रखरखाव सेवाएं प्रदान करेगी, ताकि निर्धारित द्वितीयक संग्रहण बिंदुओं तक कचरे को ले जाने के लिए वाहनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

2.7.10 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (वी) में प्रावधान है कि स्थानीय निकाय ठोस अपशिष्ट के विभिन्न घटकों के इष्टतम उपयोग के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी अपनाते हुए स्वयं या निजी क्षेत्र की भागीदारी से या किसी एजेंसी के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं और संबद्ध अवसंरचना के निर्माण, संचालन और रखरखाव की सुविधा प्रदान करेंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय सभी स्थानीय निकायों (शहरी स्थानीय निकाय) द्वारा इन नियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है।

वर्ष 2017-22 के दौरान हरियाणा में सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उत्पन्न, प्रसंस्कृत और डंप किए गए ठोस अपशिष्ट का विवरण ***तालिका 2.9*** में दिया गया है।

तालिका 2.9: सभी शहरी स्थानीय निकायों में उत्पन्न, प्रसंस्कृत और डंप किए गए ठोस अपशिष्ट की स्थिति

वर्ष	कुल उत्पन्न अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	कुल प्रसंस्कृत अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	कुल अप्रसंस्कृत अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	राज्य में एक वर्ष में उत्पन्न कुल अपशिष्ट[$] (लाख टन)	एक वर्ष में डंपसाइट पर डाला गया अप्रसंस्कृत अपशिष्ट[$] (लाख टन)
2017-18	4,394	750	3,644(83)	16.04	13.30
2018-19	4,636	816	3,820(82)	16.92	13.94
2019-20	5,232	1,621	3,611(69)	19.10	13.18
2020-21	5,352	3,124	2,228(42)	19.53	8.13
2021-22	8,766	4,297	4,469(51)	31.99	16.31
कुल				**103.58**	**64.86**

स्रोत: हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

$ ये आंकड़े प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट को 365 से गुणा करके निकाले गए हैं।

कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशतता दर्शाते हैं।

तालिका 2.9 से स्पष्ट है कि 2017-22 के दौरान कुल 103.58 लाख टन अपशिष्ट उत्पन्न हुआ, जिसमें से 64.86 लाख टन अपशिष्ट अर्थात 63 प्रतिशत बिना किसी प्रसंस्करण के डंपसाइट पर

फेंक दिया गया। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में अप्रसंस्कृत अपशिष्ट की प्रतिशतता कम हुई है, लेकिन डंप किए गए अप्रसंस्कृत अपशिष्ट की बढ़ती मात्रा के अनुरूप प्रयास नहीं किए गए।

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से, 11 शहरी स्थानीय निकायों[28] ने दैनिक नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण को पूरी तरह से आउटसोर्स किया था और तीन शहरी स्थानीय निकायों[29] ने दैनिक एकत्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण को आंशिक[30] रूप से आउटसोर्स किया था। शेष चार शहरी स्थानीय निकायों[31] में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण की कोई सुविधा नहीं थी। 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उत्पन्न, प्रसंस्कृत और डंप किए गए ठोस अपशिष्ट का विवरण ***तालिका 2.10*** में दिया गया है।

तालिका 2.10: नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में उत्पन्न, प्रसंस्कृत और डंप किए गए ठोस अपशिष्ट का विवरण

वर्ष	कुल उत्पन्न अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	कुल प्रसंस्कृत अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	कुल अप्रसंस्कृत/डंप किया गया अपशिष्ट (टन प्रतिदिन)	एक वर्ष में कुल अपशिष्ट उत्पादन$ (लाख टन)	पूरे वर्ष में डंप स्थलों पर डाला गया अप्रसंस्कृत अपशिष्ट$ (लाख टन)
2017-18	2,537	132	2,405 (95)	9.26	8.77
2018-19	2,965	217	2,748 (93)	10.82	10.03
2019-20	3,237	669	2,568 (79)	11.82	9.37
2020-21	3,140	1,020	2,120 (68)	11.46	7.73
2021-22	3,209	1,832	1,377 (43)	11.71	5.03
कुल				**55.07**	**40.95**

स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

$ ये आंकड़े प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट को 365 से गुणा करके निकाले गए हैं।

कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशतता दर्शाते हैं।

नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों (8 अप्रैल 2016) की अधिसूचना के बाद भी, पिछले पांच वर्षों के दौरान 40.95 लाख टन अप्रसंस्कृत अपशिष्ट डंप किया गया था। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि 2021-22 के दौरान केवल तीन शहरी स्थानीय निकाय[32] अपने अपशिष्ट का 100 प्रतिशत प्रसंस्करण कर रहे थे, जबकि तीन शहरी स्थानीय निकाय[33] अपने अपशिष्ट का 80 प्रतिशत से अधिक प्रसंस्करण के बिना डंप कर रहे थे और शेष 12 शहरी स्थानीय निकाय[34] छ: से 79 प्रतिशत तक अप्रसंस्कृत अपशिष्ट डंप कर रहे थे।

नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में प्रसंस्करण की कम दर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अपर्याप्त अवसंरचना के कारण थी। विद्यमान अवसंरचना, क्षमता और कार्यक्षमता दोनों के

---

28 1. बहादुरगढ़, 2. बेरी, 3. फरीदाबाद, 4. गुरुग्राम, 5. कैथल, 6. नीलोखेड़ी, 7. पलवल, 8. पानीपत, 9. शाहबाद, 10. सोनीपत और 11. टोहाना।

29 1. हिसार, 2. कालका और 3. पंचकुला।

30 गतिविधियों को या तो सभी वार्डों के लिए आउटसोर्स नहीं किया गया या फिर सभी गतिविधियों को आउटसोर्स नहीं किया गया।

31 1. हेलीमंडी, 2. पुन्हाना, 3. नारनौल और 4. उकलाना।

32 1. कैथल, 2. नीलोखेड़ी और 3. सोनीपत।

33 1. हेलीमंडी: 100 प्रतिशत, 2. पानीपत: 86 प्रतिशत और 3. पुन्हाना: 80 प्रतिशत।

34 1. बहादुरगढ़: 55 प्रतिशत, 2. बेरी: 44 प्रतिशत, 3. फरीदाबाद: 8 प्रतिशत, 4. गुरुग्राम: 66 प्रतिशत, 5. हिसार: 47 प्रतिशत, 6. कालका: 10 प्रतिशत, 7. नारनौल: 79 प्रतिशत, 8. पलवल: 20 प्रतिशत, 9. पंचकुला: 24 प्रतिशत, 10. शाहबाद: 6 प्रतिशत, 11. टोहाना: 71 प्रतिशत और 12. उकलाना: 67 प्रतिशत।

मामले में अपर्याप्त थी और उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट की बढ़ती मात्रा को संभालने में असमर्थ थी। यह राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों पर लगाए गए जुर्माने के रूप में भी प्रतिबिंबित हुआ, जैसा कि ***अनुच्छेद 2.7.11*** और ***2.8.3.1*** में चर्चा की गई है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां 2017-22 के डेटा पर आधारित हैं और उसके बाद महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं और अब 90 प्रतिशत नए अपशिष्ट का प्रसंस्करण किया जा रहा है। उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि विभाग ने अपने उत्तर के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। इसके अलावा, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के शहरी स्थानीय निकायों ने उत्पन्न कचरे के केवल 65.15 प्रतिशत का ही उपचार किया था।

2.7.11 सैनिटरी लैंडफिल साइट की स्थापना

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (डब्ल्यू) में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय नियमों की अधिसूचना की तिथि से तीन वर्ष के भीतर स्वयं या किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से सैनिटरी लैंडफिल और संबंधित अवसंरचना का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेंगे।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से केवल दो शहरी स्थानीय निकायों[35] में ही क्रियाशील सैनिटरी लैंडफिल साइट थे तथा शेष 16 शहरी स्थानीय निकायों में लैंडफिल साइट नहीं थे और वे विभिन्न डंप स्थलों पर मिश्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट डंप कर रहे थे।

झुरीवाला डंपसाइट, पंचकुला में प्रसंस्करण के बिना नगरपालिका ठोस अपशिष्ट

लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि नमूना-जांच किए गए दो शहरी स्थानीय निकाय (नगर निगम, पंचकुला और नगर परिषद, कालका) झूरीवाला साइट, जो एक वन्यजीव अभयारण्य से सटे समृद्ध जैव विविधता वाले प्राकृतिक जंगल में स्थित है, पर प्रसंस्करण के बिना नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को डंप कर रहे थे।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 15 नवंबर 2022 के अपने आदेश के अंतर्गत नगर निगम, पंचकुला और नगर परिषद, कालका पर साइट से निकलने वाले रिसाव के प्राकृतिक नाले के स्टार्म वाटर के साथ मिलकर घग्गर नदी में मिलने के कारण जल प्रदूषण और वन एवं वन्यजीव कानूनों के उल्लंघन के लिए क्रमशः ₹ नौ करोड़ और ₹ एक करोड़ की पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाई। शहरी स्थानीय निकायों ने दिसंबर 2022 में पर्यावरण क्षतिपूर्ति जमा कर दी।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि झुरीवाला डंपिंग साइट को साफ कर दिया गया है और अब वहां अपशिष्ट का प्रसंस्करण नहीं किया जाता है। वर्तमान में, इस साइट का उपयोग केवल स्थानांतरण स्टेशन के रूप में किया जा रहा है तथा

[35] पानीपत और सोनीपत।

स्टेशन से प्रतिदिन कचरा साफ किया जाता है। पंचकुला और कालका से अपशिष्ट को क्रमशः पटवी, अंबाला और यमुनानगर स्थित प्रसंस्करण स्थल पर भेजा जाता है। हालांकि, तथ्य यह है कि शहरी स्थानीय निकायों ने प्राकृतिक वन में स्थित अनुचित डंपसाइट का चयन किया और वन एवं वन्यजीव कानूनों के उल्लंघन के लिए पर्यावरण मुआवजे के रूप में ₹ 10 करोड़ का भुगतान करना पड़ा।

2.7.11.1 लैंडफिल/डंपसाइट पर बुनियादी सुविधाएं

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अनुसूची I (बी) में निर्दिष्ट किया गया है कि लैंडफिल साइटों पर कुछ सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। लेखापरीक्षा ने नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के साथ लैंडफिल/डंपसाइटों का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया। नमूना-जांच किए गए 13 शहरी स्थानीय निकायों[36] में लैंडफिल/डंपसाइटों पर बुनियादी सुविधाओं की अनुपलब्धता की स्थिति का विवरण ***तालिका 2.11*** में दिया गया है।

तालिका 2.11: नमूना-जांच किए गए 13 शहरी स्थानीय निकायों में लैंडफिल/डंपसाइटों पर सुविधाओं की स्थिति

क्र.सं.	लैंडफिल/डंपसाइटों पर अपेक्षित सुविधा का नाम	सुविधा उपलब्ध नहीं (शहरी स्थानीय निकायों की संख्या)
1	पेयजल	8
2	शौचालय की सुविधा	8
3	प्रकाश व्यवस्था	8
4	अग्नि सुरक्षा उपकरण	9
5	तौल पुल	9
6	उपकरण और मशीनरी के लिए शेल्टर	11
7	चौकीदार शेड	6
8	कार्यालय सुविधा	8
9	अपशिष्ट निरीक्षण सुविधा	9
10	वनस्पति आवरण/वृक्षारोपण	11
11	स्टार्म वाटर ड्रेन	10
12	आंतरिक सड़कें	9
13	पहुंच मार्ग	5
14	कंपाउंड दीवार और गेट	6
15	विंडरो प्लेटफ़ॉर्म	11

स्रोत: संयुक्त भौतिक सत्यापन रिपोर्ट।

तालिका 2.11 से देखा जा सकता है कि डंपसाइटों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी। लैंडफिल/डंपसाइटों पर नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में उपर्युक्त सुविधाओं की स्थिति ***परिशिष्ट 2.11*** में दर्शाई गई है। नौ[37] डंपसाइटों पर अग्निशमन सुरक्षा उपकरण, नौ[38] डंपसाइटों पर तौल पुल और आठ[39] डंपसाइटों पर लाईट की व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी।

---

[36] कालका, फरीदाबाद और पुन्हाना में कोई समर्पित डंपसाइट नहीं है। पलवल और हेलीमंडी में डंपसाइट को साफ कर दिया गया।

[37] 1. बेरी, 2. हिसार, 3. कैथल, 4. नारनौल, 5. पानीपत, 6. पंचकुला, 7. शाहबाद, 8. टोहाना, 9. उकलाना।

[38] 1. बेरी, 2. हिसार, 3. कैथल, 4. नीलोखेड़ी, 5. पानीपत, 6. पंचकुला, 7. शाहबाद, 8. टोहाना, 9. उकलाना।

[39] 1. हिसार, 2. कैथल, 3. पानीपत, 4. पंचकुला, 5. नीलोखेड़ी, 6. शाहबाद, 7. टोहाना, 8. उकलाना।



हिसार में डंपसाइट

कैथल में डंपसाइट

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि भूमि पुन:ग्रहण कार्य के भाग के रूप में लैंडफिल और डंपसाइटों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के बाद शीघ्र ही परिचालित किए जाएंगे।

2.7.11.2 राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकार

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15 (वाई) में प्रावधान है कि यदि अपशिष्ट की मात्रा सैनिटरी लैंडफिल सहित प्रतिदिन पांच मीट्रिक टन से अधिक हो, तो नगरपालिका प्राधिकारी या किसी सुविधा के संचालक को अपशिष्ट प्रसंस्करण, उपचार या निपटान सुविधा स्थापित करने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकार प्राप्त करना आवश्यक है। वर्ष 2017-22 की अवधि के दौरान हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदान की गई डंपसाइटों और प्राधिकार की संख्या ***तालिका 2.12*** में दी गई है।

तालिका 2.12: वर्ष 2017-22 के दौरान राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों की डंपसाइटों की स्थिति और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिए गए प्राधिकार

वर्ष	प्रतिदिन पांच टन से अधिक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले शहरी स्थानीय निकाय (संख्या)	डंपसाइटों की संख्या	हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनुमत प्राधिकरण (संख्या)
2017-18	80	65	शून्य
2018-19	84	65	शून्य
2019-20	86	69	शून्य
2020-21	88	76	शून्य
2021-22	89	77	शून्य

स्रोत: हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 2021-22 के दौरान 77 डंपसाइट थी, जहां शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकार के बिना कचरा डंप कर रहे थे। हालांकि, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बिना प्राधिकार के अपशिष्ट के निपटान के लिए संबंधित शहरी स्थानीय निकायों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। जब लेखापरीक्षा द्वारा इस मामले की ओर ध्यान दिलाया गया (अप्रैल 2023) तो हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उत्पन्न अपशिष्ट के प्रसंस्करण, उपचार या निपटान के लिए प्राधिकार प्राप्त न करने के लिए 74 शहरी स्थानीय निकायों को कारण बताओ नोटिस जारी किया (अप्रैल 2023)।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

2.7.11.3 पर्यावरण क्षतिपूर्ति

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विभिन्न अधिनियमों और नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन में हरियाणा राज्य के पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली औद्योगिक इकाइयों और अन्य निकायों पर "प्रदूषणकर्ता भुगतान सिद्धांत" के आधार पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति की जांच करने, निर्धारण करने और लागू करने के लिए संशोधित[40] प्रक्रिया/दिशानिर्देश जारी किए (दिसंबर 2021)। प्रक्रिया/दिशानिर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ अनुचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए संबंधित व्यक्ति/निकाय पर लगाए जाने वाले पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि की गणना के लिए तीन घटकों[41] से संबंधित सूत्र[42] शामिल हैं। यह सूत्र नियमों के अनुसार उत्पन्न अपशिष्ट और निपटाए गए अपशिष्ट के बीच के अंतर के आधार पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि की गणना करता है। जैसा कि ***तालिका 2.9*** में दर्शाया गया है, 2017-22 के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट और निपटाए गए अपशिष्ट के बीच लगातार अंतराल थे, हालांकि, मार्च 2023 तक, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के लगातार उल्लंघन के लिए पर्यावरण क्षतिपूर्ति का अध्ययन/मूल्यांकन नहीं किया था।

लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया कि राज्य में 50 शहरी स्थानीय निकाय ऐसे थे जिनमें मार्च 2022 तक उत्पन्न अपशिष्ट और निपटाए गए अपशिष्ट के बीच अंतर था। तथापि, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का निर्धारण करने तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने के लिए कोई अध्ययन/मूल्यांकन नहीं किया था। निर्धारित फार्मूले के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि, संचालन एवं रखरखाव लागत (₹ 41.98 लाख) और पर्यावरणीय बाह्य प्रभावों (₹ 2.28 लाख) के कारण प्रतिदिन[43] ₹ 44.26 लाख तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार अपशिष्ट का निपटान न करने के लिए 50 शहरी स्थानीय निकायों के लिए पूंजीगत लागत के कारण निर्धारित लागत के रूप में ₹ 50.38 करोड़ थी। शहरी स्थानीय निकायवार विवरण ***परिशिष्ट 2.12*** में दिया गया है। इस प्रकार, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अप्रसंस्कृत अपशिष्ट की डंपिंग के विरूद्ध कार्रवाई शुरू न करके ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत सौंपे गए अपने उत्तरदायित्वों को पूरा नहीं किया।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने उत्तर में बताया (30 जनवरी 2024) कि संशोधित प्रक्रिया/दिशानिर्देशों (दिसंबर 2021) के अनुसार पाए गए उल्लंघनों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा समय-समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बोर्ड का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि बोर्ड ने अप्रसंस्कृत

---

40 पर्यावरण क्षतिपूर्ति की गणना के लिए मूल प्रक्रिया/दिशानिर्देश हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 29 अप्रैल 2019 के आदेश द्वारा जारी किए गए थे।

41 1. पूंजीगत लागत: निश्चित 2. संचालन एवं रखरखाव लागत: परिवर्तनीय और 3. पर्यावरणीय बाह्यताएं: परिवर्तनीय।

42 पर्यावरण क्षतिपूर्ति (₹ लाख) = 2.4 (अपशिष्ट उत्पादन - नियमों के अनुसार निपटाया गया अपशिष्ट) + 0.02 (अपशिष्ट उत्पादन - नियमों के अनुसार निपटाया गया अपशिष्ट) x N + पर्यावरणीय बाह्यता की सीमांत लागत x (अपशिष्ट उत्पादन - नियमों के अनुसार निपटाया गया अपशिष्ट) x N. यहां "N" हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की तिथि से संबंधित प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित क्षमता प्रणाली प्रदान किए जाने तक के दिनों की संख्या है।

43 सूत्र के अनुसार, पर्यावरण क्षतिपूर्ति की सटीक मात्रा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश की तिथि से संबंधित प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित क्षमता प्रणाली प्रदान किए जाने तक के दिनों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जा सकती है।

अपशिष्ट को डंप करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों के विरूद्ध कोई पर्यावरण क्षतिपूर्ति नहीं लगाई है। इसके अलावा, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का निर्धारण करने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया था।

2.7.12 लीगेसी अपशिष्ट की बायोमाइनिंग और जैविक उपचार

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 15(जेडजे) में प्रावधान है कि स्थानीय निकायों को सभी पुराने खुले डंपसाइटों और मौजूदा संचालित डंपसाइटों की बायोमाइनिंग और जैविक उपचार[44] की संभावनाओं के लिए जांच और विश्लेषण करना होगा और जहां भी संभव हो, वहां पर बायोमाइनिंग या जैविक उपचार के लिए अपेक्षित कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, नियम 15(जेडके) में प्रावधान है कि डंप साइट के बायोमाइनिंग और जैविक उपचार की क्षमता के अभाव में, पर्यावरण को और अधिक हानि से बचाने के लिए इसे लैंडफिल कैपिंग मानदंडों के अनुसार वैज्ञानिक रूप से कैपिंग की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 22 में पुराने और असंचालित डंप स्थलों के जैविक उपचार या कैपिंग के कार्यान्वयन के लिए नियमों की अधिसूचना की तिथि (8 अप्रैल 2016) से पांच वर्ष की समय-सीमा निर्धारित की गई है। लीगेसी अपशिष्ट का उपचार न किए जाने से पर्यावरण और जन स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि शहरी स्थानीय निकायों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में निर्धारित समय-सीमा का पालन करने के लिए लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा का वैज्ञानिक मूल्यांकन और संसाधन का परिचालन सुनिश्चित नहीं किया। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को अपनी नगरपालिकाओं में आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद वर्तमान डंप साइटों पर विद्यमान लीगेसी अपशिष्ट के जैविक उपचार के लिए निविदाएं आमंत्रित करने के लिए देर से (22 अप्रैल 2020) निर्देश दिया। राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों और नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा लीगेसी अपशिष्ट के जैविक उपचार की स्थिति क्रमशः ***तालिका 2.13 और 2.14*** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.13: अप्रैल 2023 तक हरियाणा के शहरी स्थानीय निकायों में लीगेसी अपशिष्ट के जैविक उपचार की स्थिति

डंपसाइटों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)	डंपसाइटों पर आबंटित कार्य (संख्या में)	डंपसाइटों पर पूरा किया गया कार्य (संख्या में)	प्रसंस्कृत अपशिष्ट की मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)
76	101.39	46	17	52.62

स्रोत: शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी

तालिका 2.13 से यह स्पष्ट है कि अप्रैल 2021 से दो वर्ष बीत जाने के बाद भी (अर्थात, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार लीगेसी अपशिष्ट को साफ करने की समय-सीमा) 29 डंपसाइटों[45] के संबंध में कार्य आबंटित भी नहीं किया गया और 48.77 लाख मीट्रिक टन

---

44 जैविक उपचार किसी क्षेत्र से प्रदूषकों को हटाने या उपयोग करने की प्रक्रिया है।

45 हेलीमंडी डंपसाइट के मामले में लीगेसी अपशिष्ट को पटौदी डंपसाइट में स्थानांतरित कर दिया गया था 1. बादली, 2. बराड़ा, 3. बरवाला, 4. बवानी खेड़ा, 5. भूना, 6. फिरोजपुर झिरका 7. हांसी, 8. होडल, 9. जाखल मंडी, 10. जुलाना, 11. कनीना 12. लाडवा, 13. महेंद्रगढ़ 14. नारनौंद, 15. नरवाना, 16. नूंह, 17. पेहोवा, 18. पुंडरी, 19. पुन्हाना, 20. राजौंद, 21. रतिया, 22. शाहबाद, 23. सीवान, 24. सोनीपत, 25. तावडू, 26. थानेसर, 27. टोहाना, 28. उचाना, 29. उकलाना।

(48 प्रतिशत) लीगेसी अपशिष्ट अप्रसंस्कृत पड़ा हुआ है (अप्रैल 2023)। शेष बचे लीगेसी अपशिष्ट के जैविक उपचार के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई की जानकारी लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई थी।

तालिका 2.14: अप्रैल 2023 तक नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में लीगेसी अपशिष्ट के जैविक उपचार की स्थिति

क्र.सं.	विवरण	
1	लीगेसी अपशिष्ट की डंपसाइटों की संख्या	16[46]
2	अनुमानित लीगेसी अपशिष्ट की कुल मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)	49.29
3	लीगेसी अपशिष्ट की संशोधित मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)	62.44
4	शहरी स्थानीय निकायों की संख्या जहां प्रसंस्करण के लिए कार्य आदेश दिया गया	11
5	अप्रैल 2023 तक प्रसंस्कृत लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)	29.29
6	अप्रैल 2023 तक अप्रसंस्कृत लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा (लाख मीट्रिक टन में)	33.15
7	शहरी स्थानीय निकायों की संख्या जहां काम पूरा हो गया	3[47]

स्रोत: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी

तालिका 2.14 से यह स्पष्ट है कि नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों ने शुरू में 16 डंपसाइटों पर 49.29 लाख मीट्रिक टन लीगेसी अपशिष्ट का निर्धारण किया था। हालांकि, बाद में लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा का निर्धारण करने पर, इस मात्रा को संशोधित करके 62.44 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया। यह उक्त संशोधन मुख्यतः दो कारणों से किया गया। पहला कारण, किसी भी शहरी स्थानीय निकाय ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि डंपसाइट पर फेंके जा रहे नए अपशिष्ट को लीगेसी अपशिष्ट से अलग रखा जाए। इससे पहले से मौजूद लीगेसी अपशिष्ट में और वृद्धि हो गई। दूसरा कारण लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा के वैज्ञानिक निर्धारण को न अपनाना था। लेखापरीक्षा में शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा लीगेसी अपशिष्ट की अनुमानित मात्रा का पता लगाने के लिए अपनाए गए किसी भी वैज्ञानिक विधि का पता नहीं चला।

मई 2020 से मार्च 2021 के दौरान 16 डंपसाइटों में से केवल 11 डंपसाइटों के लिए कार्य आबंटित किया गया था और अप्रैल 2023 तक 29.29 लाख मीट्रिक टन लीगेसी अपशिष्ट को प्रसंस्कृत किया जा सका। इस प्रकार, अप्रैल 2021 से दो वर्ष बीत जाने के बाद भी (अर्थात, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार लीगेसी अपशिष्ट को साफ करने की समय-सीमा), पांच डंपसाइटों के लिए कार्य अभी तक प्रदान नहीं किया गया था और 33.15 लाख मीट्रिक टन (53 प्रतिशत) लीगेसी अपशिष्ट प्रसंस्कृत किए बिना पड़ा हुआ था। नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों के मामले में स्थिति ***परिशिष्ट 2.13*** में दर्शाई गई है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि राज्य में लीगेसी अपशिष्ट की स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में काफी सुधार हुआ है और 1 अगस्त 2024 तक 62.44 लाख मीट्रिक टन में से 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक लीगेसी अपशिष्ट का प्रसंस्करण किया जाना शेष है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि राज्य के शहरी स्थानीय निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा से तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने

[46] नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से फरीदाबाद और गुरुग्राम में एक ही साइट है। इसी प्रकार, कालका और पंचकुला में एक ही लीगेसी अपशिष्ट साइट है।

[47] पलवल, हेलीमंडी और नीलोखेड़ी।

के बावजूद लीगेसी अपशिष्ट का प्रसंस्करण करने में विफल रहे।

2.7.13 थोक अपशिष्ट उत्पादक

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, थोक अपशिष्ट उत्पादक[48] अपने स्वयं के अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुपालन के लिए थोक अपशिष्ट उत्पादकों पर शहरी स्थानीय निकायों के लिए दिशानिर्देश जारी किए (नवंबर 2017)। इन दिशानिर्देशों में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र सर्वेक्षण/व्यक्तिगत नोटिस/सार्वजनिक नोटिस/स्व-घोषणा के माध्यम से थोक अपशिष्ट उत्पादकों की पहचान/सत्यापन करेंगे और सार्वजनिक नोटिस जारी करके जनता को सूचित करेंगे कि थोक अपशिष्ट उत्पादकों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानों का एक वर्ष के भीतर अनुपालन करना अनिवार्य है। इसके अलावा, शहरी स्थानीय निकायों को विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा की स्थापना में थोक अपशिष्ट उत्पादकों को वित्तीय सहायता को छोड़कर सभी आवश्यक तकनीकी सहायता और समर्थन प्रदान करना अपेक्षित है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम शहरी स्थानीय निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का अनुपालन न करने पर थोक उत्पादकों द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट के आधार पर जुर्माना लगाने का अधिकार प्रदान करते हैं।

लेखापरीक्षा को कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत अपेक्षित थोक अपशिष्ट उत्पादकों की सटीक पहचान करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया था/सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया था। नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों[49] में थोक अपशिष्ट उत्पादकों की कुल संख्या तथा उनके स्वयं के अपशिष्ट (गीले अपशिष्ट) का प्रबंधन करने की सुविधा वाले थोक अपशिष्ट उत्पादकों की संख्या का विवरण ***तालिका 2.15*** में दिया गया है।

तालिका 2.15: नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में थोक अपशिष्ट उत्पादकों की स्थिति

अवधि	थोक अपशिष्ट उत्पादकों की कुल संख्या	इन-हाउस अपशिष्ट प्रसंस्करण की सुविधा वाले थोक अपशिष्ट उत्पादकों की संख्या	इन-हाउस अपशिष्ट प्रसंस्करण की सुविधा के बिना थोक अपशिष्ट उत्पादकों की संख्या
2017-18	352	37	315
2018-19	525	37	488
2019-20	773	200	573
2020-21	1,168	293	875
2021-22	1,293	338	955

स्रोत: नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी

[48] ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, "थोक अपशिष्ट उत्पादक" में केंद्र सरकार के विभाग या उपक्रम, राज्य सरकार के विभाग या उपक्रम, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या निजी कंपनियां, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, छात्रावास, होटल, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, बाजार, पूजा स्थल, स्टेडियम और खेल परिसर आदि के स्वामित्व वाले भवन शामिल हैं, जिनमें औसत अपशिष्ट उत्पादन दर 100 किलोग्राम प्रतिदिन (सभी अपशिष्ट धाराओं को मिलाकर) से अधिक है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम, 2018 के अनुसार, शहरी स्थानीय निकाय अपने स्थान पर अपशिष्ट प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए थोक अपशिष्ट उत्पादकों को उन श्रेणियों में वर्गीकृत कर सकते हैं जो 50 किलोग्राम/दिन या 25 किलोग्राम/दिन की सीमा को पार करते हैं।

[49] नगरपालिका, बेरी को छोड़कर।

तालिका 2.15 से यह स्पष्ट है कि 2021-22 के दौरान 955 (74 प्रतिशत) थोक अपशिष्ट उत्पादकों के पास आंतरिक गीला अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा नहीं थी। लेखापरीक्षा ने पाया कि शहरी स्थानीय निकायों ने इन थोक अपशिष्ट उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करने के लिए नोटिस जारी किए थे, हालांकि, केवल चार[50] शहरी स्थानीय निकायों ने 2017-22 के दौरान ₹ 8.90 लाख का जुर्माना वसूल किया था। शेष 14 शहरी स्थानीय निकायों ने अपने संबंधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों के दंड प्रावधानों के अनुसार कोई जुर्माना वसूल नहीं किया।

जिन थोक अपशिष्ठ उत्पादकों पर जुर्माना लगाया गया था, उनकी कुल संख्या और जुर्माने की दर के बारे में विवरण लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया था। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि नमूना-जांच किए गए 15 शहरी स्थानीय निकायों ने जून 2019 से दिसंबर 2021 के दौरान उपनियम जारी किए थे और संबंधित शहरी स्थानीय निकायों के उपनियमों के प्रावधान के अनुसार, 2020-22 के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करने के लिए थोक अपशिष्ट उत्पादकों पर ₹ 2.31 करोड़[51] का जुर्माना लगाया जाना था, लेकिन नहीं लगाया गया।

विभाग ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि शहरी स्थानीय निकायों ने समस्त राज्य में व्यक्तियों और थोक अपशिष्ट उत्पादकों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के प्रयास किए हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि बड़ी संख्या में थोक अपशिष्ट उत्पादकों के पास ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रावधानों के अनुसार आंतरिक प्रसंस्करण सुविधाएं नहीं थी।

2.7.14 अपशिष्ट के अंतर-राज्यीय परिवहन का विनियमन

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 16 (6) के अनुसार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपशिष्ट के अंतर-राज्यीय परिवहन को विनियमित करने के लिए उत्तरदायी था। हालांकि, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ठोस अपशिष्ट के अंतर-राज्यीय परिवहन को विनियमित करने के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किए थे।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने उत्तर में बताया (30 जनवरी 2024) कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ठोस अपशिष्ट के अंतर-राज्यीय परिवहन के बारे में दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को स्वयं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 16(6) के अंतर्गत अपेक्षितानुसार अपशिष्ट के अंतर-राज्यीय परिवहन को विनियमित करने के लिए निर्देश जारी करने चाहिए थे।

2.7.15 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों से संबंधित मानवशक्ति संबंधी बाधाएं

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 की धारा 1.4.5.4 में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रकोष्ठ या ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग होना चाहिए, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता गतिविधियों के लिए जन स्वास्थ्य अधिकारी,

---

50 नगर निगम, फरीदाबाद, नगर निगम, गुरुग्राम, नगर निगम, सोनीपत और नगर परिषद, बहादुरगढ़।

51 संबंधित शहरी स्थानीय निकायों के उपनियमों के प्रावधानों के अनुसार जुर्माने की दर ₹ 300 से ₹ 10,000 प्रतिमाह/एकमुश्त होगी। संबंधित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपनियमों की अधिसूचना से अगले वित्तीय वर्ष से जुर्माना राशि की गणना की गई है।

स्वच्छता अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सेनेटरी सब-इंस्पेक्टर, पर्यावरण अभियंता जैसे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल वाले कर्मचारी हों।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य के शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के लिए तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल वाली मानवशक्ति की कमी थी। राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 के अनुसार स्वच्छता निरीक्षक, सेनेटरी सब-इंस्पेक्टर और सेनेटरी सुपरवाइजर के स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरत और अपेक्षित मानवशक्ति की स्थिति ***तालिका 2.16*** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.16: 31 मार्च 2022 तक राज्य के शहरी स्थानीय निकायों में मानवशक्ति की स्थिति

पदनाम	नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 के अनुसार अपेक्षित मानवशक्ति	स्वीकृत पद	कार्यरत	नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 के अनुसार कमी	स्वीकृत पद के विरुद्ध कमी
	ए	बी	सी	डी=ए-सी	ई=बी-सी
सेनेटरी इंस्पेक्टर	216	76	39	177 (82)	37 (49)
सेनेटरी सब-इंस्पेक्टर	378	38	11	367 (97)	27 (29)
सेनेटरी सुपरवाइजर	741	141	20	721 (97)	121 (14)
कुल	**1,335**	**255**	**70**	**1,265 (95)**	**185 (25)**

स्रोत: शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी

कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशतता दर्शाते हैं।

जैसा कि ***तालिका 2.16*** से स्पष्ट है, राज्य में शहरी स्थानीय निकायों में न केवल उपर्युक्त पदों की स्वीकृत संख्या नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 के अनुरूप नहीं थी, बल्कि स्वीकृत पदों की तुलना में मानवशक्ति की उपलब्धता में भी कमी थी। इस कमी के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन नहीं होता, अनधिकृत डंपिंग होती है, तथा अनुचित अपशिष्ट निपटान प्रथाएं अनियंत्रित रहती हैं।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), विभाग ने बताया कि भविष्य में इस मामले पर विचार किया जाएगा।

2.7.16 विशेष अपशिष्ट का प्रबंधन

प्लास्टिक अपशिष्ट, बूचड़खाना अपशिष्ट और निर्माण एवं विध्वंस (सी. एंड डी.) अपशिष्ट के प्रबंधन से संबंधित लेखापरीक्षा परिणामों पर आगामी अनुच्छेदों में चर्चा की गई है:

2.7.16.1 प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2011 (पी.डब्लू.एम. नियम, 2011) को अधिसूचित किया (फरवरी 2011), जिसे भारत सरकार द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (पी.डब्लू.एम. नियम, 2016) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। ये नियम प्रत्येक अपशिष्ट उत्पादक, स्थानीय निकाय, विनिर्माता, आयातक और उत्पादक पर लागू होते हैं।

राज्य सरकार ने हरियाणा गैर-जैव-निम्नीकरणीय कचरा (नियंत्रण) अधिनियम, 1998 (अधिनियम) की धारा 3-ए के अंतर्गत वर्जिन और पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक कैरी बैग और पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक कंटेनर के विनिर्माण, बिक्री, वितरण, भंडारण, परिवहन और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया (20 अगस्त 2013)। राज्य सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों को अधिनियम

के प्रावधानों का पालन न करने पर जुर्माना लगाने और वसूलने के लिए भी अधिकृत किया।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2017-22 के दौरान, नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों ने प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों की बिक्री/उपयोग/कूड़ा फेंकने/जलाने के लिए अधिनियम की धारा 11(1) के अंतर्गत चालान जारी किए। दो शहरी स्थानीय निकायों[52] को छोड़कर इन नमूना-जांच किए गए 16 शहरी स्थानीय निकायों द्वारा जारी किए गए चालान, लगाए गए जुर्माने, वसूल की गई जुर्माने की राशि की वर्षवार स्थिति ***तालिका 2.17*** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.17: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में जारी किए गए चालान, लगाए गए जुर्माने, वसूल की गई जुर्माने की राशि का विवरण

वर्ष	जारी किए गए चालानों की संख्या (संख्या)	लगाया गया जुर्माना (₹ लाख में)	वसूल किया गया जुर्माना (₹ लाख में)	वसूली की प्रतिशतता
2017-18	308	3.09	1.29	42
2018-19	557	5.53	2.73	49
2019-20	1,928	19.49	8.94	46
2020-21	1,329	10.93	4.22	39
2021-22	5,725	63.46	14.06	22
कुल	**9,847**	**102.50**	**31.24**	**30**

स्रोत: नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा दी गई जानकारी

जैसा कि ***तालिका 2.17*** से स्पष्ट है, वर्ष 2017-22 के दौरान वसूली की प्रतिशतता बहुत कम अर्थात 30 प्रतिशत रही, जबकि इनमें से अधिकांश जुर्माने मौके पर ही लगाए गए थे, जिससे जुर्माना लगाने का निवारण प्रभाव विफल हो गया। नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायवार विवरण ***परिशिष्ट 2.14*** में दर्शाया गया है। यह भी पाया गया कि 79 प्रतिशत चालान केवल दो शहरी स्थानीय निकायों (नगर निगम, गुरुग्राम: 3,642 और नगर निगम, फरीदाबाद: 4,145) द्वारा जारी किए गए थे।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024) विभाग ने बताया कि प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जनता का सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावा, प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने और प्लास्टिक के वैकल्पिक उपयोग के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

2.7.16.2 सड़क निर्माण/ऊर्जा पुनर्प्राप्ति के लिए प्लास्टिक का उपयोग

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 5(बी) में प्रावधान है कि नगरपालिका प्राधिकारी/स्थानीय निकाय भारतीय सड़क कांग्रेस के दिशा-निर्देशों के अनुसार सड़क निर्माण या ऊर्जा पुनर्प्राप्ति या अपशिष्ट से तेल बनाने आदि के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट (अधिमानतः ऐसा प्लास्टिक अपशिष्ट जिसे आगे रिसाइकिल न किया जा सके) के उपयोग को प्रोत्साहित करेंगे। लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से केवल नगर निगम, गुरुग्राम ने प्लास्टिक अपशिष्ट का उपयोग करके 27 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया था (2020-21)। इस प्रकार, नमूना-जांच किए गए सभी शहरी स्थानीय निकायों (नगर निगम, गुरुग्राम को छोड़कर) ने प्लास्टिक अपशिष्ट के बेहतर उपयोग को नहीं अपनाया था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि प्लास्टिक

[52] नगर निगम टोहाना और नगर निगम हेलीमंडी के संबंध में वसूले गए जुर्माने के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं थी।

अपशिष्ट के बेहतर उपयोग का अवसर अभी भी लंबित है और आश्वासन दिया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य जल्द ही तेज कर दिया जाएगा।

2.7.16.3 आवारा मवेशियों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट खाने से उनकी मौत हो रही है

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 के अनुसार, भंडारण सुविधाओं को इस तरह से बनाए रखा जाए ताकि आवारा जानवरों की पहुंच अपशिष्ट तक न हो। स्रोत पर खराब पृथक्करण और घर-घर जाकर संग्रहण में कमी के परिणामस्वरूप, प्लास्टिक की थैलियों में पैक किए गए रसोई अपशिष्ट/फेंके गए भोजन को सड़कों के किनारे, खाली जमीनों और द्वितीयक संग्रहण स्थलों पर अनुचित तरीके से निपटाया जाता है। इस तरह के कचरे के निपटान से मवेशी (आवारा और घरेलू) आकर्षित होते हैं जो प्लास्टिक सहित बचे हुए भोजन को खाते हैं।

आवारा पशु खाद्य अपशिष्ट को बिखेरते/खाते हुए

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान, नमूना-जांच किए गए सभी शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न स्थानों पर और साथ ही डंपिंग ग्राउंड पर प्लास्टिक कचरे के साथ मिश्रित कचरे के ढेर पाए गए, जहां आवारा जानवरों की कचरे तक आसान पहुंच थी। आवारा जानवरों को चारों ओर फैले कचरे के ढेर पर प्लास्टिक की थैलियों में पैक खाद्य अपशिष्ट को बाहर निकालते या बिखेरते/खाते देखा गया।

राजकीय पशु चिकित्सालय, हिसार द्वारा मृत पशुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट (अगस्त 2019 से जनवरी 2020) के अनुसार, 18 मृत आवारा पशुओं के पेट में 60 किलोग्राम प्लास्टिक (एक से 15 किलोग्राम), रस्सियों का बंडल आदि पाया गया। इससे पता चलता है कि उत्पन्न प्लास्टिक कचरे का अनुचित प्रबंधन आवारा पशुओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरा उत्पन्न कर रहा था।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि ठोस अपशिष्ट संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण और सड़क सफाई के लिए नए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आर.एफ.पी.) में लीगेसी स्थलों, सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं को चारदीवारी से कवर करने और सभी कचरा संवेदनशील बिंदुओं (जी.वी.पी.) और द्वितीयक संग्रह केंद्रों पर कचरे के नियमित संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान के प्रावधान शामिल हैं। विभाग का उत्तर सामान्य प्रकृति का है और इसमें आवारा पशुओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट ग्रहण करने के कारण उनकी मृत्यु से संबंधित लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है।

2.7.16.4 बूचड़खाना अपशिष्ट

नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 की धारा 7.6 में प्रावधान है कि बूचड़खानों में उत्पादित अपशिष्ट सामग्री को यदि ठीक से संभाला और प्रबंधित नहीं किया जाता है तो यह स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खतरा बन सकती है। इसके अलावा, पशु क्रूरता निवारण (बूचड़खाना) नियम, 2001 के नियम 3(1) में प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति नगरपालिका क्षेत्र में किसी भी पशु का वध नहीं करेगा, सिवाय संबंधित प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त या लाइसेंस प्राप्त बूचड़खाने के।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जांच किए गए केवल छः[53] शहरी स्थानीय निकायों ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बूचड़खाने का निर्माण किया था, हालांकि, उनमें से कोई भी चालू नहीं था। परिणामस्वरूप, बूचड़खाने के कचरे के संग्रहण और निपटान के लिए निर्दिष्ट प्रक्रिया सुनिश्चित नहीं की जा सकी। इसके अलावा, यह पाया गया कि मटन/चिकन/मछली की दुकानों या मृत पशु से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट, इन दुकानों में उत्पन्न अन्य अपशिष्ट और तरल अपशिष्ट के साथ मिलकर नालियों में प्रवाहित हो जाता था, जो ऐसे अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन था।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), विभाग ने बताया कि इस मामले के समाधान के लिए शहरी स्थानीय निकायों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

2.7.16.5 निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट

भारत सरकार ने निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट[54] प्रबंधन (सी. एंड डी.डब्लू.एम.) नियम, 2016 तैयार किए (मार्च 2016), जिसमें विभिन्न हितधारकों की भूमिकाएं और उत्तरदायित्व परिभाषित किए गए हैं। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया में शामिल हितधारकों की भूमिकाएं और उत्तरदायित्व ***तालिका 2.18*** में दिए गए हैं।

तालिका 2.18: निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया में शामिल हितधारकों के उत्तरदायित्वों का विवरण

क्र.सं.	प्राधिकारी	कर्तव्य
1	राज्य सरकार और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के कर्तव्य	• निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन के संबंध में नीति तैयार करना। • निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के भंडारण, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण सुविधाओं की स्थापना के लिए उपयुक्त साईट उपलब्ध कराना। • अनुमोदित भूमि उपयोग योजना में साईट को शामिल करना। • नगरपालिका और सरकारी अनुबंधों में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट से बनी सामग्री की खरीद को अनिवार्य बनाना।
2	स्थानीय प्राधिकरण के कर्तव्य	• निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन करना। • अपशिष्ट के संग्रह के लिए उचित कंटेनरों की व्यवस्था करना और उन्हें रखना। • एकत्रित अपशिष्ट को प्रसंस्करण और निपटान के लिए उचित स्थानों पर ले जाना। • निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट से बनी सामग्री के उपयोग के लिए प्रोत्साहन देने का प्रावधान करना।
3	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्तव्य	• इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी करना। • केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण को प्राधिकार प्रदान करना।

स्रोत: निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016

---

[53] हिसार, कैथल, कालका, पलवल, सोनीपत और टोहाना।

[54] निर्माण एवं विध्वंस (सी. एंड डी.) में किसी भी नागरिक संरचना के निर्माण, री-मॉडलिंग, मरम्मत और विध्वंस के परिणामस्वरूप भवन सामग्री, मलबा और मलबे से युक्त अपशिष्ट शामिल हैं।

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 9(1) में प्रावधान है कि राज्य सरकार इन नियमों की अंतिम अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष के भीतर इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन के संबंध में अपना नीति दस्तावेज तैयार करेगी।

राज्य सरकार ने 43 माह की देरी से 23 नवंबर 2020 को निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नीति को स्वीकृति दी। नीति में प्रावधान है कि शहरी स्थानीय निकाय पांच लाख से कम आबादी वाले शहरी स्थानीय निकायों में नामित निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट भंडारण के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करेंगे और पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरी स्थानीय निकायों के लिए निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करेंगे। तदनुसार, तीन शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, फरीदाबाद और पानीपत) को निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के लिए अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा स्थापित करनी अपेक्षित थी और राज्य के शेष शहरी स्थानीय निकायों को निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के भंडारण के लिए भूमि की पहचान करनी अपेक्षित थी।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नगर निगम, गुरुग्राम और फरीदाबाद ने सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के अंतर्गत क्रमशः 1000 और 300 टन प्रतिदिन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट की प्रसंस्करण सुविधा स्थापित की थी। तदनुसार, नगर निगम, गुरुग्राम ने सितंबर 2019 से निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रसंस्करण शुरू कर दिया था। हालांकि, नगर निगम, फरीदाबाद निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रसंस्करण शुरू नहीं कर सका क्योंकि जिस एजेंसी को कार्य दिया गया था, वह कार्य के निष्पादन के लिए आगे नहीं आई। लेखापरीक्षा ने पाया कि नगर निगम, पानीपत में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के लिए कोई अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा स्थापित नहीं की गई थी। आंतरिक दस्तावेजों की समीक्षा से पता चला कि इसके लिए जो स्पष्ट कारण दिया गया था वह था कचरे का कम उत्पादन (अर्थात प्रतिदिन 50 टन से कम) जिसके कारण निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की स्थापना व्यवहार्य नहीं पाई गई। हालांकि, यह राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन की नीति के अनुरूप नहीं है। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि सात[55] शहरी स्थानीय निकायों ने नीति में निर्धारित निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के भंडारण के लिए स्थल की पहचान नहीं की।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि नगर निगम, फरीदाबाद में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सुविधा के संचालन में देरी रियायतकर्ता के गैर-अनुपालन के कारण हुई थी। नगर निगम, फरीदाबाद अब अनुबंध को लागू करने या गैर-निष्पादन के लिए इसे समाप्त करने के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

2.8 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की योजना, निर्माण और संचालन

क्या शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की योजना, निर्माण, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव प्रभावी और कुशल था।

इस संबंध में लेखापरीक्षा परिणाम नीचे दिए गए हैं:

[55] 1. इस्माइलाबाद, 2. कैथल, 3. कालावाली, 4. मानेसर, 5. सढौरा, 6. सिरसा और 7. सिवान।

2.8.1 एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं की योजना बनाना

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य नीति और रणनीति सार्वजनिक निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) मोड के अंतर्गत क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण पर राज्य स्तरीय एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य योजनाएं निर्धारित करती है। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने राज्य में शहरी स्थानीय निकायों के लिए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपयुक्त मॉडल के डिजाइन और कार्यान्वयन के लिए तकनीकी, विनियामक और संस्थागत पहलुओं पर सहायता प्रदान करने के लिए मेसर्स अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी (फर्म) को ट्रांजेक्शन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया (जुलाई 2014)। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अवसंरचना पर कैबिनेट उप-समिति की सिफारिशों (मार्च 2016) पर राज्य के शहरी स्थानीय निकायों को 15 क्लस्टरों में वर्गीकृत करके नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए योजना तैयार की।

यह निर्णय लिया गया (अगस्त 2017) कि तीन क्लस्टरों अर्थात फरीदाबाद, सोनीपत और रोहतक को अपशिष्ट से ऊर्जा आधार पर तथा शेष 12 क्लस्टरों को सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के अंतर्गत अपशिष्ट से खाद प्रौद्योगिकी पर विकसित किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अंबाला और करनाल क्लस्टरों को विलय करके क्लस्टर की संरचना को संशोधित किया, जिन्हें आरंभ में अपशिष्ट से खाद बनाने के मॉडल के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया था, संशोधित प्रस्ताव के अनुसार उन्हें अपशिष्ट से ऊर्जा के आधार पर विकसित किया जाएगा।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के अंतर्गत गुरुग्राम-फरीदाबाद और सोनीपत-पानीपत नामक दो क्लस्टरों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन के लिए अनुबंध प्रदान किया (अगस्त और सितंबर 2017)। सोनीपत-पानीपत क्लस्टर अगस्त 2021 में चालू हो गया और गुरुग्राम-फरीदाबाद क्लस्टर अभी तक चालू नहीं हो सका (अक्तूबर 2024)।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने क्लस्टरों की संरचना में संशोधन के साथ-साथ शेष क्लस्टरों को खुली प्रौद्योगिकी[56] के आधार पर विकसित करने के लिए एक संशोधित प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत किया (जुलाई 2020) और शेष क्लस्टरों की संख्या 12 से घटाकर 11 कर दी। क्लस्टर की शहरी स्थानीय निकायवार संरचना ***परिशिष्ट 2.15*** में दी गई है। इसके अलावा, नवंबर/दिसंबर 2022 में अपशिष्ट से खाद बनाने के मोड के अंतर्गत तीन क्लस्टरों[57] को आबंटित किया गया, जिनकी कमीशनिंग की निर्धारित तिथि अप्रैल/जून 2024 थी। निजी बोलीदाताओं से पर्याप्त प्रतिक्रिया की कमी के कारण शेष आठ क्लस्टरों[58] को आबंटित नहीं किया जा सका।

इस प्रकार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अधिसूचना के सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए केवल पांच क्लस्टर ही आबंटित कर सका, जिनमें से केवल एक क्लस्टर ही मार्च 2023

---

56 इसका तात्पर्य यह है कि बोलीदाता नगरपालिका अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान के लिए कोई भी तकनीक अपना सकता है, जैसे अपशिष्ट से बिजली या अपशिष्ट से खाद बनाना आदि।

57 1. भिवानी, 2. करनाल-कैथल-कुरुक्षेत्र, 3. सिरसा।

58 1. अंबाला-यमुनानगर, 2. फरुखनगर, 3. हिसार-फतेहाबाद, 4. जींद, 5. मानेसर-रेवाड़ी, 6. पलवल-पुन्हाना, 7. पंचकुला और 8. रोहतक-बहादुरगढ़-झज्जर।

तक चालू हो सका। परिणामस्वरूप, शहरी स्थानीय निकायों में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रसंस्करण किए बिना ही लैंडफिल स्थलों में निपटा दिया गया। इसके अलावा, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को भी समय पर क्रियान्वित नहीं किया जा सका। सोनीपत-पानीपत और फरीदाबाद-गुरुग्राम क्लस्टर की एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर क्रमशः ***अनुच्छेद 2.8.2*** और ***2.8.3*** में चर्चा की गई है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि इसने निविदाओं के लिए बोली लगाने के लिए कई प्रयास किए और अनुमोदन के लिए अपेक्षित प्रक्रियाओं का पालन किया, जिसमें काफी समय लगा। इसके अतिरिक्त, 2022-23 में, पंचकुला और फरुखनगर में भूमि की अनुपलब्धता के कारण शेष आठ क्लस्टरों को छः में विलय कर दिया गया।

2.8.2 एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का कार्यान्वयन: सोनीपत-पानीपत क्लस्टर

प्रतिस्पर्धी बोली के बाद एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के विकास के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, चार सहभागी शहरी स्थानीय निकायों[59] और मेसर्स जेबीएम पर्यावरण प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड (रियायतग्राही) के बीच 22 वर्ष की अवधि के लिए एक रियायत करार पर हस्ताक्षर किए गए (सितंबर 2017)। रियायत करार के अनुसार, रियायतग्राही की ओर से सेवा के दायरे में अन्य बातों के साथ-साथ परियोजना क्षेत्र में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का प्राथमिक संग्रह (दैनिक घर-घर संग्रह), द्वितीयक भंडारण, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को प्रसंस्करण सुविधा तक पहुंचाना, चिह्नित स्थल पर अपनी लागत पर प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना और संचालन, जिसमें कम से कम 5 मेगावाट क्षमता का अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित करना और प्रसंस्कृत अपशिष्ट के अंतिम निपटान के लिए सेनिटरी लैंडफिल साइट विकसित करना शामिल है। नगर निगम सोनीपत को सहभागी शहरी स्थानीय निकायों की ओर से कार्य करने के लिए निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय के रूप में नामित किया गया था। करार के अनुसार, रियायतग्राही को अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र सहित प्रसंस्करण सुविधाओं को पूरा करना था और रियायत करार पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 24 माह के भीतर, अर्थात 25 सितंबर 2019 तक वाणिज्यिक संचालन तिथि (सी.ओ.डी.) प्राप्त करनी थी। इसके अलावा, करार के निबंधनों एवं शर्तों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी अपेक्षित था:

- शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को 180 दिनों के भीतर रियायतग्राही और वितरण कंपनी (डिस्कॉम) के बीच विद्युत क्रय करार (पी.पी.ए.) का निष्पादन कराना होगा।
- रियायतग्राही को लागू कानून के अंतर्गत या उसके अनुसार अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करना होगा।
- सहभागी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा रियायतग्राही को सभी लागू अनुमोदन प्राप्त करने के लिए सहायता और भागीदारी की सुविधा प्रदान करनी होगी।

इसके अतिरिक्त, रियायतग्राही को वाणिज्यिक संचालन तिथि से पहले की अवधि के दौरान या

[59] अर्थात, 1. नगरपालिका, गन्नौर, 2. नगर निगम, पानीपत, 3. नगरपालिका, समालखा और 4. नगर निगम, सोनीपत।

दो वर्ष की अवधि तक, जो भी पहले हो, एकत्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रति टन ₹ 1,000 की दर से टिपिंग/परिवहन प्रभारों का भुगतान किया जाना था, बशर्ते कि यदि सहभागी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा चूक के मामले में या किसी अप्रत्याशित घटना के कारण दो वर्ष की अवधि से अधिक का विलंब होता है, तो विस्तारित अवधि में भी ₹ 1,000 प्रति टन की दर से टिपिंग प्रभारों का भुगतान किया जाना था। वाणिज्यिक संचालन तिथि के बाद, एकत्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रति टन ₹ 333 की दर से टिपिंग/परिवहन प्रभारों का भुगतान किया जाना था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि बिजली संयंत्र और अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए सोनीपत में साइट, करार पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद रियायतग्राही को सौंप दी गई थी (नवंबर 2017)। हालांकि, विद्युत क्रय करार को अंतिम रूप देने (सितंबर 2018), पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने (मई 2019) में देरी और अप्रत्याशित घटना (बाद के चरणों में कोविड-19 के दौरान) के कारण रियायतग्राही 23 माह की देरी के बाद 13 अगस्त 2021 को वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त कर सका। रियायतग्राही को पर्यावरणीय मंजूरी 20 माह बाद प्राप्त हुई और यही 23 माह की कुल देरी का मुख्य कारण था। परिणामस्वरूप, सहभागी शहरी स्थानीय निकायों को अक्तूबर 2019 से अगस्त 2021 के दौरान एकत्र किए गए नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के लिए रियायतकर्ता को ₹ 333 प्रति टन के बजाय ₹ 1,000 प्रति टन की उच्च दरों पर टिपिंग/परिवहन प्रभारों का भुगतान करना पड़ा। परिणामस्वरूप, नमूना-जांच किए गए दो शहरी स्थानीय निकायों (नगर निगम, पानीपत और नगर निगम, सोनीपत) को उसी अवधि के दौरान ₹ 28.81 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार वहन करना पड़ा। पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने और विद्युत क्रय करार को अंतिम रूप देने के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय की ओर से एक सुसंगत दृष्टिकोण अपेक्षित था। स्पष्टतः, यह अनुपस्थित था, जिससे देरी हुई, जिसके परिणामस्वरूप शहरी स्थानीय निकायों के वित्तीय संसाधनों पर भार पड़ा, जो बदले में राज्य सरकार से वित्तीय सहायता पर निर्भर थे।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि परियोजना के चालू होने में देरी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने में प्रक्रियागत देरी के कारण हुई। उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि नगर निगम, सोनीपत को रियायत करार के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार रियायतग्राही को समय पर मंजूरी प्राप्त करने में सहायता प्रदान करनी चाहिए थी।

2.8.2.1 रियायतग्राही द्वारा एकत्रित ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण

रियायतग्राही ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रहण और परिवहन का कार्य शुरू किया और एकत्रित अपशिष्ट को निंबरी डंपसाइट, पानीपत में डालना शुरू किया (22 फरवरी 2018)। रियायतग्राही ने फरवरी 2018 से अगस्त 2021 के दौरान नगर निगम, पानीपत के अधिकार क्षेत्र से एकत्र किए गए छः लाख मीट्रिक टन कचरे को निंबरी डंपसाइट पर डंप किया। इसी प्रकार, रियायतग्राही ने नगर निगम, सोनीपत में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रहण और परिवहन का कार्य शुरू किया (26 मार्च 2018) और मार्च 2018 से अगस्त 2021 तक एकत्रित दो लाख मीट्रिक टन नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को सोनीपत में डंप साइट पर डंप किया।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र की वाणिज्यिक संचालन तिथि (अगस्त 2021) प्राप्त करने के बाद भी, मार्च 2018 से अगस्त 2021 के दौरान एकत्र किया गया नगरपालिका ठोस अपशिष्ट दोनों डंप साइटों पर अप्रसंस्कृत पड़ा रहा (मार्च 2023), इस तथ्य के बावजूद कि रियायतग्राही को इसे भी प्रसंस्कृत करना अपेक्षित था।

रियायतग्राही द्वारा डंप किए गए आठ लाख मीट्रिक टन[60] अप्रसंस्कृत अपशिष्ट का लेखापरीक्षा अवधि (मार्च 2023) तक निपटान नहीं किया गया था। इसके अलावा, रियायतग्राही द्वारा डंप किया गया आठ लाख मीट्रिक टन अपशिष्ट डंपसाइट पर खुले स्थान पर पड़ा हुआ था जो पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। हालांकि, नगर निगम, सोनीपत ने अप्रसंस्कृत अपशिष्ट को हटाने के लिए रियायत करार की जोखिम एवं लागत क्लॉज का उपयोग नहीं किया।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि नगर निगम, सोनीपत क्षेत्र में वाणिज्यिक संचालन तिथि से पहले डंप किए गए अपशिष्ट को रियायतग्राही द्वारा प्रसंस्कृत किया गया है। हालांकि, नगर निगम, पानीपत क्षेत्र में वाणिज्यिक संचालन तिथि से पहले रियायतग्राही द्वारा डंप किए गए छः लाख मीट्रिक टन अप्रसंस्कृत अपशिष्ट के संबंध में उत्तर में कुछ नहीं कहा गया है।

2.8.2.2 रियायतग्राही को आउटपुट आधारित प्रोत्साहन का भुगतान

अनुबंध के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार, निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय (नगर निगम, सोनीपत) को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अधिसूचित टैरिफ (₹ 6.84 प्रति किलोवाट घंटा) और रियायत अवधि के दौरान वितरण कंपनी को निर्यात की गई बिजली के लिए रियायतग्राही द्वारा उद्धृत आउटपुट आधारित प्रोत्साहन (ओ.बी.आई.) (₹ 10.60 प्रति किलोवाट घंटा) के बीच के अंतर, जो ₹ 3.76 प्रति यूनिट था, का भुगतान करना अपेक्षित था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि रियायतग्राही ने अगस्त 2021 से दिसंबर 2022 के दौरान अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र में इनपुट के रूप में 3.64 लाख मीट्रिक टन नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का उपयोग किया था। रियायतग्राही ने इसी अवधि के दौरान 845.31 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि परियोजना क्षेत्र से केवल 2.78 लाख मीट्रिक टन नगरपालिका ठोस अपशिष्ट एकत्र किया गया था, जबकि शेष 0.86 लाख मीट्रिक टन (3.64 लाख मीट्रिक टन- 2.78 लाख मीट्रिक टन) नगरपालिका ठोस अपशिष्ट परियोजना क्षेत्र के बाहर के स्रोतों से एकत्र किया गया था। नगर निगम, सोनीपत ने भी इस संयंत्र के निरीक्षण (अक्तूबर और दिसंबर 2021) के दौरान पाया था कि रियायतग्राही शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की अनुमति के बिना परियोजना क्षेत्र के बाहर से नगरपालिका ठोस अपशिष्ट स्वीकार कर रहा था। इस प्रकार, रियायतग्राही ने 199.71 लाख यूनिट[61] अतिरिक्त बिजली उत्पन्न की, जिसके परिणामस्वरूप नगर निगम, सोनीपत को अगस्त 2021 से दिसंबर 2022 के दौरान

---

60 पानीपत: छः लाख मीट्रिक टन और सोनीपत: दो लाख मीट्रिक टन।

61 उत्पादित बिजली = 0.86 लाख मीट्रिक टन / 3.64 लाख मीट्रिक टन * 845.31 लाख यूनिट = 199.71 लाख यूनिट।

₹ 7.51 करोड़[62] की वित्तीय हानि हुई।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि परियोजना क्षेत्र के बाहर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के उपयोग का संज्ञान लेने के बाद, रियायतग्राही से विवरण मांगा गया है और इस मामले के निपटान के लिए एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

2.8.3 एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना: फरीदाबाद-गुरुग्राम क्लस्टर

प्रतिस्पर्धी बोली के बाद एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के विकास के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, दो सहभागी शहरी स्थानीय निकायों (अर्थात नगर निगम, फरीदाबाद और नगर निगम, गुरुग्राम) और मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (रियायतग्राही) के बीच 22 वर्ष की अवधि के लिए एक रियायत करार पर हस्ताक्षर किए गए (अगस्त 2017)। रियायत करार के अनुसार, रियायतग्राही की ओर से सेवा के दायरे में अन्य बातों के साथ-साथ परियोजना क्षेत्र में उत्पन्न नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का प्राथमिक संग्रह (दैनिक घर-घर संग्रह), द्वितीयक भंडारण, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को प्रसंस्करण सुविधा तक पहुंचाना, चिह्नित स्थल पर अपनी लागत पर प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना और संचालन, जिसमें कम से कम 10 मेगावाट क्षमता का अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित करना और प्रसंस्कृत अपशिष्ट के अंतिम निपटान के लिए सेनिटरी लैंडफिल साइट विकसित करना शामिल है। नगर निगम, गुरुग्राम को सहभागी शहरी स्थानीय निकायों की ओर से कार्य करने के लिए निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय के रूप में नामित किया गया था। करार के निबंधनों एवं शर्तों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी अपेक्षित था कि:

i. निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय को भागीदार शहरी स्थानीय निकायों के साथ समन्वय करना था तथा परियोजना के कार्यान्वयन के उद्देश्य से हस्तांतरण स्टेशनों, प्रसंस्करण सुविधा, लैंडफिल साइट के लिए अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत करार पर हस्ताक्षर करने से 30 दिनों के भीतर रियायतग्राही को जैसा है जहां है के आधार पर भार-मुक्त भूमि सौंपना सुनिश्चित करना था।

ii. रियायतग्राही को मौजूदा स्थल पर एकत्रित अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी/प्रक्रियाओं को अपनाना अपेक्षित था, ताकि भूमि को यथासंभव अधिकतम सीमा तक साफ किया जा सके, तथा यह प्रसंस्करण और निपटान संयंत्र की स्थापना के लिए अपेक्षित भूमि तक ही सीमित न हो।

iii. रियायतग्राही को लागू कानून के अंतर्गत या उसके अनुसार अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित था।

iv. रियायतग्राही को अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र सहित प्रसंस्करण सुविधाओं को पूरा करना था और रियायत करार पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 24 माह के भीतर, अर्थात 13 अगस्त 2019 तक वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करनी थी। यदि रियायतग्राही 24 माह की अवधि के भीतर विद्युत संयंत्र की वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करने में असमर्थ रहता है, तो रियायतग्राही को किसी क्षतिपूर्ति के बिना आपसी सहमति से अतिरिक्त

[62] 199.67 लाख यूनिट * ₹ 3.76 प्रति यूनिट = ₹ 750.76 लाख।

अवधि प्रदान की जाएगी। आपसी सहमति से अतिरिक्त अवधि में वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करने में किसी भी और विलंब के मामले में, रियायतग्राही पर प्रतिदिन के विलंब के लिए निष्पादन प्रतिभूति (₹ 33.05 करोड़) की 0.1 प्रतिशत की दर से परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति निर्दिष्ट शहरी स्थानीय निकाय द्वारा लगाई जाएगी।

v. रियायतग्राही को वाणिज्यिक संचालन तिथि से पहले की अवधि के दौरान या दो वर्ष की अवधि तक, जो भी पहले हो, एकत्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रति टन ₹ 1,000 की दर से टिपिंग/परिवहन प्रभारों का भुगतान किया जाना था, बशर्ते कि यदि सहभागी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा चूक के मामले में या किसी अप्रत्याशित घटना के कारण दो वर्ष की अवधि से अधिक का विलंब होता है, तो विस्तारित अवधि में भी ₹ 1,000 प्रति टन की दर से टिपिंग प्रभारों का भुगतान किया जाना था। वाणिज्यिक संचालन तिथि के बाद, एकत्रित नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के प्रति टन ₹ 333 की दर से टिपिंग/परिवहन प्रभारों का भुगतान किया जाना था।

नगर निगम, गुरुग्राम ने निर्धारित समयानुसार अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र की स्थापना और लैंडफिल साइट पर लीगेसी अपशिष्ट के प्रबंधन एवं उपचार के लिए बंधवाड़ी लैंडफिल साइट रियायतग्राही को सौंप दी (सितंबर 2017)। हालांकि, अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र की क्षमता को 10 मेगावाट से बढ़ाकर 15 मेगावाट करने के लिए पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने में विलंब के कारण रियायतग्राही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करने में विफल रहा। रियायतग्राही ने वाणिज्यिक संचालन तिथि को 30 दिसंबर 2022 तक बढ़ाने का अनुरोध किया (जुलाई 2020)। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने करार के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति लगाए बिना वाणिज्यिक संचालन तिथि को 01 नवंबर 2021 तक बढ़ा दिया। रियायतग्राही विस्तारित अवधि में भी वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करने में विफल रहा और उसने फिर से 30 दिसंबर 2024 तक वाणिज्यिक संचालन तिथि के विस्तार के लिए अनुरोध किया (सितंबर 2021), जिसमें कारण बताए गए, जैसे कि निर्दिष्ट स्थल पर भूमि की अनुपलब्धता और अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र की 15 मेगावाट से 25 मेगावाट तक विस्तारित क्षमता के लिए पर्यावरणीय मंजूरी लंबित है। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति लगाए बिना वाणिज्यिक संचालन तिथि को 31 अक्तूबर 2023 तक बढ़ा दिया (अक्तूबर 2021)।

लेखापरीक्षा ने पाया कि वाणिज्यिक संचालन तिथि में विस्तार के लिए रियायतग्राही द्वारा दिया गया कारण अर्थात निर्दिष्ट स्थल पर भूमि की अनुपलब्धता, तर्कसंगत नहीं था क्योंकि रियायतग्राही को रियायत करार की शर्त (ऊपर उल्लिखित क्रम संख्या ii) के अनुसार अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि का पुन:ग्रहण करने के लिए बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर जमा अपशिष्ट को साफ/प्रबंधित करना अपेक्षित था। इसके अलावा, करार के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार, पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करना रियायतग्राही का उत्तरदायित्व था। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि नवंबर 2019 में 15 मेगावाट के लिए पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने के बाद भी, रियायतग्राही ने बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर जमा अपशिष्ट को साफ नहीं किया। यह भी पाया गया कि रियायतग्राही का कहना था कि बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर जमा अपशिष्ट का प्रबंधन उसके दायरे में नहीं

आता। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने कानूनी राय लेने के लिए मामला महाधिवक्ता (ए.जी.) के पास भेज दिया। महाधिवक्ता ने बताया (अक्तूबर 2019) कि रियायतग्राही साइट पर संपूर्ण लीगेसी अपशिष्ट और लीचेट के प्रसंस्करण और प्रबंधन के लिए उत्तरदायी था। मौजूदा स्थल पर जमा अपशिष्ट का प्रबंधन करने में रियायतग्राही की ओर से विफलता को देखते हुए, राज्य सरकार ने रियायतग्राही के जोखिम एवं लागत पर नगर निगम, गुरुग्राम स्तर पर लीगेसी अपशिष्ट के साथ-साथ ताजा अपशिष्ट के उपचार से संबंधित कार्य शुरू करने का निर्णय लिया (अक्तूबर 2019)। इसके बावजूद, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय/नगर निगम, गुरुग्राम ने अक्तूबर 2021 में दूसरा विस्तार देते हुए जुर्माना लगाए बिना वाणिज्यिक संचालन तिथि को बढ़ा दिया।

करार के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार, 02 नवंबर 2021 से 31 मार्च 2022 तक वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करने में देरी के लिए परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति की गणना ₹ 4.92 करोड़[63] की गई। इसके अतिरिक्त, सहभागी शहरी स्थानीय निकायों को निर्धारित समय के अनुसार सितंबर 2019 से मार्च 2022 के दौरान उच्च टिपिंग/परिवहन प्रभारों के भुगतान के कारण ₹ 108.93 करोड़[64] का अतिरिक्त वित्तीय भार उठाना पड़ा। इस प्रकार, निर्धारित वाणिज्यिक संचालन तिथि के बाद से अतिरिक्त भुगतान करके रियायतग्राही को अनुचित लाभ दिया जा रहा था। नगर निगम, गुरुग्राम ने 14 जून 2024 तक रियायतग्राही की ओर से जोखिम एवं लागत के आधार पर किए गए कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों को ₹ 173.45 करोड़ का भुगतान किया।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि रियायतग्राही ने अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का निर्माण शुरू करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। कोई ड्राईंग तैयार नहीं की गई थी, कोई अनुमोदन प्राप्त नहीं किए गए तथा कोई तकनीकी मानवशक्ति/संसाधन तैनात नहीं किए गए थे। 31 अक्तूबर 2023 तक वाणिज्यिक संचालन तिथि के दूसरे विस्तार के दौरान, चूंकि रियायतग्राही का निष्पादन रियायत करार में निर्धारित मानक से कम रहा, इसलिए 01 नवंबर 2022 से टिपिंग फीस घटाकर ₹ 333 प्रति मीट्रिक टन कर दी गई थी। बार-बार अनुस्मारक/नोटिस के बाद भी रियायतग्राही ने अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य नहीं किया। परिणामस्वरूप, नगर निगम, गुरुग्राम द्वारा 03 जनवरी 2024 को ₹ 33.05 करोड़ की बैंक गारंटी प्रयोग कर ली गई और 14 जून 2024 को रियायत करार समाप्त कर दिया गया। विभाग का उत्तर लेखापरीक्षा के इस तर्क की पुष्टि करता है कि रियायतग्राही को दिया गया विस्तार उचित नहीं था।

2.8.3.1 गुरुग्राम-फरीदाबाद क्लस्टर का लीगेसी अपशिष्ट

गुरुग्राम-फरीदाबाद क्लस्टर का लीगेसी अपशिष्ट स्थल बंधवाड़ी गांव में स्थित है जो गुरुग्राम शहर से 5.98 किलोमीटर दूर है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने बंधवाड़ी साईट पर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के अवैज्ञानिक निपटान के कारण भूजल के लीचेट संदूषण और सतही जल के प्रदूषण के कारण मौद्रिक दृष्टि से पर्यावरण को हुई हानि की सीमा और बहाली की लागत निर्धारित करने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली और राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान की एक विशेषज्ञ समिति का

---

63 ₹ 33.05 करोड़ * 149 दिन * 0.1 प्रतिशत।

64 नगर निगम ठोस अपशिष्ट 16331.43 लाख मीट्रिक टन * ₹ 667 (₹ 1,000 - ₹ 333)।

गठन[65] किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लैंडफिल उत्सर्जन से वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, जलवायु और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए ₹ 148.46 करोड़ की क्षति का निर्धारण किया (फरवरी 2020)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराने के संवैधानिक दायित्व को निभाने में प्राधिकारियों और राज्य सरकारों की ओर से गंभीर चूक और निरंतर विफलता के दृष्टिगत लीगेसी अपशिष्ट की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए तीन सदस्यीय समिति[66] का गठन भी किया (जुलाई 2021)। समिति ने अपनी स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की (मार्च और अगस्त 2022), जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ इस बात पर प्रकाश डाला गया कि लीगेसी अपशिष्ट का संचय 38 मीटर की ऊंचाई के साथ 33 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ गया है, क्योंकि प्रतिदिन लगभग 2,000 टन नया अपशिष्ट जमा हो रहा था। इसके अलावा, प्रतिदिन 15,000 टन उपचार क्षमता की आवश्यकता के विपरीत, साइट पर केवल 5,100 टन प्रतिदिन की क्षमता उपलब्ध थी।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पर्यावरण और जन स्वास्थ्य को लगातार हो रही हानि के लिए पर्यावरण मुआवजे के रूप में अशोधित लीगेसी अपशिष्ट की मात्रा के लिए ₹ 100 करोड़ का जुर्माना लगाया (सितंबर 2022) और नगर निगम, गुरुग्राम को यह राशि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास जमा करने का निर्देश दिया। तदनुसार, नगर निगम, गुरुग्राम ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास ₹ 100 करोड़ जमा कराए (अक्तूबर 2022)।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय/नगर निगम, गुरुग्राम अनुचित रूप से दूसरा विस्तार प्रदान करने और खराब निष्पादन के बावजूद रियायतग्राही के विरूद्ध समय पर पेनल्टी कार्रवाई शुरू न करने के कारण रियायत करार पर हस्ताक्षर करने के बाद से पांच वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रियायत करार में सक्षम करने वाले क्लॉज के बावजूद रियायतग्राही से बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर लीगेसी अपशिष्ट को हटाने में विफल रहा, जैसा कि ***अनुच्छेद 2.8.3*** में चर्चा की गई है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि नगर निगम, गुरुग्राम के पास रियायतग्राही के जोखिम एवं लागत पर स्वयं ही कार्य शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। परिणामस्वरूप, नगर निगम, गुरुग्राम ने रियायतग्राही के जोखिम एवं लागत पर विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से लीगेसी अपशिष्ट और नए अपशिष्ट के प्रसंस्करण का कार्य आगे बढ़ाया।

इसके परिणामस्वरूप, नगर निगम, गुरुग्राम और नगर निगम, फरीदाबाद को न केवल ₹ 382.38 करोड़[67] का अतिरिक्त वित्तीय भार उठाना पड़ा, बल्कि ठोस अपशिष्ट को ऊर्जा में परिवर्तित करने का लक्ष्य भी अधूरा रह गया और परिणामतः, ठोस अपशिष्ट का निपटान

---

65 दिनांक 16 सितंबर 2015 के मूल आवेदन के संदर्भ में।

66 केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट, गुरुग्राम।

67 उच्च टिपिंग/परिवहन प्रभार: ₹ 108.93 करोड़, जोखिम एवं लागत के आधार पर किया गया कार्य: ₹ 173.45 करोड़ जैसा कि अनुच्छेद 2.8.3 में चर्चा की गई है और राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा लगाया गया जुर्माना: बंधवाड़ी स्थल पर लीगेसी अपशिष्ट के गैर-जैव-उपचार के लिए ₹ 100 करोड़।

पारंपरिक पद्धति से ही किया जाता रहा, जिसका पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

2.8.4 'बायो-मीथेनेशन' संयंत्र का उपयोग

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 15 (एम) के अनुसार, स्थानीय प्राधिकरण का यह कर्तव्य है कि वह सब्जी, फल, फूल, मांस, मुर्गी और मछली बाजार से दैनिक आधार पर अपशिष्ट एकत्र करे और बाजारों में या बाजारों के आसपास उपयुक्त स्थानों पर विकेन्द्रीकृत खाद संयंत्र या जैव-मीथेनेशन संयंत्र की स्थापना को बढ़ावा दे, जिससे स्वच्छतापूर्ण स्थिति सुनिश्चित हो सके।

स्वच्छ भारत अभियान पर भारत सरकार की पहल का समर्थन करने की दिशा में एक कदम के रूप में भोजन/रसोई के अपशिष्ट को बायोगैस में परिवर्तित करने के लिए फरीदाबाद में पांच टन प्रतिदिन की क्षमता वाले बायो-मीथेनेशन प्लांट की स्थापना के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, नगर निगम, फरीदाबाद और मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (मेसर्स इकोग्रीन) के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए गए (अप्रैल 2018)। करार के अनुसार

- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पूंजीगत व्यय, बायो-मीथेनेशन संयंत्र की खरीद और तीन वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए संयंत्र के नियमित संचालन एवं रखरखाव (ओ. एंड एम.) की निगरानी के लिए उत्तरदायी था। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को तीन वर्ष के संचालन के बाद संयंत्र का स्वामित्व नगर निगम, फरीदाबाद को सौंपना था, ताकि नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा संयंत्र का आगे भी संचालन एवं रखरखाव जारी रखा जा सके।
- मेसर्स इकोग्रीन दैनिक आधार पर संयंत्र को पांच मीट्रिक टन पृथक किए गए जैविक अपशिष्ट की नियमित आपूर्ति के लिए उत्तरदायी थी।
- नगर निगम, फरीदाबाद संयंत्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा पर्याप्त मात्रा में पृथक किए गए जैविक अपशिष्ट की नियमित आपूर्ति हेतु मेसर्स इकोग्रीन की निगरानी के लिए उत्तरदायी था।

इस संयंत्र से उत्पादित गैस को इस्कॉन सेंटर, फरीदाबाद को आपूर्ति की जानी थी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सेक्टर 13, फरीदाबाद में संयंत्र स्थापित किया और 2019-21 के दौरान अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से ₹ 2.72 करोड़ खर्च किए। बायो-मीथेनेशन संयंत्र 15 सितंबर 2019 को चालू हो गया।

लेखापरीक्षा ने पाया (फरवरी 2023) कि करार में कोई प्रोत्साहन या जुर्माना प्रावधान नहीं था, जिससे नगर निगम, फरीदाबाद को मेसर्स इकोग्रीन द्वारा संयंत्र को जैविक अपशिष्ट की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया जा सके। संयंत्र के भौतिक सत्यापन के दौरान (फरवरी 2023), यह पाया गया कि मेसर्स इकोग्रीन द्वारा जैविक/गीले अपशिष्ट की कम आपूर्ति के कारण संयंत्र अपनी अधिकतम क्षमता पर नहीं चल रहा था। मेसर्स इकोग्रीन ने अक्तूबर 2022 से 15 फरवरी 2023 के दौरान प्रतिदिन पांच मीट्रिक टन की सहमत मात्रा के विरूद्ध प्रतिदिन 0.218 मीट्रिक टन की औसत मात्रा की आपूर्ति की। अक्तूबर 2022 से पहले अपशिष्ट की आपूर्ति का विवरण लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया।

लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि इस करार में एक अंतर्निहित कमी थी क्योंकि मेसर्स इकोग्रीन गुरुग्राम-फरीदाबाद क्लस्टर के लिए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भी रियायतग्राही थी। बायो-मीथेनेशन संयंत्र के लिए मेसर्स इकोग्रीन को आईओसीएल को बिना किसी लागत के जैविक अपशिष्ट की आपूर्ति करनी अपेक्षित थी, जबकि क्लस्टर में ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, परिवहन और प्रसंस्करण के लिए उसी रियायतग्राही को ₹ 1,000 प्रति टन का भुगतान किया जा रहा था। इस व्यवस्था ने मेसर्स इकोग्रीन को बाजार से एकत्रित जैविक अपशिष्ट को बंधवाड़ी लैंडफिल में ठोस अपशिष्ट डंपसाइट पर स्थानांतरित करके अपने राजस्व को अधिकतम करने के लिए प्रोत्साहित किया। जैविक अपशिष्ट की कम आपूर्ति के कारण न केवल अपशिष्ट का प्रसंस्करण/अपशिष्ट से बायोगैस/खाद का उत्पादन कम हुआ, बल्कि पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ा। इस स्थिति से अवगत होने के बावजूद, नगर निगम, फरीदाबाद ने न तो मेसर्स इकोग्रीन के निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रयास किया और न ही संयंत्र के सतत कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए कोई समाधान निकाला।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अपने उत्तर में बताया (अक्तूबर 2024) कि गैर-निष्पादन के कारण रियायतग्राही के साथ रियायत करार 14 जून 2024 को समाप्त कर दिया गया था। हालांकि, तथ्य यह है कि इस करार में एक अंतर्निहित दोष था क्योंकि इसमें मेसर्स इकोग्रीन द्वारा एकत्रित जैविक अपशिष्ट की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रोत्साहन या दंडात्मक क्लॉज शामिल नहीं थी, जिसके परिणामस्वरूप बायो-मीथेनेशन संयंत्र का उसकी इष्टतम क्षमता पर उपयोग नहीं हो पाया।

2.9 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी

क्या पर्यावरणीय प्रभावों के निर्धारण सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की निगरानी पर्याप्त एवं प्रभावी थी।

इस संबंध में लेखापरीक्षा परिणाम नीचे दिए गए हैं:

2.9.1 राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 23 के अनुसार, संबंधित राज्य सरकार के स्थानीय निकायों के प्रत्येक विभाग प्रभारी को इन नियमों की अधिसूचना की तिथि से छ: माह के भीतर एक राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय (एसएलएबी) का गठन करना अपेक्षित है, जिसमें भारत सरकार, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य, स्थानीय निकायों, गैर-सरकारी संगठनों/अपशिष्ट बीनने वालों या अनौपचारिक पुनर्चक्रणकर्ता या ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कार्य करने वाली सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि, राज्य या केंद्रीय स्तर के उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय का एक सदस्य, अपशिष्ट पुनर्चक्रण उद्योग का एक सदस्य और दो विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे।

राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कार्यान्वयन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर राज्य की नीति और रणनीति से संबंधित मामलों की समीक्षा करने और इन नियमों के शीघ्र और उचित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक उपाय करने हेतु राज्य सरकार को सलाह

देने के लिए प्रत्येक छ: माह में कम से कम एक बार बैठक करनी अपेक्षित है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य सरकार ने 16 माह की देरी से फरवरी 2018 में राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय का गठन किया। इसके अलावा, गैर-सरकारी संगठन/सिविल सोसायटी, उद्योग, रीसाइक्लिंग उद्योग और दो विषय विशेषज्ञों से कोई सदस्य राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय में नामित नहीं किया गया। यह भी पाया गया कि 10 बैठकों की आवश्यकता के विपरीत, राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय ने मार्च 2023 तक केवल एक बैठक (अप्रैल 2018) आयोजित की।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय की बैठकें आयोजित न किए जाने तथा विभिन्न हितधारकों एवं विषय विशेषज्ञों के प्रतिनिधित्व के अभाव के कारण राज्य सरकार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक उपायों पर सुझाव एवं विशेषज्ञ सलाह से वंचित रही। इस प्रकार, हरियाणा में राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय का गठन लगभग औपचारिकता मात्र था तथा इसमें उन सदस्यों/प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किया गया जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित कर सकते थे।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), विभाग ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय के अन्य सदस्य प्रतिनिधियों की नियुक्ति के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

2.9.2 अपशिष्ट प्रबंधन पर रिपोर्टिंग

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम 24 (3) में प्रावधान है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इन नियमों के कार्यान्वयन तथा अनुपालन न करने वाले स्थानीय निकायों के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक एक समेकित वार्षिक रिपोर्ट तैयार कर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा।

चार वर्षों अर्थात 2017-18, 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए समेकित वार्षिक रिपोर्ट एक से नौ माह की देरी के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत की गई। इसके अलावा यह भी पाया गया कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का अनुपालन न करने की निम्नलिखित रिपोर्ट दी।

- शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण और निपटान के लिए प्राधिकार प्राप्त न करने के लिए;
- 2017-18 में घरेलू ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण न किया जाना तथा शेष चार वर्षों में पृथक्करण का प्रतिशत कम होना;
- शहरी स्थानीय निकायों में अपेक्षित प्रसंस्करण सुविधा की अनुपलब्धता; तथा
- नजदीकी डंप स्थल में परिवेशी वायु, भूजल (दो शहरी स्थानीय निकायों[68] को छोड़कर), लीचेट गुणवत्ता और खाद की गुणवत्ता की निगरानी न करना।

हालांकि, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोई कार्रवाई आरंभ नहीं की गई, जिससे स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करने के अपने स्वयं के अधिदेश की अनदेखी की गई।

[68] नगर निगम गुरुग्राम और नगर निगम करनाल।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जनवरी 2024), हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने के प्रयास किए जाएंगे।

2.9.3 पर्यावरण मानकों की निगरानी

लेखापरीक्षा में पाया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 में निर्धारित भूजल परीक्षण के लिए 17 मापदंडों[69] में से, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/शहरी स्थानीय निकायों ने 2017-22 के दौरान राज्य में विद्यमान 65 से 77 डंपसाइटों के विरूद्ध चार डंपसाइटों [गुरुग्राम (2018-22 के दौरान प्रत्येक वर्ष), पंचकुला (2018-21 के दौरान प्रत्येक वर्ष), करनाल (2018-19 और 2021-22) और यमुनानगर (2018-19)] पर केवल पांच मापदंडों[70] पर भूजल परीक्षण किया। 2019-21 में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लीचेट गुणवत्ता के नमूना परीक्षण को छोड़कर किसी भी स्थान पर परिवेशी वायु, मिट्टी, लीचेट गुणवत्ता और खाद का नमूना परीक्षण नहीं किया जा रहा था।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट की जांच से पता चला कि शहरी स्थानीय निकायों ने भूजल, परिवेशी वायु, लीचेट, खाद की गुणवत्ता के संबंध में निगरानी डेटा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत नहीं किया। अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के कारण पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का निर्धारण करने के लिए न तो शहरी स्थानीय निकायों और न ही हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई अध्ययन/मूल्यांकन किया।

इस प्रकार, शहरी स्थानीय निकायों द्वारा पर्यावरण पर अपनाई जा रही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं के हानिकारक प्रभावों की जांच के लिए अपेक्षित नमूना परीक्षण की निगरानी न करने के कारण हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत सौंपे गए अपने उत्तरदायित्वों/कर्तव्यों को पूरा नहीं किया।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने उत्तर में बताया (30 जनवरी 2024) कि बोर्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपनी प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और नमूना परीक्षण उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया में है।

2.10 निष्कर्ष

राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की नीति और रणनीति को 15 माह की देरी से अनुमोदन दिया और वह भी विभिन्न हितधारकों से परामर्श किए बिना। इसके अलावा, नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी कोई अल्पकालिक या दीर्घकालिक योजना तैयार नहीं की थी। इन योजनाओं के अभाव में, शहरी स्थानीय निकायों में अवसंरचना परियोजनाओं की योजना और चयन आवश्यकता विश्लेषण पर आधारित नहीं था।

---

69 आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, तांबा, सायनाइड, सीसा, पारा, निकल, नाइट्रेट, पीएच, आयरन, कुल कठोरता, क्लोराइड, घुलित ठोस, फेनोलिक यौगिक, जस्ता और सल्फेट।

70 पीएच, आयरन, कुल कठोरता, क्लोराइड और घुलित ठोस।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना-जांच किए गए तीन शहरी स्थानीय निकायों (गुरुग्राम, सोनीपत और शाहबाद) ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के गैर-अनुपालन के लिए दंडात्मक प्रावधानों वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों को अधिसूचित नहीं किया था। नमूना-जांच किए गए शेष 15 शहरी स्थानीय निकायों ने देरी से उपनियम अधिसूचित किए। वर्ष 2017-22 के दौरान नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों पर किए गए आवर्ती व्यय की तुलना में उपयोगकर्ता प्रभारों के संग्रहण की प्रतिशतता 0.37 और 3.38 प्रतिशत के बीच रही। इसके अतिरिक्त, नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में से किसी ने भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को स्व-निर्भर गतिविधि बनाने के लिए उपयोगकर्ता प्रभारों को संशोधित नहीं किया।

वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा स्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण एवं संग्रहण क्रमशः 70 प्रतिशत एवं 98 प्रतिशत बताया गया, हालांकि, लेखापरीक्षा ने नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों में पाया कि उन्होंने एकत्रित अपशिष्ट का दिन/माहवार डेटा नहीं रखा था। लेखापरीक्षा नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान किए गए डेटा की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सकी क्योंकि रिपोर्ट किए गए डेटा तक पहुंचने के लिए अपनाए गए मानदंड/प्रक्रिया लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं की गई थी। वर्ष 2017-22 के दौरान, उत्पन्न कुल अपशिष्ट 103.58 लाख टन बताया गया था, जिसमें से 64.86 लाख टन अपशिष्ट (63 प्रतिशत) बिना किसी प्रसंस्करण के डंपसाइटों पर फेंक दिया गया था।

वर्ष 2021-22 के दौरान 77 डंपसाइटें ऐसी थी, जहां शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लिए बिना अपशिष्ट फेंक रहे थे। इसके अलावा, 29 डंपसाइटों के संबंध में जैविक उपचार का कार्य नहीं दिया गया और 48.77 लाख मीट्रिक टन (48 प्रतिशत) लीगेसी अपशिष्ट डंपसाइट पर अप्रसंस्कृत पड़ा हुआ था (अप्रैल 2023)।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की अधिसूचना के सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना अब तक (मार्च 2023) केवल एक क्लस्टर (सोनीपत-पानीपत) में ही संचालित की जा सकी है। लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि फरीदाबाद-गुरुग्राम क्लस्टर का अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र अब तक (अक्तूबर 2024) पूरा नहीं हो सका, क्योंकि रियायतग्राही बंधवाड़ी लैंडफिल साइटों पर जमा अपशिष्ट को साफ/प्रबंधित करने में विफल रहा। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय/नगर निगम, गुरुग्राम ने नवंबर 2021 से मार्च 2022 तक परियोजना के कार्यान्वयन में देरी के लिए ₹ 4.92 करोड़ की परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति नहीं लगाई थी। इसके अलावा, नगर निगम, गुरुग्राम और नगर निगम, फरीदाबाद को परियोजना के निर्धारित समय पर लागू न होने के कारण उच्च टिपिंग/परिवहन प्रभारों के भुगतान के कारण ₹ 108.93 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार उठाना पड़ा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने बंधवाड़ी साइट पर लीगेसी अपशिष्ट का जैविक उपचार न करने के लिए नगर निगम, गुरुग्राम पर ₹ 100 करोड़ का जुर्माना भी लगाया।

2.11 सिफारिशें

1 राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकायों को अपशिष्ट बीनने वालों के स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए सक्रिय कदम उठाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने का निर्देश दे।

2 राज्य सरकार और शहरी स्थानीय निकाय संसाधन अंतराल को दूर करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों की स्व-निर्भरता के लिए प्रयास करने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता फीस के संग्रहण के लिए उपयुक्त तंत्र विकसित करें।

3 राज्य सरकार जागरूकता अभियानों के माध्यम से स्रोत पृथक्करण पर अधिक जोर दे।

4 राज्य सरकार समयबद्ध ढंग से 100 प्रतिशत अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त अवसंरचना का निर्माण करे।

5 राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकायों को समयबद्ध ढंग से पर्याप्त संख्या में सेनिटरी भूमिभरण स्थल स्थापित करने तथा शेष लीगेसी अपशिष्ट का जैविक उपचार करने के निर्देश दे।

6 हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिना प्राधिकार के अपशिष्ट का निपटान करने पर शहरी स्थानीय निकायों के विरूद्ध कार्रवाई करे।

7 राज्य सरकार शेष क्लस्टरों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तीव्रता लाए तथा रियायत करार में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार प्रसंस्करण संयंत्रों का संचालन सुनिश्चित करे।

8 राज्य सरकार गैर-सरकारी संगठन/सिविल सोसायटी, उद्योग, रिसाइक्लिंग उद्योग, विषय विशेषज्ञों आदि से सदस्यों को नामित करके राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय को सुदृढ़ करे तथा राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय की आवधिक बैठकें सुनिश्चित करे।

9 राज्य सरकार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/शहरी स्थानीय निकायों को अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का निर्धारण करने के लिए अध्ययन/मूल्यांकन करने का निर्देश दे।

अध्याय 3

गेहूं की खरीद, भंडारण और भारतीय खाद्य निगम को सुपुर्दगी पर निष्पादन लेखापरीक्षा

अध्याय 3

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग

गेहूं की खरीद, भंडारण और भारतीय खाद्य निगम को सुपुर्दगी पर निष्पादन लेखापरीक्षा

3.1 प्रस्तावना

भारत सरकार, भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई.) और राज्य की एजेंसियों के माध्यम से किसानों को गेहूं के लिए समर्थन मूल्य प्रदान करती है। गेहूं खरीद नीति में प्रावधान है कि किसानों द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर और भारत सरकार द्वारा जारी रबी विपणन सीजन (आर.एम.एस.) दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिसूचित गुणवत्ता के अनुरूप प्रस्तुत किया गया गेहूं केंद्रीय पूल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य[1] पर खरीद लिया जाएगा। नीति का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिले और उन्हें मजबूरी में अपनी उपज बेचने की आवश्यकता न पड़े।

वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान, एफ.सी.आई. ने केंद्रीय पूल के लिए कुल 1,830.75 लाख मीट्रिक टन (एम.टी.) गेहूं की खरीद की गई, जिसमें से हरियाणा राज्य ने 414.36 लाख मीट्रिक टन (22.63 प्रतिशत) का योगदान दिया। एफ.सी.आई. द्वारा केंद्रीय पूल के लिए शीर्ष पांच अंशदायी राज्यों से खरीदे गए गेहूं का वर्षवार विवरण ***तालिका 3.1*** में दिया गया है।

तालिका 3.1: 2017-22 के दौरान एफ.सी.आई. द्वारा की गई गेहूं की राज्यवार खरीद

(लाख मीट्रिक टन में)

आर.एम.एस.	पंजाब	हरियाणा	उत्तर प्रदेश	मध्य प्रदेश	राजस्थान	अन्य	कुल
2017-18	117.06	74.25	36.99	67.25	12.45	0.16	308.16
2018-19	126.92	87.57	52.94	73.13	15.32	2.06	357.94
2019-20	129.12	93.6	37.00	67.25	14.11	0.21	341.29
2020-21	127.14	74.01	35.77	129.42	22.25	1.33	389.92
2021-22	132.22	84.93	56.41	128.16	23.40	8.32	433.44
कुल	**632.46**	**414.36**	**219.11**	**465.21**	**87.53**	**12.08**	**1,830.75**

स्रोत: खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े।

3.1.1 हरियाणा में खरीद प्रक्रिया

राज्य सरकार केन्द्रीय पूल के लिए खाद्यान्न की खरीद, उसके भंडारण और एफ.सी.आई. को सुपुर्दगी करती है। निदेशक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा (एफ.एस.डी.) सभी खरीद एजेंसियों पर सामान्य अधीक्षण का कार्य करते हैं। खरीद प्रक्रिया में शामिल अन्य एजेंसियां; हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड), हरियाणा राज्य भंडारण निगम (एच.एस.डब्ल्यू.सी.), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एच.एस.ए.एम.बी.) हैं। खरीद कार्यों में प्रत्येक एजेंसी के मुख्य कार्य ***परिशिष्ट 3.1*** में दिए गए हैं।

[1] न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों को उनकी उपज के लिए दिया जाने वाला गारंटीकृत मूल्य है जिसे भारत सरकार द्वारा कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों के अनुसार घोषित किया जाता है।

गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए दो ऑनलाइन पोर्टल थे (i) "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" जिस पर किसानों को खेती के अंतर्गत भूमि, उगाई जा रही फसलों, बैंक खाते का विवरण आदि देते हुए स्वयं को पंजीकृत करना आवश्यक था; और (ii) ई-खरीद पोर्टल, एक एकीकृत पोर्टल था, जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से डेटा प्राप्त करके पूरी खरीद प्रक्रिया का प्रबंधन करता था। ई-खरीद पोर्टल, खरीद के प्रत्येक चरण अर्थात मंडी में किसान के प्रवेश के समय गेट पास बनाने से लेकर खरीदे गए गेहूं के लिए किसान को भुगतान करने तक की सुविधा प्रदान करता था।

गेहूं की खरीद प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा प्रत्येक आर.एम.एस. के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा और प्रत्येक राज्य के लिए खरीद का लक्ष्य तय करने से शुरू होती है। राज्य स्तर पर, एफ.एस.डी. द्वारा मंडीवार लक्ष्य तय किया जाता है और प्रत्येक खरीद एजेंसी को मंडियां आबंटित करता है। राज्य खरीद एजेंसियां खरीद के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें धन की व्यवस्था, पैकेजिंग सामग्री, उठान, भंडारण, एफ.सी.आई. को गेहूं की डिलीवरी तथा बिल जारी करना सम्मिलित है।

3.1.2 लेखापरीक्षा के उद्देश्य और लेखापरीक्षा का दायरा

यह लेखापरीक्षा नवंबर 2022 से सितंबर 2023 तक आयोजित की गई, जिसमें आठ जिलों[2] (कुल 22 जिलों में से) में अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक (आर.एम.एस. 2017 से आर.एम.एस. 2021) की अवधि को शामिल किया गया ताकि यह आकलन किया जा सके कि:

i). गेहूं खरीद के लिए पूर्व व्यवस्था कुशलतापूर्वक और मितव्ययितापूर्वक की गई थी;

ii). गेहूं की खरीद प्रक्रिया और भंडारण कुशल और मितव्ययी थी; और

iii). दावे एफ.सी.आई. के समक्ष समय पर और सटीक ढंग से प्रस्तुत किये गए थे।

लेखापरीक्षा पद्धति में अभिलेखों की नमूना-जांच, लेखापरीक्षित इकाइयों[3] के साथ चर्चा और लेखापरीक्षा प्रश्नों के उत्तरों का विश्लेषण शामिल था। लेखापरीक्षा ने ई-खरीद पोर्टल और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर उपलब्ध गेहूं खरीद के डेटा की भी नमूना-जांच और विश्लेषण किया।

अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, एफ.एस.डी. और अन्य राज्य खरीद एजेंसियों के प्रबंध निदेशकों के साथ 3 मार्च 2023 को एंट्री कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। एफ.एस.डी. और अन्य राज्य खरीद एजेंसियों से प्राप्त उत्तरों को प्रतिवेदन में शामिल किया गया है। 26 जुलाई 2024 को एग्जिट कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी और बैठक में व्यक्त किए गए विचारों को प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है।

3.1.3 लेखापरीक्षा मानदंड

लेखापरीक्षा मानदंड निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त किए गए थे:

- भारत सरकार द्वारा जारी रबी विपणन सीजन 2017 से 2021 के लिए अनंतिम लागत शीट;

---

[2] (i) अंबाला, (ii) फतेहाबाद, (iii) हिसार, (iv) करनाल, (v) कुरूक्षेत्र, (vi) पानीपत, (vii) सोनीपत, (viii) यमुनानगर।

[3] एफ.एस.डी., हैफेड, एच.एस.डब्ल्यू.सी., हरियाणा कृषि उद्योग निगम और एच.एस.ए.एम.बी. की नमूना इकाइयां।

- गेहूं की खरीद, भंडारण एवं वितरण के संबंध में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश और दिशानिर्देश; तथा
- हरियाणा में यथा लागू पंजाब कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1961

3.1.4 खरीद योजना

किसानों को प्रत्येक रबी और खरीफ सीजन के लिए कृषि भूमि और फसलों का विवरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर प्रस्तुत करना आवश्यक है। गेहूं (एक रबी फसल) के लिए, किसानों को प्रत्येक वर्ष जनवरी तक गेहूं की खेती के अंतर्गत क्षेत्र का विवरण प्रस्तुत करना होता है, जिसे कृषि विभाग द्वारा सत्यापित किया जाता है। गेहूं की खेती के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल का विवरण आर.एम.एस. में उत्पादित होने वाली अनुमानित मात्रा को दर्शाता है। उत्पादन अनुमानों के आधार पर, राज्यवार खरीद लक्ष्य प्रत्येक वर्ष फरवरी में सचिव, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार की अध्यक्षता में राज्य खाद्य सचिवों की बैठक में निर्धारित किए जाते हैं। आर.एम.एस. 2017-18 से 2021-22 तक, हरियाणा राज्य के लिए खेती के अंतर्गत क्षेत्रफल, उत्पादन अनुमान, खरीद लक्ष्य और वास्तविक खरीद के विवरण ***तालिका 3.2*** में दिए गए हैं।

तालिका 3.2: 2017-22 के दौरान गेहूं का उत्पादन अनुमान, खरीद लक्ष्य और वास्तविक खरीद

आर.एम.एस.	गेहूं की खेती का क्षेत्रफल लाख हेक्टेयर में	उत्पादन अनुमान (लाख मीट्रिक टन)	खरीद का लक्ष्य (लाख मीट्रिक टन)	वास्तविक खरीद (लाख मीट्रिक टन)	लक्ष्य के विरुद्ध खरीद की प्रतिशतता
2017-18	25.58	123.84	75	74.25	99
2018-19	25.30	117.80	80	87.57	109
2019-20	25.23	128.00	85	93.60	110
2020-21	23.87	115.55	95	74.01	78
2021-22	25.39	122.36	80	84.93	106
कुल		**607.55**	**415**	**414.36**	

स्रोत: एफ.एस.डी. हरियाणा की वेबसाइट https://haryanafood.gov.in/procurement/ पर उपलब्ध सूचना।

आर.एम.एस. 2020-21 को छोड़कर आर.एम.एस.-वार निर्धारित लक्ष्यों और की गई खरीद में कोई बड़ा अंतर नहीं था। 2017-18 और 2020-21 को छोड़कर खरीद अनुमानित लक्ष्यों से अधिक थी।

लेखापरीक्षा परिणाम

3.2 मंडियों में बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान

एच.एस.ए.एम.बी. कृषि उपज के कुशल विपणन के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त मार्केट (मंडियां) स्थापित करने के लिए उत्तरदायी है। मार्च 2022 तक, 114 मार्केट कमेटियां थी जो 114 प्रमुख यार्डों, 172 उप-यार्डों और 204 खरीद केंद्रों की देखरेख करती थीं जिन्हें खाद्यान्नों की खरीद के लिए मंडियों के रूप में नामित किया गया है।

चयनित जिलों में स्थित 53 मंडियों में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण मार्केट कमेटियों से प्राप्त किया गया। यह पाया गया कि एक या दो मंडियों को छोड़कर लगभग सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं जैसे आंतरिक एवं सर्विस सड़कें, पहुंच एवं संपर्क सड़कें, प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, जलापूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था, सामान्य नीलामी प्लेटफार्म, कवर्ड प्लेटफार्म एवं चारदीवारी उपलब्ध थी।

हालांकि, मंडियों में तौल-कांटे (30), कैंटीन (36), किसान विश्राम गृह (25), बैंक (41) और अग्निशमन स्टेशन (46) जैसी सुविधाओं का अभाव था। मंडियों में तौल-कांटों की अनुपलब्धता के कारण मंडियों के बाहर गेहूं का तौल कराने के परिणामस्वरूप गेहूं के परिवहन पर अनावश्यक व्यय हुआ, जैसा कि इस प्रतिवेदन के ***अनुच्छेद 3.4.4*** में चर्चा की गई है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) अपर मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को मंडियों में बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि और विस्तार के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

3.3 गेहूं की खरीद के लिए वित्तपोषण व्यवस्था

वर्ष 2017-22 की अवधि के दौरान एफ.एस.डी. ने गेहूं खरीद पर कुल ₹ 24,658.59 करोड़ का व्यय किया। एच.एस.डब्ल्यू.सी. और हैफेड ने क्रमशः ₹ 15,522.14 करोड़ और ₹ 32,874 करोड़ का व्यय किया, जैसा कि ***तालिका 3.3*** में दिया गया है।

तालिका 3.3: विभिन्न राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा निधियों की व्यवस्था

(₹ करोड़ में)

आर.एम.एस.	एफ.एस.डी.	एच.एस.डब्ल्यू.सी.	हैफेड
2017-18	3,312.15	2,657.05	4,697.00
2018-19	5,005.30	2,649.23	6,586.00
2019-20	5,594.83	3,095.86	7,750.00
2020-21	5,197.93	3,787.00	6,151.00
2021-22	5,548.38	3,333.00	7,690.00
कुल	**24,658.59**	**15,522.14**	**32,874.00**

एफ.एस.डी. ने कैश क्रेडिट लिमिट[4] (सी.सी.एल.) के माध्यम से निधियां प्राप्त की, जिन पर ब्याज दर एच.एस.डब्ल्यू.सी. और हैफेड द्वारा प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर उद्धरण आमंत्रित करके लिए गए अल्पावधि ऋणों की तुलना में अधिक थी जैसा कि ***चार्ट 3.1*** में दर्शाया गया है।

चार्ट 3.1: विभिन्न राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा व्यवस्थित निधियों पर ब्याज दरों में अंतर



लेखापरीक्षा के अनुसार एफ.एस.डी. पर सी.सी.एल. की उच्च ब्याज दरों और राज्य बजट से व्यवस्थित निधियों के कारण ₹ 222.24 करोड़ का अतिरिक्त ब्याज भार पड़ा, जैसा कि ***तालिका 3.4*** में विवरण दिया गया है।

[4] सी.सी.एल. भारतीय रिजर्व बैंक के प्राधिकार और वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की सहमति से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 293(3) के अंतर्गत प्रदान की जाती है। वित्त विभाग, हरियाणा सी.सी.एल. से निधियां आहरित करता है और खरीद कार्यों के लिए उन्हें एफ.एस.डी. को स्थानांतरित करता है।

तालिका 3.4: उच्च ब्याज दरों के कारण एफ.एस.डी. पर ब्याज का अतिरिक्त भार

आर. एम. एस.	एफ.एस.डी. के लिए सी.सी.एल./ लिया गया ऋण	एफ.एस.डी. के लिए सी.सी.एल./ लिए गये ऋणपर ब्याज दर	निधियों पर कुल ब्याज भार	अन्य राज्य खरीद एजेंसियां (अल्पकालिक ऋण पर ब्याज की औसत दर)	अन्य राज्य खरीद एजेंसियों की तुलना में ब्याज दर में अंतर	एफ.एस.डी. पर अतिरिक्त ब्याज
वर्ष	(₹ करोड़ में)	(प्रतिशत में)	(₹ करोड़ में)	(प्रतिशत में)	(प्रतिशत में)	(₹ करोड़ में)
1	2	3	4	5	6=3-5	7=(4*6)/3
2017	3,312.15	10.03/7.77	72.87	8.22	-	-
2018	5,005.30	9.79/8.48	92.75	7.91	1.88/0.57	17.79
2019	6,056.00	10.14	459.17	8.56	1.58	71.43
2020	5,500.00	9.41	357.31	7.05	2.36	89.61
2021	5,548.38	6.44[5]	204.82	5.08	1.37	43.41
कुल	**25,421.83**		**1,186.92**			**222.24**

स्रोत: विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) विभाग ने बताया कि एफ.एस.डी. ने वित्त विभाग के समन्वय से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित ब्याज दरों पर निधियों की व्यवस्था की थी, जबकि अन्य राज्य खरीद एजेंसियां प्रतिस्पर्धी दरों पर बैंकों से ऋण लेने के लिए स्वतंत्र थी।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण प्राप्त करने की संभावना न तलाशने से राज्य के खजाने पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इसके अलावा, वित्त विभाग, हरियाणा ने पाया (नवंबर 2019) कि कुल खरीद में एफ.एस.डी. का उच्च अनुपात, राज्य के संसाधनों पर अतिरिक्त भार डालता है (निधियों की व्यवस्था करने पर अधिक व्यय के कारण) और ब्याज के भार को कम करने के लिए एफ.एस.डी. के खाद्यान्न खरीद कोटे को 33 प्रतिशत से घटाकर न्यूनतम स्तर पर लाने की सिफारिश की। परन्तु, एफ.एस.डी. ने इस सिफारिश को लागू नहीं किया और आर.एम.एस. 2020 के दौरान 33 प्रतिशत गेहूं की खरीद जारी रखी।

3.4 गेहूं की खरीद

किसान अपनी उपज को निकटतम विनियमित मंडी में लाते हैं। मंडी में उपज की आवक एच.एस.ए.एम.बी. और राज्य खरीद एजेंसी, जिसे गेहूं की खरीद के लिए मंडी आबंटित की गई है, के रिकॉर्ड में दर्ज की जाती है। आढ़तियों[6] द्वारा गेहूं की खरीद के लिए किसानों और राज्य खरीद एजेंसियों की सहायता की जाती है जिसके लिए उन्हें कमीशन[7] के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य का 2.50 प्रतिशत मिलता है। खरीदे गए गेहूं को बोरियों में भरकर या तो एफ.सी.आई. को सौंप दिया जाता है या गोदामों में रखा जाता है।

आर.एम.एस. 2019 से पहले खरीद का माध्यम ऑफलाइन था। वर्ष 2019-20 से खरीद प्रक्रिया का प्रबंधन ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। ई-खरीद पोर्टल का प्रक्रिया प्रवाह ***चार्ट 3.2*** में दिया गया है। लेखापरीक्षा परिणाम, जहां भी लागू हो, ई-खरीद पोर्टल में उपलब्ध सूचना के डाटा विश्लेषण पर आधारित हैं।

---

5 6.35 और 6.52 प्रतिशत का औसत।

6 आढ़तिया, एच.एस.ए.एम.बी. द्वारा लाइसेंस प्राप्त कमीशन एजेंट हैं जो खरीद की प्रक्रिया में मध्यस्थ और एकत्रीकरण की सेवाएं प्रदान करते हैं।

7 आर.एम.एस. 2020 से ₹ 46 प्रति क्विंटल तय किया गया।

चार्ट 3.2: ई-खरीद पोर्टल का प्रक्रिया प्रवाह चार्ट



खरीद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में भरे जाने वाले फॉर्म:

1 **गेट पास:** किसानों के मंडियों में प्रवेश के समय गेटकीपर (एच.एस.ए.एम.बी. स्टाफ) द्वारा गेट पास बनाया जाता है।

2 **फार्म - एच:** एच.एस.ए.एम.बी. द्वारा एच-रजिस्टर का रखरखाव किया जाता है, जिसमें नीलामी की तिथिवार जानकारी तथा दर सहित बेची गई मात्रा के साथ किसान, कमीशन एजेंट और क्रय एजेंसी का विवरण दर्ज किया जाता है।

3 **फार्म - जे:** यह आढ़ती द्वारा तैयार किया जाता है और किसानों को जारी किया जाता है। यह मंडी में कृषि उपज के लिए जारी की गई बिक्री रसीद है।

4 **फार्म - आई**: इसे आढ़ती द्वारा तैयार किया जाता है और सत्यापन के बाद संबंधित राज्य खरीद एजेंसी के निरीक्षक द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इसमें किसानों से खरीदी गई मात्रा के साथ-साथ आढ़तियों का विवरण भी शामिल होता है।

3.4.1 खरीद प्रक्रिया में शामिल चरणों के लिए समयसीमा का निर्धारण न किया जाना

आर.एम.एस. 2021-22 के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार राज्य खरीद एजेंसियों के निरीक्षक द्वारा फार्म-आई के अनुमोदन से 48 से 72 घंटों के भीतर किसानों को भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, गेट पास बनाने से लेकर फॉर्म-आई बनाने तक के प्रत्येक चरण के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा तय नहीं की गई है। लेखापरीक्षा ने एच.एस.ए.एम.बी. और राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा जारी विभिन्न अनुदेशों का विश्लेषण किया तथा प्रत्येक चरण के लिए अधिकतम समय अवधि का आकलन किया, जैसा कि ***तालिका 3.5*** में दिया गया है।

तालिका 3.5: प्रत्येक चरण के लिए निर्धारित अधिकतम समय अवधि का विवरण

की गई गतिविधियां	अधिकतम समय
किसान का मंडी में प्रवेश	0 दिन
मंडी में प्रवेश के बाद नीलामी	0+ 2 दिन
फॉर्म जे और आई बनाना और उसका अनुमोदन	0+ 4 दिन
फॉर्म आई के अनुमोदन से उठान के लिए तैयारी	0+ 6 दिन
मंडी से गेहूं उठाने के लिए निकासी गेट पास जारी करना और गोदाम में प्राप्त करना	0+ 9 दिन
प्राप्ति के बाद भुगतान का अनुमोदन	0+ 10 दिन
भुगतान के अनुमोदन के बाद बैंक द्वारा भुगतान पूरा करना	0+ 12 दिन

तालिका 3.5 से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि किसानों को मंडी में प्रवेश करने के 12 दिनों के भीतर भुगतान किया जाना चाहिए था। हालांकि, लेखापरीक्षा ने भुगतान में 12 दिनों से अधिक का विलंब पाया जो कि निम्न प्रकार से है:

क. आर.एम.एस. 2019 से 2021 तक के ई-खरीद डेटा के लेखापरीक्षा विश्लेषण में यह पाया गया कि आर.एम.एस. 2019 में गेहूं का पूरा स्टॉक 15 मई 2019 तक मंडियों में आ गया था, लेकिन 30 जून 2019 तक केवल 89.37 प्रतिशत भुगतान किया गया था। आर.एम.एस. 2020 में, हालांकि मंडियों में गेहूं की आवक 20 अप्रैल 2020 से शुरू हो गई थी, लेकिन भुगतान केवल 12 मई 2020 से शुरू हुआ, अर्थात मंडी में प्रवेश के 22 दिन बाद से। गेहूं की आखिरी खेप 6 जून 2020 तक मंडियों में आ गई थी, लेकिन 30 जून 2020 तक 99.46 प्रतिशत भुगतान किया गया था, जो किसानों को भुगतान करने में देरी दर्शाता है। आर.एम.एस. 2021 में गेहूं की आखिरी खेप 12 मई 2021 को मंडियों में आई, लेकिन अंतिम भुगतान 4 जून 2021 को किया गया, जो कि विलंबित भुगतान को दर्शाता है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) निदेशक, एफ.एस.डी. ने बताया कि समय-सीमा का निर्धारण व्यावहारिक रूप से संभव नहीं था, क्योंकि खरीद भारत सरकार द्वारा निर्धारित विनिर्देशों और मानकों के अनुसार की जानी थी। हालांकि, प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के प्रयास किए जाएंगे।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि विभाग द्वारा प्रत्येक गतिविधि के लिए विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है। विभाग को इन समय-सीमाओं को प्रभावित करने वाली बाधाओं की जांच करके तदनुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

ख. ई-खरीद पोर्टल पर डेटा के लेखापरीक्षा विश्लेषण से यह भी पता चला कि आर.एम.एस. 2020 में 24.18 प्रतिशत गेहूं और आर.एम.एस. 2021 में 25.50 प्रतिशत गेहूं के लिए निरीक्षकों द्वारा फार्म-आई के सत्यापन और अनुमोदन में देरी हुई। आर.एम.एस. 2021 में, उठान के लिए तैयार किए गए 18.63 प्रतिशत बैगों के लिए देरी हुई और 57.96 प्रतिशत गेहूं के एग्जिट गेट पास 72 घंटे की निर्धारित समय-सीमा के बाद जारी किए गए थे।

अपर मुख्य सचिव, एफ.एस.डी. ने उत्तर दिया (जून 2024) कि एग्जिट गेट पास जारी करने में देरी मुख्यत: एफ.सी.आई. के गोदामों में धीमी गति से अनलोडिंग के कारण वाहनों की अनुपलब्धता और कभी-कभी मंडियों में बारिश और आंधी जैसे मौसम के कारण हुई।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि एग्जिट गेट पास जारी करने में देरी के कारणों को ई-खरीद पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया है।

3.4.2 ट्रांसपोर्टरों पर जुर्माना न लगाना

उठान में देरी के लिए जिम्मेदार परिवहन ठेकेदार के विरुद्ध जिला प्रबंधक (डी.एम.)/जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डी.एफ.एस.सी.) अनुबंध की शर्तों के अनुसार तुरंत कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं। निविदा शर्तों के अनुसार, ट्रांसपोर्टरों द्वारा गेहूं की बोरियां उठान के लिए तैयार होने के 72 घंटे के भीतर मंडियों से उठान करना अनिवार्य है, अन्यथा उठान के लिए बकाया मात्रा के लिए प्रति ट्रक ₹ 100 (आर.एम.एस. 2017 से 2020 के लिए) और ₹ 500 (आर.एम.एस. 2021 में) जुर्माना के रूप में प्रभार्य था।

आर.एम.एस. 2020 और 2021 के लिए ई-खरीद डेटा के विश्लेषण से पता चला कि ट्रांसपोर्टरों पर ₹ 54.90 करोड़ (₹ 48.83 करोड़ - आर.एम.एस. 2021 + ₹ 6.07 करोड़[8] - आर.एम.एस. 2020) का जुर्माना लगाया जाना था। परन्तु उठान में देरी के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया था।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024), निदेशक, एफ.एस.डी. ने उत्तर दिया कि कोविड-19 प्रकोप के कारण प्रतिबंधित दिशा-निर्देशों में खरीद कार्य संचालित करना कठिन था। हालांकि, विभाग ने राज्य खरीद एजेंसियों के साथ मिलकर खरीद जारी रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया था और महामारी के दौरान ट्रांसपोर्टरों पर जुर्माना लगाना उचित नहीं था।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि ट्रांसपोर्टरों द्वारा की गई देरी, जिसके कारण अंततः किसानों को भुगतान में देरी हुई, के लिए जुर्माना माफ करने का राज्य सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

3.4.3 भुगतान संवितरण

आर.एम.एस. 2019 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन खरीद प्रक्रिया शुरू की गई और ई-खरीद पोर्टल द्वारा आढ़तियों को भुगतान करके आगे किसानों को भुगतान किया गया। आर.एम.एस. 2020 के लिए, आढ़तियों के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किए गए थे।

आर.एम.एस. 2021 से ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भुगतान किए गए। किसानों को ऑनलाइन भुगतान का मेटाडेटा सार्वजनिक निधि निगरानी प्रणाली[9] (पी.एफ.एम.एस.) के माध्यम से केंद्र सरकार के साथ साझा किया जाना था। सॉफ्टवेयर प्रदाता और संबंधित बैंकों को सुचारू एकीकृत ऑनलाइन परिचालन (गेट पास बनाने से लेकर ऑनलाइन भुगतान करने तक) सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कार्य करना था।

लेखापरीक्षा के अनुसार, मंडी में प्रवेश के 12 दिनों के भीतर किसान को भुगतान किया जाना चाहिए था ***(अनुच्छेद 3.4.1)***। लेकिन यह पाया गया है कि इसमें देरी हुई, जैसा कि ***तालिका 3.6*** में दर्शाया गया है।

---

[8] केवल 14,159 वाहनों के लिए देरी की गणना की गई है क्योंकि आर.एम.एस. 2020 का पूरा डेटा उपलब्ध नहीं है।

[9] यह एक वेब-आधारित एप्लीकेशन है जो भारत सरकार के वित्तीय लेनदेन का प्रबंधन करती है। इसे वित्त मंत्रालय के लेखा महानियंत्रक द्वारा विकसित किया गया।

तालिका 3.6: मंडी में प्रवेश से लेकर भुगतान में लगने वाले समय का विवरण

(₹ करोड़ में)

आर.एम. एस.	कुल भुगतान	मंडी में प्रवेश के 12 दिन के भीतर किया गया भुगतान	विलंबित भुगतान	के मध्य देरी			
				13 से 19 दिन	20 से 26 दिन	27 से 31 दिन	31 दिन से अधिक
2019	15,159.86	7,055.14	8,104.72	4,655.05	1,175.46	229.95	2,044.26
प्रतिशतता	100	46.54	53.46	30.71	7.75	1.52	13.48
2020	9,602.54[10]	33.74	9,568.80	1,703.30	5,459.70	1,256.97	1,148.83
प्रतिशतता	100	0.35	99.65	17.74	56.86	13.09	11.96
2021	15,212.63	7,487.29	7,725.34	3,822.00	1,935.44	1,335.65	632.25
प्रतिशतता	100	49.22	50.78	25.12	12.72	8.78	6.16

जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है, आर.एम.एस. 2019 में मंडी में प्रवेश से 12 दिनों के भीतर केवल 46 प्रतिशत भुगतान किए गए थे। जबकि आर.एम.एस. 2020 में समय पर भुगतान केवल 0.35 प्रतिशत था, वर्ष 2021 में स्थिति में सुधार हुआ क्योंकि 49 प्रतिशत भुगतान समय पर सीधे किसानों के बैंक खातों में किया गया। हालांकि, आर.एम.एस. 2021 में ₹ 632.25 करोड़ (चार प्रतिशत) का भुगतान एक माह से अधिक की देरी से हुआ।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024), विभाग ने बताया कि देरी का मुख्य कारण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बैंक खाते के विवरण की असंगतता और महामारी का प्रकोप था। इसके अलावा, आर.एम.एस. 2021 के दौरान, पहली बार सीधे किसानों के खातों में भुगतान किया गया।

ई-खरीद पोर्टल से किसानों को भुगतान को और अधिक सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है क्योंकि किसानों के बैंक खातों का सत्यापन कृषि विभाग के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 15 मार्च 2021 तक, अर्थात आर.एम.एस. 2021 आरंभ होने से पहले, पूरा किया जाना आवश्यक था।

3.4.4 गेहूं की तुलाई पर अनावश्यक व्यय

तीनों राज्य खरीद एजेंसियों में से हैफेड ने प्रत्येक आर.एम.एस. में निर्देश जारी किए थे कि गेहूं का 100 प्रतिशत वजन तभी किया जाए, जब कोई अतिरिक्त ढुलाई शामिल न हो। जहां पर तौल-कांटे सुविधा उपलब्ध न हो या तौल-कांटे के रूट पर व्यय अधिक हो तो भंडारण बिंदु पर बीम स्केल/प्लेटफॉर्म स्केल पर केवल पांच प्रतिशत तौल किया जाए। यदि नमूना-जांच में कमी पाई जाती है, तो परीक्षण वजन की प्रतिशतता 10 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि यमुनानगर जिले, अंबाला कैंट, अंबाला शहर और समालखा (पानीपत) में खरीद मंडी में ही स्थित खुले प्लिंथ/गोदाम में 3.14 लाख मीट्रिक टन गेहूं का भंडारण किया गया था। लेकिन बीम स्केल/प्लेटफॉर्म स्केल पर पांच प्रतिशत नमूना-जांच के बजाय मंडी के बाहर स्थित तौल-कांटे पर गेहूं का वजन करवाया गया। परिणामस्वरूप, भंडारण स्थान की दूरी 0.5 किलोमीटर - 1 किलोमीटर मानकर ***परिशिष्ट 3.2*** में दिए गए विवरण के अनुसार ₹ 2.93 करोड़[11] का परिहार्य व्यय हुआ।

---

[10] आर.एम.एस. 2020 के लिए ई-खरीद पोर्टल से राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदी गई 67.31 लाख मीट्रिक टन की वास्तविक मात्रा की तुलना में केवल 50.8 लाख मीट्रिक टन का डेटा प्राप्त किया जा सका।

[11] अंबाला 1.41 लाख मीट्रिक टन- ₹ 148.52 लाख, समालखा 0.50 लाख मीट्रिक टन - ₹ 77.50 लाख और जगाधरी 1.23 लाख मीट्रिक टन - ₹ 67.24 लाख।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) यह बताया गया कि हैफेड के निर्देश केवल उन मंडियों के लिए प्रतिबंधात्मक थे जहां पर तौल-कांटों की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। गेहूं का वजन आढ़तियों से तौल-कांटे तक तथा तौल-कांटे से गोदामों तक वजन के वास्तविक अंतर की जांच करने के लिए किया गया था। यह तौल भंडारण हानि को न्यूनतम करने के लिए किया गया था तथा तौल पर होने वाला व्यय राज्य खरीद एजेंसियों के हित में था।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि मंडियों में तौल-कांटे न लगाए जाने या उनका उपयोग न किए जाने के कारण गेहूं के तौल पर अनावश्यक व्यय हुआ। इसके अलावा, निर्देशों के अनुसार, जहां पर तौल-कांटों की सुविधा उपलब्ध नहीं है और तौल-कांटों के रूट पर व्यय अधिक हो तो केवल पांच प्रतिशत गेहूं का ही नमूना-जांच के लिए वजन किया जाना था।

3.4.5 राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा भुगतान में देरी और ब्याज का भुगतान न करना

आर.एम.एस. 2021 के दिशा-निर्देशों (25 मार्च 2021) और मुख्यमंत्री के निर्देश (05 अप्रैल 2021) के अनुसार किसानों को भुगतान फॉर्म-आई के अनुमोदन के बाद 72 घंटे के भीतर किया जाना था। देरी की स्थिति में, नौ प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय था। हरियाणा सरकार ने 72 घंटे की समय-सीमा एग्जिट गेट पास जारी होने से लागू करने का निर्णय लिया (20 अप्रैल 2021)। ई-खरीद पोर्टल के डेटा से पता चला कि एग्जिट गेट पास जारी होने के तीन दिनों से अधिक देरी से भुगतान के कारण किसानों को ब्याज के रूप में ₹ 9.91 करोड़ की राशि देय थी। हालांकि, किसानों को केवल ₹ 1.02 करोड़ का भुगतान किया गया था जैसा कि ***तालिका 3.7*** में दर्शाया गया है।

तालिका 3.7: आर.एम.एस. 2021 के दौरान किसानों को देय और वास्तव में भुगतान किया गया ब्याज

(₹ करोड़ में)

मंडियों में आए किसानों की संख्या	एग्जिट गेट पास जारी होने के तीन दिन बाद देय ब्याज	किसानों को भुगतान किया गया ब्याज
5,09,733	9.91 (2,28,103 किसान)	1.02 (63,613 किसान)

कुल 5.10 लाख किसानों में से 2.28 लाख किसानों को भुगतान में देरी के कारण ₹ 9.91 करोड़ का ब्याज उपार्जित हुआ। इसमें से 0.64 लाख किसानों को केवल ₹ 1.02 करोड़ का भुगतान किया गया।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024), यह बताया गया कि देरी का मुख्य कारण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बैंक खाते के विवरण की असंगतता और महामारी का प्रकोप था।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि किसानों के बैंक खातों का सत्यापन कृषि विभाग के साथ-साथ ई-खरीद पोर्टल का रखरखाव करने वाले सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 15 मार्च 2021 तक, अर्थात आर.एम.एस. 2021 के आरंभ होने से पहले, पूरा किया जाना था।

3.4.6 किसानों को किया गया अधिक भुगतान और वसूली की स्थिति

तकनीकी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर, निदेशक, एफ.एस.डी. ने किसानों को भुगतान करने के लिए प्रत्येक राज्य खरीद एजेंसी के लिए दो बैंक नियत किए थे (फरवरी 2021)। लेखापरीक्षा में पाया गया कि दो राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा चार बैंकों के माध्यम से किसानों को दोहरा भुगतान किया गया। भुगतान की गई अतिरिक्त राशि और किसानों से वसूली

गई राशि (दिसंबर 2024 तक) का विवरण ***तालिका 3.8*** में दिया गया है।

तालिका 3.8: आर.एम.एस. 2021 के दौरान किसानों को किया गया अतिरिक्त भुगतान और वसूलनीय राशि

(₹ करोड़ में)

एजेंसी का नाम	बैंक का नाम	फार्म जे की संख्या	किया गया अतितिक्त भुगतान	वसूल की गई राशि	वसूली हेतु लंबित राशि
एफ.एस.डी.	आई.सी.आई.सी.आई.	2642	0.29	0.24	0.05
	आई.डी.बी.आई.		42.34	26.99	15.35
हैफेड	कोटक	1790	1.42	0.66	0.76
	एच.डी.एफ.सी.		29.92	18.71	11.21
कुल			**73.97**	**46.60**	**27.37**

ई-खरीद पोर्टल द्वारा लंबित भुगतान के लिए रिस्पॉन्स कोड द्वारा भुगतान विफल होने की गलत सूचना और इसे पुनःट्रिगर करने के कारण एफ.एस.डी. और हैफेड द्वारा किसानों को उनके खातों में गलती से दो बार ₹ 73.97 करोड़ का भुगतान किया गया। परन्तु राज्य खरीद एजेंसियां जून 2022 तक केवल ₹ 46.60 करोड़ ही वसूल कर सकी और दिसंबर 2024 तक ₹ 27.37 करोड़ अभी भी वसूलनीय थे।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) यह बताया गया कि ई-खरीद में कुछ तकनीकी त्रुटि के कारण अधिक भुगतान किया गया था। राशि वसूल करने के प्रयास किए गए थे और दो-तिहाई से अधिक राशि पहले ही वसूल की जा चुकी थी। यह भी बताया गया कि शेष राशि वसूल करने के प्रयास किए जाएंगे। अंतिम कार्रवाई प्रतीक्षित थी (फरवरी 2025)।

3.5 गेहूं का भंडारण

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा 22(4) (ई) में प्रावधान है कि केंद्र सरकार विभिन्न स्थानों पर अपेक्षित आधुनिक और वैज्ञानिक भंडारण सुविधाएं बनाएगी और उनका रखरखाव करेगी। एफ.सी.आई. के साथ समन्वय में इस अधिनियम के कार्यान्वयन में राज्य खरीद एजेंसियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एफ.सी.आई. को डिलीवरी तक गेहूं के स्टॉक के उचित रखरखाव के लिए राज्य खरीद एजेंसियों के पास पर्याप्त भंडारण क्षमता की होनी चाहिए। राज्य खरीद एजेंसियों के पास भंडारणों की उपलब्धता ***तालिका 3.9*** में दी गई है।

तालिका 3.9: राज्य खरीद एजेंसीवार गेहूं की खरीद और उपलब्ध भंडारण क्षमता

(लाख मीट्रिक टन में)

राज्य खरीद एजेंसी	2017-22 के दौरान औसत खरीद	मार्च 2022 तक उपलब्ध भंडारण क्षमता	किराये पर ली गई भंडारण क्षमता	कुल उपलब्ध भंडारण क्षमता	औसत खरीद और भंडारण के बीच अंतर
खरीदा गया गेहूं (एफ.सी.आई. के अतिरिक्त)					
एफ.एस.डी.	24.61	4.50	1.03	5.53	19.08
हैफेड	33.43	12.74	4.00	16.74	16.69
एच.एस.डब्ल्यू.सी.	14.64	15.26	3.98	19.24	(-) 4.60

भंडारणों[12] की अनुपलब्धता के कारण, राज्य खरीद एजेंसियों ने अवैज्ञानिक भंडारण स्थान जैसे खुले प्लिंथ, मंडी यार्ड, राइस मिलों आदि को किराये पर लेकर गेहूं का भंडारण किया। संबंधित

[12] भंडारणों को वैज्ञानिक आधार पर डिजाइन और निर्मित किया जाता है, जिससे उन्हें उचित ऊंचाई देकर चूहों से सुरक्षित रखा जाता है, पक्का फर्श प्रदान करके नमी से सुरक्षित रखा जाता है तथा रिसाव से मुक्त रखा जाता है।

वर्षों में 31 मई तक कवर एंड प्लिंथ स्टोरेज[13] (सी.ए.पी.) पर भंडारित गेहूं की स्थिति ***तालिका 3.10*** में दी गई है।

तालिका 3.10: प्रत्येक वर्ष 31 मई को सी.ए.पी. स्टोरेज में भंडारित राज्य खरीद एजेंसियों का स्टॉक

(लाख मीट्रिक टन में)

वर्ष	एफ.एस.डी.		हैफेड		एच.एस.डब्ल्यू.सी.			
	कवर्ड	सी.ए.पी. स्टोरेज	कवर्ड	सी.ए.पी. स्टोरेज	कवर्ड	सी.ए.पी. स्टोरेज	कुल	सी.ए.पी. स्टोरेज की प्रतिशतता
2017	5.35	4.91	8.31	5.24	9.50	0.88	34.19	32.26
2018	8.01	14.20	10.92	16.86	11.04	3.80	64.83	53.77
2019	6.02	21.13	12.81	24.97	10.05	6.08	81.06	64.37
2020	6.85	22.80	10.76	21.30	7.77	5.88	75.36	66.32
2021	6.49	22.75	12.85	22.77	9.15	5.12	79.13	64.00

(स्रोत: एफ.एस.डी. द्वारा भारत सरकार को दी गई जानकारी)

जैसा कि उपर्युक्त से देखा जा सकता है, भंडारणों की अनुपलब्धता के कारण 2019 से 2021 तक प्रत्येक वर्ष मई के अंत में राज्य खरीद एजेंसियों के पास उपलब्ध लगभग 65 प्रतिशत गेहूं सी.ए.पी. स्टोरेज में भंडारित किया गया था।

3.5.1 गेहूं को क्षति

एफ.सी.आई. को डिलीवरी तक गेहूं के स्टॉक को अच्छी स्थिति में बनाए रखना राज्य खरीद एजेंसियों का उत्तरदायित्व है। भंडारण के दौरान गेहूं के स्टॉक की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भंडारण स्थानों की उपयुक्तता और खाद्यान्नों को भंडारण योग्य बनाए रखना आवश्यक है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि अपर्याप्त एवं अनुचित भंडारण स्थितियों, खराब संरक्षण तकनीकों, आधिकारिक उदासीनता और संरक्षक कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एफ.सी.आई. द्वारा आर.एम.एस. 2017 से आर.एम.एस. 2021 के दौरान 79,967 मीट्रिक टन गेहूं स्टॉक को क्षतिग्रस्त घोषित किया गया था, जैसा कि ***तालिका 3.11*** में दर्शाया गया है।

एफ.एस.डी., कुरुक्षेत्र में आर.एम.एस. 2020-21 से संबंधित महा सरस्वती राइस मिल्स, गुमथला गढ़ू में क्षतिग्रस्त गेहूं

[13] कवर एंड प्लिंथ स्टोरेज प्रणाली के अंतर्गत, गेहूं का भंडारण खुले में या तो पक्के प्लिंथ पर या फिर समतल जमीन पर कच्चे प्लिंथ पर किया जाता है।

तालिका 3.11: आर.एम.एस. 2017-2021 के दौरान राज्य खरीद एजेंसियों के क्षतिग्रस्त गेहूं

(मीट्रिक टन में)

आर.एम.एस.	हैफेड	एच.एस.डब्ल्यू.सी.	एफ.एस.डी.	कुल क्षतिग्रस्त गेहूं
2017-18	154	शून्य	शून्य	154
2018-19	129	1,976	1,012	3,117
2019-20	3,304	518	43,380	47,202
2020-21	2,921	2,020	22,330	27,271
2021-22	शून्य	2,223	शून्य	2,223
कुल	**6,508**	**6,737**	**66,722**	**79,967**
कुल खरीदे गए गेहूं की प्रतिशतता	167.15 लाख मीट्रिक टन का 0.04 प्रतिशत	73.14 लाख मीट्रिक टन का 0.09 प्रतिशत	123.07 लाख मीट्रिक टन का 0.50 प्रतिशत	

(स्रोत: राज्य खरीद एजेंसियों द्वारा दी गई जानकारी)

जैसा कि उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है, ₹ 174.58 करोड़[14] मूल्य का 79,967 मीट्रिक टन गेहूं तीन राज्य खरीद एजेंसियों के संरक्षण में क्षतिग्रस्त हो गया। एफ.एस.डी. में क्षतिग्रस्त गेहूं की उच्च प्रतिशतता एफ.एस.डी. के भीतर त्रुटिपूर्ण आंतरिक नियंत्रण और निगरानी को दर्शाती है।

एग्जिट कॉन्फ्रेंस के दौरान (जुलाई 2024) यह बताया गया कि क्षति का मुख्य कारण सी.ए.पी. स्टोरेज में भंडारण था। चूंकि एफ.एस.डी. का अधिकतम स्टॉक सी.ए.पी. स्टोरेज में भंडारित किया गया था, इसलिए अन्य राज्य खरीद एजेंसियों की तुलना में एफ.एस.डी. में क्षतिग्रस्त गेहूं की मात्रा अधिक थी।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि राज्य खरीद एजेंसियां एफ.सी.आई. को गेहूं की डिलीवरी करने से पहले उसकी गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी हैं। इसके अलावा, राज्य खरीद एजेंसियों को भंडारण क्षमता बढ़ाकर या गोदामों को किराये पर लेकर गेहूं को उचित रूप से भंडारित करना चाहिए था।

3.5.1.1 क्षतिग्रस्त गेहूं की नीलामी हेतु निविदा प्रक्रिया में पाई गई विसंगतियां

लेखापरीक्षा में आगे पाया गया कि कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 (अर्थात निर्धारण वर्ष 2019-20) के लिए अपनी कुल आय और देय कर का निर्धारण करने के लिए उच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के बाद त्वरित कार्रवाई नहीं की। कंपनी ने निर्णय की तिथि से पांच माह से अधिक समय बीतने के बाद 22 अक्तूबर 2019 को कर परामर्शी से संपर्क किया। यह कंपनी के उदासीन दृष्टिकोण को दर्शाता है।

कंपनी को 16 मई 2019 को न्यायालय के फैसले के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मई 2019 में शेष कर जमा करना चाहिए था। यदि कंपनी सलाह/परामर्श आदि, लेने के लिए डेढ़ माह के अनुमत समय के बाद भी 30 जून 2019 तक अपना शेष कर जमा कर देती तो यह अधिनियम की धारा 234ए के अंतर्गत ₹ 2.12 करोड़ और धारा 234बी के अंतर्गत ₹ 8.47 करोड़ (चार माह अर्थात जुलाई से अक्तूबर 2019 के लिए) के ब्याज के भुगतान से बच सकती थी।

प्रबंधन ने बताया (अक्तूबर 2024) कि वर्ष 2018-19 के वार्षिक लेखों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि वर्ष 2017-18 के लेखों की लेखापरीक्षा की गई थी और 30 मई 2019 को वैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। यह भी बताया गया था कि चूंकि कंपनी पर भारी ऋण था और उसने उधार ली गई निधियों से कर का भुगतान किया था, अगर कंपनी ने 30 जून 2019 तक कर का भुगतान किया होता तो ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता। उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि लेखों को अंतिम रूप देना देय कर जमा करने के लिए पूर्व शर्त नहीं है, क्योंकि कर की गणना अनंतिम लेखों के आधार पर भी की जा सकती है, जैसा कि वास्तव में कंपनी द्वारा अक्तूबर 2019 में किया गया था। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2019-20 के लिए उधार लागत का लाभ 7.83 प्रतिशत[9] की दर से समायोजित करने के बाद भी, कंपनी ने अधिनियम की धारा 234बी के अंतर्गत ₹ 2.94 करोड़[10] के ब्याज का परिहार्य भुगतान किया।

इस प्रकार, कंपनी के उदासीन दृष्टिकोण के कारण ₹ 5.06 करोड़ (₹ 2.12 करोड़ + ₹ 2.94 करोड़) के परिहार्य ब्याज का भुगतान हुआ।

मामला उत्तर/टिप्पणियों के लिए सरकार के पास भेजा गया (मार्च 2023), उनका उत्तर प्रतीक्षित था (जनवरी 2025)।

फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड

7.3 ई-शौचालयों पर व्यर्थ व्यय

कंपनी ने दोषपूर्ण अनुबंध प्रबंधन और 10 ई-शौचालयों के खराब संचालन एवं रखरखाव के कारण ₹ 1.34 करोड़ का व्यर्थ व्यय किया।

भारत के शहरी केंद्रों को बेहतर बनाने तथा उन्हें नागरिक हितैषी और सतत बनाने के लिए, भारत सरकार ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय (एम.ओ.यू.डी.) के माध्यम से राज्य सरकारों और

[8] ₹ 211.87 करोड़ के शेष कर पर एक माह के लिए एक प्रतिशत की दर से।

[9] वर्ष 2019-20 के वित्तीय विवरण के अनुसार।

[10] ₹ 8.47 करोड़ और ₹ 5.53 करोड़ (₹ 211.87 करोड़ * 7.83/100 * 4/12 माह) का अंतर है।

संबंधित शहरी प्राधिकरणों के सहयोग से स्मार्ट सिटी मिशन शुरू किया था। स्मार्ट सिटी मिशन के विजन को प्राप्त करने के लिए एक विशेष प्रयोजन माध्यम (एस.पी.वी.) फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड (कंपनी) की स्थापना की गई थी।

फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड (कंपनी) ने अपने क्षेत्र आधारित विकास के हिस्से के रूप में, नगर निगम, फरीदाबाद (एम.सी.एफ.) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पायलट आधार पर चयनित स्थानों पर ई-शौचालय स्थापित करने का निर्णय लिया।

कार्य का दायरा और निविदा दस्तावेजों के सामान्य विनिर्देश अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रावधान करते हैं:

- ई-शौचालयों के उपयोग और स्वास्थ्य स्थिति की वास्तविक समय निगरानी सुनिश्चित करने के लिए शौचालयों को जनरल पैकेट रेडियो सर्विस (जी.पी.आर.एस.) नेटवर्क से जोड़ा जाना था।
- परिचालन और रखरखाव में अंतर्निहित प्रणाली, सहायक अवसंरचना और स्वचालित प्रणाली के घटक को सुचारू रूप से चलाने और संपत्ति की सुरक्षा के लिए आवश्यक और वांछनीय सभी मामलों पर किए जाने वाले सभी व्यय शामिल थे; तथा
- बोलीदाता को निविदा के नियमों और शर्तों के अनुसार संचालन एवं रखरखाव अवधि के दौरान बीमा कवर सुनिश्चित करना था।

कंपनी ने एक ठेकेदार को 10 ई-शौचालयों[11] की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव का कार्य दो वर्ष की दोष दायित्व अवधि के साथ ₹ 1.86 करोड़[12] की लागत पर सौंपा (6 जुलाई 2017)। इस संबंध में ठेकेदार के साथ 18 जुलाई 2017 को करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। अनुबंध करार के अनुसार, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य पूरा करने की निर्धारित अवधि चार माह अर्थात 18 नवंबर 2017 तक थी और संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) पांच वर्ष के लिए था।

अनुबंध की सामान्य शर्त (जी.सी.सी.) की क्लॉज 25 और 26 में कार्य पूरा होने में देरी के लिए करार की राशि के 1/16 प्रतिशत प्रति सप्ताह की दर से जुर्माने का प्रावधान है, जो करार राशि के अधिकतम पांच प्रतिशत के अधीन है। अनुबंध की विशेष शर्त (एस.सी.सी.) की क्लॉज 6.6 और अनुबंध की सामान्य शर्त की क्लॉज 29 (II) बी के अनुसार, यदि ठेकेदार दी गई अवधि में कमियों को उचित रूप से ठीक करने में विफल रहता है, तो कंपनी अनुबंध को समाप्त करने या बोलीदाता के जोखिम और लागत पर विभागीय रूप से या अन्य एजेंसियों के माध्यम से दोष को ठीक करने और बोलीदाता से वास्तविक लागत वसूल करने के लिए स्वतंत्र थी। साथ ही, अनुरोध प्रस्ताव (आर.एफ.पी.) की क्लॉज 7.1.7 में बताया गया है कि अनुरोध प्रस्ताव प्रावधानों के उल्लंघन के लिए, बोलीदाता को न्यूनतम पांच वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार की भविष्य की बोली प्रक्रियाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

आठ ई-शौचालयों की स्थापना का कार्य अक्तूबर 2018 में पूरा हो गया था। इन आठ

---

[11] ई-टॉयलेट मानव रहित, स्वचालित, मॉड्यूलर प्रकार और स्टेनलेस स्टील से बने टॉयलेट सीटों के साथ पूर्व-निर्मित सार्वजनिक शौचालय हैं और प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए साफ़-सफ़ाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस के साथ एकीकृत हैं। ई-शौचालय में दूरस्थ निगरानी क्षमताएं हैं और इनकी स्वास्थ्य स्थिति को इंटरनेट पर ट्रैक किया जा सकता है।

[12] आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग: ₹ 1.37 करोड़ और संचालन और रखरखाव: ₹ 0.49 करोड़।

ई-शौचालयों के लिए संचालन एवं रखरखाव 15 अक्तूबर 2018 से शुरू हुआ। शेष दो ई-शौचालयों की स्थापना जनवरी 2019 में पूरी हो गई और इन दो ई-शौचालयों के लिए संचालन एवं रखरखाव 15 जनवरी 2019 से शुरू हुआ। अगस्त 2019 तक, कंपनी ने ई-शौचालयों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए ₹ 1.34 करोड़ (₹ 0.05 करोड़ की वैधानिक देयता सहित) का भुगतान किया।

लेखापरीक्षा में योजना और अनुबंध प्रबंधन में निम्नलिखित कमियां पाई गई:

i. व्यवहार्यता अध्ययन (जनवरी 2018) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (अप्रैल 2018) तैयार करने से पहले ई-शौचालयों की स्थापना का कार्य सौंपा गया था (जुलाई 2017)। व्यवहार्यता अध्ययन ने इनकी व्यवहार्यता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में जनता द्वारा ई-शौचालयों के उपयोग की निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। तथापि, कंपनी उचित निगरानी सुनिश्चित करने में विफल रही, क्योंकि वह इन ई-शौचालयों को दूरस्थ निगरानी के लिए जनरल पैकेट रेडियो सर्विस नेटवर्क से जोड़ने और प्रवेश, उपयोग आदि जैसी सुविधाओं की वास्तविक समय स्थिति का आकलन करने में विफल रही। इस स्वचालित प्रणाली के अभाव में तोड़फोड़, चोरी, आवश्यक वस्तुओं की अनुपलब्धता, मुद्रा मशीन का काम न करना, ई-शौचालय की अस्वच्छ स्थिति आदि के मामलों को ट्रैक नहीं किया जा सका।

ii. ई-शौचालयों का निर्माण परियोजना की निर्धारित पूर्णता तिथि (18 नवंबर 2017) से 47 सप्ताह (आठ ई-शौचालय) और 60 सप्ताह (दो ई-शौचालय) की देरी के बाद अर्थात अक्तूबर 2018 और जनवरी 2019 को पूरा हुआ। कंपनी ने अनुरोध प्रस्ताव के प्रावधानों के अनुसार ₹ 4.25 लाख[13] का जुर्माना नहीं लगाया।

iii. ठेकेदार ने चार से सात माह की देरी से केवल 13 मई 2019 से 12 मई 2020 तक अग्नि मानक एवं विशेष बीमा करवाया, जिसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। आगे, यह देखा गया कि चोरी और हाउसकीपिंग के विरूद्ध बीमा कवर नहीं लिया गया था, जो अनुबंध के नियमों और शर्तों के अंतर्गत अनिवार्य था। इसलिए, चोरी के कारण होने वाले नुकसान की सुरक्षा नहीं की जा सकी।

iv. कंपनी ने उचित संचालन एवं रखरखाव में ठेकेदार की विफलता को दोहराते हुए उसे कई नोटिस[14] जारी किए, लेकिन खराब निष्पादन के कारण अनुबंध को अतिशीघ्र ब्लैकलिस्ट करने/समाप्त करने के निदेशक मंडल के निर्णय (नवंबर 2019) के तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया गया और न ही अनुबंध समाप्त किया गया। आगे, ठेकेदार कमियों को दूर करने में विफल रहा और जनवरी 2021 से रखरखाव कार्य बंद कर दिया।

v. कंपनी ने अनुबंध की विशेष शर्त के क्लॉज 6.6 और क्लॉज 29 (बी) के अनुसार ठेकेदार के जोखिम और लागत पर न तो विभागीय रूप से और न ही किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से कमियों को दूर करवाया, न ही ₹ 9.31 लाख की निष्पादन बैंक गारंटी जब्त की, जो केवल 18 सितंबर 2022 तक वैध थी।

---

[13] ₹ 3.22 लाख (₹ 1.37 करोड़ *47*0.0625/100*8/10) जमा ₹ 1.03 लाख (₹ 1.37 करोड़ *60*0.0625/100*2/10)

[14] जून 2019, एफएससीएल/इंजीनियरिंग/ईटी/19/654 दिनांक 09 जुलाई 2019 और एफएससीएल/इंजीनियरिंग/2019/1028 दिनांक 26 सितंबर 2019

इसके अलावा, यह पाया गया कि ई-शौचालयों के गैर-संचालन का मामला निदेशक मंडल के समक्ष रखा गया था, जिसने निर्देश दिया (25 जुलाई 2019) कि संचालन एवं रखरखाव का कार्य किसी अन्य एजेंसी को देकर ई-शौचालयों को कार्यात्मक बनाया जाए। निदेशक मंडल ने इन ई-शौचालयों को नगर निगम, फरीदाबाद को सौंपने का निर्णय लिया (20 मई 2020)। तथापि, नगर निगम, फरीदाबाद की इच्छा थी (मार्च 2021) कि ई-शौचालयों को अपने कब्जे में लेने से पहले कमियों को दूर किया जाए। तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो इन ई-शौचालयों की कमियों को दूर किया गया और न ही अक्तूबर 2024 तक इन ई-शौचालयों को नगर निगम, फरीदाबाद को हस्तांतरित किया गया।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया (नवंबर 2024) कि उसने संचालन एवं रखरखाव के लिए ₹ 2.30 लाख के साथ-साथ ₹ 64.48 लाख (सुरक्षा, कमियां आदि - ₹ 31.15 लाख और अतिरिक्त मदें/कार्य - ₹ 33.33 लाख शामिल हैं) रोक लिए हैं। यह आगे बताया गया कि कंपनी ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, राजस्थान के आदेश[15] के अनुपालन में ठेकेदार को ₹ 34.51 लाख जारी कर दिए हैं (अगस्त 2023) और कंपनी द्वारा इसे माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि कंपनी प्रस्ताव के लिए अनुरोध/अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार कार्य निष्पादित करने में विफल रही जिसके परिणामस्वरूप इन ई-शौचालयों की खराब निगरानी और संचालन एवं रखरखाव हुआ। इसके अलावा, ठेकेदार का भुगतान रोकने के बावजूद, कंपनी ने न तो ई-शौचालयों की कमियों को दूर करवाया और न ही प्रस्ताव के लिए अनुरोध/करार के प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार के विरूद्ध कोई कार्रवाई की। एग्जिट कॉन्फ्रेंस (जून 2023) के दौरान निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने स्वीकार किया कि खराब संचालन एवं रखरखाव के कारण ई-शौचालय स्थापना के कुछ महीनों के भीतर ही बंद हो गए। आयुक्त एवं सचिव, शहरी स्थानीय निकाय ने कंपनी को 25 जुलाई 2019 और 18 नवंबर 2019 को निदेशक मंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुरूप ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस प्रकार, ई-शौचालय, जिन पर ₹ 1.34 करोड़ खर्च किए गए थे, खराब संचालन एवं रखरखाव के कारण संचालन की तिथि से कुछ महीनों के भीतर निष्क्रिय हो गए, जिसके परिणामस्वरूप नागरिकों को परिकल्पित लाभ नहीं मिल सके, जिससे व्यय निष्फल हो गया।

हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड

7.4 व्यवहार्यता अध्ययन किए बिना खुदरा शराब की दुकानें खोलने के कारण हानि

किसी व्यवहार्यता अध्ययन के बिना गुरुग्राम में खुदरा शराब की दुकानें खोलने के कारण कंपनी को ₹ 6.99 करोड़ की परिहार्य हानि हुई।

हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड (कंपनी) ने अपने राजस्व में वृद्धि करने हेतु खुदरा शराब की दुकानें खोलने के लिए बोलियों में भाग लेने का निर्णय लिया (जून 2020)। इस उद्देश्य से, कंपनी ने हरियाणा सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग की बोली प्रक्रिया में भाग लिया (जून 2020) और दो आबकारी जिलों अर्थात गुरूग्राम (पूर्व) और गुरूग्राम (पश्चिम) सहित

[15] भुगतान जारी करने के लिए ठेकेदार द्वारा दायर मामले के विरुद्ध।

गुरुग्राम शहर में तीन जोन[16] (प्रत्येक जोन में दो खुदरा दुकानें) में विदेशी शराब (एल-2 लाइसेंस[17]) की बिक्री के लिए छः खुदरा दुकानें हासिल की। कंपनी ने इन आउटलेट्स के लिए परिसर पट्टे पर लिए। कंपनी ने आबकारी एवं कराधान (विभाग) से अनुमति प्राप्त करने के बाद करनाल में अपने पहले से मौजूद विदेशी शराब के थोक डिपो (एल-1 लाइसेंस[18]) से शराब जारी करके 07 जुलाई 2020 को इन खुदरा दुकानों को चालू कर दिया। कंपनी ने गुरुग्राम में इन खुदरा दुकानों में शराब की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने और परिवहन लागत बचाने के लिए थोक डिपो को करनाल से गुरुग्राम (पश्चिम) में स्थानांतरित कर दिया (अगस्त 2020)। कंपनी ने इस कार्रवाई के लिए अपने निदेशक मंडल से कार्योत्तर स्वीकृति ली (अगस्त 2020), जिसमें निदेशक मंडल ने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इन खुदरा दुकानों को आपूर्ति कंपनी के अपने थोक डिपो से सुनिश्चित की जानी चाहिए।

वर्ष 2020-21 के लिए हरियाणा की आबकारी नीति (नीति) के प्रावधान 3.3.1 के अनुसार, लाइसेंसधारी अर्थात कंपनी को थोक विक्रेता से शराब का मूल त्रैमासिक आबंटित कोटा उठाना था और कोटा उठाने में विफल रहने पर कम कोटा के लिए जुर्माना लगाया जाना था।

खुदरा दुकानों के संचालन के दौरान, कंपनी को पता चला कि दुकानों के लिए शराब उठाने के लिए निर्धारित मूल कोटा वास्तविक बिक्री से अधिक था और वह कम कोटा जुर्माना के लिए उत्तरदायी बन रही थी। इसके अलावा, कम बिक्री के कारण वह निर्धारित लाइसेंस फीस के भुगतान की देयता को मुश्किल से पूरा कर पा रही थी। कंपनी को यह भी पता चला कि खुदरा दुकानों को स्टॉक देने के लिए थोक डिपो पर बड़े स्टॉक के अलावा, अपेक्षित बिक्री प्राप्त करने के लिए प्रत्येक खुदरा दुकान पर कम से कम ₹ एक करोड़ का स्टॉक बनाए रखना अपेक्षित था। कार्यशील पूंजी की कमी के कारण कंपनी ग्राहकों द्वारा मांगे गए सभी ब्रांडों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने में भी सक्षम नहीं रही। इसलिए, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए सभी शराब लाइसेंस सरेंडर करने का निर्णय लिया (दिसंबर 2020)। जबकि कम कोटा उठाने के लिए जुर्माने के भुगतान से छूट का मामला प्रक्रियाधीन है (जून 2023), कंपनी को खुदरा शराब की दुकानों के संचालन में पहले ही ₹ 6.99 करोड़ की हानि हो गई है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि कंपनी ने बाजार की स्थितियों, बिक्री क्षमता और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए कोई आर्थिक और रसद व्यवहार्यता अध्ययन किए बिना खुदरा शराब की दुकानें खोलने का निर्णय लिया। कंपनी पर्याप्त कार्यशील पूंजी की व्यवस्था करने में सक्षम नहीं थी क्योंकि वह 2016-17 से ही घाटे में चल रही थी और पहले से ही वित्तीय संकट का सामना कर रही थी। इसके अलावा, चूंकि नीति के अनुसार, किसी आबकारी जिले में खुदरा शराब की दुकानों को आपूर्ति केवल उस आबकारी जिले में स्थित थोक दुकानों से ही की जा सकती थी, इसलिए कंपनी गुरुग्राम (पश्चिम) में अपने थोक डिपो से गुरुग्राम (पूर्व) में स्थित अपनी खुदरा दुकानों को आपूर्ति नहीं कर सकी और उसे गुरुग्राम (पूर्व) में अन्य निजी थोक विक्रेताओं से शराब खरीदनी पड़ी। इसके अतिरिक्त, खराब खुदरा बिक्री के कारण, इसके थोक आउटलेट (एल-1) अपने आपूर्तिकर्ताओं का बकाया समय पर नहीं चुका सके, जिन्होंने आगे आपूर्ति करने से इनकार कर दिया। इसके परिणामस्वरूप खुदरा दुकानों पर विभिन्न ब्रांडों

---

16 अतुल कटारिया चौक (पश्चिमी जोन), हीरो होंडा चौक (पूर्वी जोन) और बख्तावर चौक (पूर्वी जोन)।

17 विदेशी शराब की बिक्री के लिए खुदरा दुकान का लाइसेंस।

18 विदेशी शराब की बिक्री के लिए थोक डिपो का लाइसेंस।

की उपलब्धता खराब हो गई, जिससे उनकी बिक्री पर और प्रभाव पड़ा।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया (जुलाई 2023) कि नुकसान का मुख्य कारण एल-1 (गुरुग्राम पश्चिम में स्थित) से एल-2 वेंड्स (गुरुग्राम पूर्व में) तक आपूर्ति बंद करना था, जिसे पहले विभाग द्वारा अनुमति दी गई थी। प्रबंधन ने आगे बताया कि कंपनी ने उन निजी बोलीदाताओं को संदेश देने के लिए एल-2 विक्रेताओं की ई-बोली में भाग लिया जो कोविड-19 परिदृश्य के दौरान ई-बोली प्रक्रिया में भाग नहीं ले रहे थे। प्रबंधन का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि आबकारी नीति किसी आबकारी जिले में एल-2 दुकानों को केवल उस विशेष आबकारी जिले की एल-1 दुकानों से ही आपूर्ति की अनुमति देती है और आबकारी विभाग ने विशेष मामले के रूप में कंपनी को करनाल में स्थित एल-1 से गुरुग्राम में विभिन्न एल-2 दुकानों तक कोटा उठाने की अनुमति दी थी (जुलाई 2020)। हालांकि, गुरुग्राम पश्चिम से गुरुग्राम पूर्व तक कोटा उठाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा कोई विशेष स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी। एक वाणिज्यिक इकाई होने के नाते कंपनी के लिए यह आवश्यक था कि वह बोली प्रक्रिया में भाग लेने से पहले मौजूदा आबकारी नीति से उत्पन्न चुनौतियों का आकलन करने के लिए उचित आर्थिक और रसद व्यवहार्यता अध्ययन करे। इसके परिणामस्वरूप, कंपनी को ₹ 6.99 करोड़ की परिहार्य हानि हुई।

मामला उत्तर/टिप्पणियों के लिए सरकार के पास भेजा गया (मार्च 2023), उनका उत्तर प्रतीक्षित था (जनवरी 2025)।

चंडीगढ़ **(आशुतोष शर्मा)**
दिनांक: 29 जुलाई 2025 **प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) हरियाणा**

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली **(के. संजय मूर्ति)**
दिनांक: 06 अगस्त 2025 **भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक**

परिशिष्ट

परिशिष्ट 1.1

(संदर्भः अनुच्छेद 1.1; पृष्ठ 1)

विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों के विवरण

विभाग	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	स्वायत्त निकाय
1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	1. हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड	1. हरियाणा राज्य बाल अधिकार आयोग
2. चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग	2. हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम लिमिटेड	2. हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, पंचकुला
3. सैनिक और अर्ध सैनिक कल्याण विभाग	3. हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लिमिटेड	3. हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड पंचकुला
4. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग	4. हरियाणा महिला विकास निगम लिमिटेड	4. हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड
5. अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गो का कल्याण विभाग	5. हरियाणा राज्य वित्तीय सेवाएं लिमिटेड	5. हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग
6. महिला एवं बाल विकास	6. हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड	6. हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड पंचकुला
7. उच्च शिक्षा विभाग	7. हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड	7. हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकुला (ह.श.वि.प्रा.)
8. श्रम विभाग	8. हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड	8. हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकुला
9. स्कूल शिक्षा विभाग	9. हरियाणा राज्य भंडारण निगम	9. हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम
10. कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग	10. हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी विपणन निगम लिमिटेड	10. गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण
11. खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग	11. हरियाणा लघु सिंचाई एवं नलकूप निगम लिमिटेड	11. हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकुला
12. तकनीकी शिक्षा विभाग	12. हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	12. राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण
13. रोजगार विभाग	13. हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड	13. हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड
14. आबकारी एवं कराधान विभाग	14. उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड	14. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला
15. वित्त विभाग	15. दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड	15. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र
16. ग्रामीण विकास विभाग	16. हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	16. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल
17. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग	17. पानीपत प्लास्टिक पार्क हरियाणा लिमिटेड	17. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नारनौल
18. पशुपालन एवं डेयरी विभाग	18. हरियाणा राज्य आवास वित्त निगम लिमिटेड (अक्रियाशील)	18. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहाबाद
19. सहकारिता विभाग	19. हरियाणा कॉनकास्ट लिमिटेड (अक्रियाशील)	19. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जींद
20. मत्स्य पालन विभाग	20. हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड (अक्रियाशील)	20. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल
21. खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग	21. हरियाणा वित्तीय निगम लिमिटेड	21. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिसार
22. बागवानी विभाग	22. हरियाणा रोडवेज अभियांत्रिकी निगम लिमिटेड	22. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरसा
23. सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग	23. हरियाणा मास रैपिड परिवहन निगम लिमिटेड	23. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यमुनानगर
24. नव एवं नवीकरणीय ऊर्जा	24. गुड़गांव टेक्नोलॉजी पार्क लिमिटेड	24. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद
25. बिजली विभाग	25. गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड	25. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत

विभाग	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	स्वायत्त निकाय
26. उद्योग एवं वाणिज्य	26. फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड	26. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिवानी
27. खान एवं भू-विज्ञान	27. फरीदाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड	27. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकुला
28. नागर विमानन	28. करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड	28. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रेवाड़ी
29. परिवहन विभाग	29. हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड	29. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम
30. नगर एवं ग्राम आयोजना	30. हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम लिमिटेड	30. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेवात
31. शहरी स्थानीय निकाय	31. हरियाणा ऑर्बिटल रेल निगम लिमिटेड	31. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलवल
32. सभी के लिए आवास	32. हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	32. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहतक
33. पर्यावरण और जलवायु विभाग	33. हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड	33. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत
34. वन विभाग	34. हारट्रोन इंफॉर्मेटिक्स लिमिटेड	34. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झज्जर
35. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	35. हरियाणा पुलिस आवास निगम लिमिटेड	35. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चरखी दादरी
36. जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग	36. हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड	36. हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकुला
37. लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें)	37. ड्रोन इमेजिंग एंड इंफोर्मेशन सर्विसिज आफ हरियाणा लिमिटेड	37. हरियाणा वक्फ बोर्ड, अंबाला कैंट
38. सूचना एवं प्रौद्योगिकी		38. हरियाणा मानव अधिकार आयोग
39. गृह		
40. कला एवं संस्कृति		
41. अभिलेखागार		
42. पुरातत्व एवं संग्रहालय		
43. पर्यटन		
44. चुनाव विभाग के प्रधान सचिव		
45. नागरिक संसाधन सूचना विभाग		
46. सामान्य प्रशासन		
47. राज्य चुनाव आयोग		
48. हरियाणा विधानसभा के सचिव		
49. राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग		
50. मुद्रण एवं लेखन सामग्री		
51. राज्यपाल के सचिव		
52. सूचना, जनसंपर्क एवं भाषाएं		
53. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग		

परिशिष्ट 1.2

(संदर्भः अनुच्छेद 1.6; पृष्ठ 4)

बकाया अनुच्छेदों की श्रेणीवार राशि के विवरण दर्शाने वाली विवरणी

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	श्रेणी/अनियमितताओं की प्रकृति	अनुच्छेदों की संख्या	धन मूल्य
1.	चोरी, दुर्विनियोग एवं गबन के कारण हानि	318	103.73
2.	वसूली योग्य राशि	2,361	1,26,776.81
3.	नियमों का पालन न करना	5,308	18,855.18
4.	परिहार्य/अनियमित/अधिक व्यय	3,153	15,196.66
5.	निष्फल/बेकार व्यय	867	2,578.36
6.	योजना के क्रियान्वयन/कार्य के निष्पादन में कमी	1,836	8,717.84
7.	निधियों का उपयोग न करना/अवरोध करना	1,169	10,082.44
8.	स्टोर/स्टॉक का सत्यापन न करना	1,937	1,123.55
9.	साधनों का उपयोग न करने के कारण राजस्व की हानि	2,774	27,970.07
10.	विविध	4,639	12,001.55
	कुल	**24,362**	**2,23,406.19**

परिशिष्ट 1.3

(संदर्भः अनुच्छेद 1.7.2; पृष्ठ 5)

उन अनुच्छेदों की सूची जिनमें वसूली को इंगित किया गया है लेकिन 31 मार्च 2024 तक प्रशासनिक विभागों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है

क्र. स.	प्रशासनिक विभाग का नाम	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	अनुच्छेद संख्या	राशि (₹ लाख में)
1.	कृषि	2015-16	2.1.7.5	12,644.00
			2.1.9.3	21.41
		2017-18	2.1.6.3	2,222.00
2.	पशुपालन	2000-01	3.4	21.96
3.	खाद्य एवं आपूर्ति	2014-15	3.6.2	2,446.00
			3.6.3	240.00
		2017-18	3.4	2,404.00
		2018-19	3.5	299.00
4.	नगर एवं ग्राम आयोजना (हुडा)	2000-01	3.16	15,529.00
		2001-02	6.1	4,055.00
		2011-12	2.3.10.8	16,700.00
		2013-14	2.3.10.6	1,266.00
			2.3.10.11	37,386.00
			3.2	84.64
		2015-16	3.18 (क)	41,715.00
			3.18 (ख)	1,077.00
		2017-18	3.17 क	16,086.00
			3.17 ख	1,972.00
			3.18.7 (ii)	1,955.00
			3.18.10	4,678.00
			3.18.11 (i)	342.00
			3.18.11 (ii)	2,025.00
			3.18.11 (iii)	2,690.00
		2018-19	3.14.3.3	3,189.00
			3.14.3.4	713.00
			3.14.3.8	1,314.00
			3.14.3.11	96.00
			3.14.4.3	1,122.00
			3.14.4.5	72.00
			3.15	561.00
		2019-20	2.4	295.00
			2.5	161.00

क्र. स.	प्रशासनिक विभाग का नाम	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	अनुच्छेद संख्या	राशि (₹ लाख में)
5.	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (जिला रेड क्रॉस सोसायटी)	2011-12	3.3.5.1	1,572.00
6.	लोक निर्माण विभाग (सिंचाई शाखा)	2010-11	3.1.2	62.25
7.	श्रम एवं रोजगार	2011-12	2.1.9.4	79.95
		2019-20	2.6	154.00
8.	शहरी स्थानीय निकाय	2012-13	2.2.8.6	10,182.00
9.	सहकारिता	2012-13	2.5.7.4	494.00
			2.5.9.3	767.00
10.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	2012-13	3.6	125.00
11.	स्कूल शिक्षा	2017-18	3.16.2.5	12.30
		2018-19	3.3	469.00
12.	लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें)	2015-16	3.12.4.1	53.00
13.	उच्च शिक्षा विभाग	2016-17	2.1.7.3	118.00
			2.1.8 (ख)	2,631.00
14.	गृह (जेल) विभाग	2016-17	2.2.7.3	112.00
15.	आवास	2018-19	3.9	41.00
16.	वन	2018-19	3.7.4 (ii)	274.00
17.	अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों का कल्याण	2018-19	2.1.8.1	1,898.00
			2.1.8.2	965.00
			2.1.8.3	11.56
			2.1.8.4 (i)	48.47
			2.1.8.4 (ii)	1.57
			2.1.8.5 (i)	6.36
			2.1.8.5 (ii)	14.89
			2.1.8.6	78.91
			2.1.8.7	474.00
			2.1.8.8	85.86
			2.1.8.10	1.52
			2.1.8.11	2.54
	कुल			**1,96,117.19**

परिशिष्ट 1.4

(संदर्भः अनुच्छेद 1.7.3; पृष्ठ 6)

31 मार्च 2024 तक लोक लेखा समिति और लोक उपक्रम समिति की रिपोर्टों की सूची और नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन पर लंबित सिफारिशों की संख्या

क्र. सं.	लोक लेखा समिति			लोक उपक्रम समिति (कोपू)		
	लोक लेखा समिति की रिपोर्ट संख्या	लोक लेखा समिति की रिपोर्ट का वर्ष	लंबित सिफारिशें	कोपू की रिपोर्ट संख्या	कोपू के अनुच्छेदों की संख्या	कोपू की रिपोर्ट का वर्ष
1.	16वीं	1979-80	1	16वीं	1	1983-84
2.	22वीं	1984-85	1	19वीं	1	1984-85
3.	23वीं	1985-86	1	23वीं	3	1986-87
4.	26वीं	1987-88	1	35वीं	1	1992-93
5.	32वीं	1990-91	1	38वीं	1	1994-95
6.	34वीं	1991-92	5	41वीं	1	1996-97
7.	36वीं	1992-93	3	42वीं	1	1996-97
8.	38वीं	1993-94	2	43वीं	3	1997-98
9.	40वीं	1994-95	3	45वीं	14	2000-01
10.	42वीं	1995-96	1	47वीं	14	2000-01
11.	44वीं	1996-97	6	48वीं	10	2000-01
12.	46वीं	1997-98	3	49वीं	6	2001-02
13.	50वीं	2000-01	16	50वीं	4	2002-03
14.	52वीं	2001-02	5	51वीं	3	2003-04
15.	54वीं	2002-03	7	52वीं	4	2005-06
16.	56वीं	2003-04	11	53वीं	15	2006-07
17.	58वीं	2005-06	13	55वीं	6	2008-09
18.	60वीं	2006-07	18	56वीं	3	2009-10
19.	61वीं	2007-08	5	57वीं	5	2010-11
20.	62वीं	2007-08	8	58वीं	5	2011-12
21.	63वीं	2008-09	12	59वीं	10	2012-13
22.	64वीं	2009-10	7	60वीं	5	2013-14
23.	65वीं	2010-11	12	61वीं	10	2014-15
24.	67वीं	2011-12	4	62वीं	13	2015-16
25.	68वीं	2012-13	11	63वीं	15	2016-17
26.	70वीं	2013-14	15	64वीं	18	2017-18
27.	71वीं	2014-15	3	65वीं	7	2018-19
28.	72वीं	2015-16	26	66वीं	9	2019-20
29.	73वीं	2016-17	37	67वीं	18	2020-21
30.	74वीं	2016-17	35	68वीं	19	2021-22
31.	75वीं	2017-18	32	69वीं	22	2022-23
32.	77वीं	2017-18	22	70वीं	12	2023-24
33.	79वीं	2018-19	32	**कुल**	**259**	
34.	80वीं	2019-20	22			
35.	81वीं	2020-21	36			
36.	82वीं	2021-22	66			
37.	83वीं	2022-23	25			
38.	88वीं	2023-24	34			
39.	89वीं	2023-24	89			
		कुल	**631**			

परिशिष्ट 1.5

(संदर्भः अनुच्छेद 1.7.3; पृष्ठ 6)

31 मार्च 2024 तक नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों पर लोक लेखा समिति और लोक उपक्रम समिति की विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार लंबित सिफारिशें

लोक लेखा समिति			लोक उपक्रम समिति		
क्र.सं.	विभाग का नाम	अनुच्छेद	क्र.सं.	विभाग का नाम	अनुच्छेद
1	न्याय प्रशासन	1	1	विद्युत विभाग	67
2	कृषि एवं किसान कल्याण	30	2	हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	25
3	पशुपालन	14	3	हरियाणा वितीय निगम	13
4	पुरातत्व एवं संग्रहालय	1	4	हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड	46
5	वास्तुकला	1	5	हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड तथा हरियाणा भंडारण निगम लिमिटेड	9
6	नागरिक उड्डयन	1	6	हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड	1
7	सिविल सचिवालय, सामान्य प्रशासन	3	7	हरियाणा भंडारण निगम लिमिटेड	20
8	आयुक्त,हिसार	7	8	हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड	4
9	सहकारी	12	9	हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड	3
10	विकास एवं पंचायतें	9	10	हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड	2
11	जिला गुरूग्राम	8	11	हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड	2
12	एचएसएसपीपी, प्राथमिक, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा सहित शिक्षा	32	12	हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम लिमिटेड	14
13	पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन	23	13	हरियाणा पुलिस आवास निगम लिमिटेड	3
14	वाणिज्यिक कर, निषेध और उत्पाद शुल्क सहित उत्पाद शुल्क और कराधान	1	14	हरियाणा महिला विकास निगम लिमिटेड	1
15	लॉटरी, न्याय, वित्त, खजाना और लेखा सहित वित्त	22	15	हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम प्राइवेट लिमिटेड	6
16	खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले	35	16	हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड	1
17	वन एवं वन्य जीवन	9	17	हरियाणा राज्य लघु सिंचाई एवं नलकूप निगम लिमिटेड	3
18	सामान्य	13	18	हरियाणा राज्य लघु उद्योग निर्यात निगम लिमिटेड	5
19	खाद्य एवं औषधि प्रशासन, परिवार कल्याण सहित स्वास्थ्य	43	19	हरियाणा मिनरल लिमिटेड	18
20	गृह	12	20	हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण	15
			21	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	1
21	आवास	2		**कुल**	**259**
22	कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण	8			
23	एमएसएमई, आपूर्ति एवं निपटान सहित उद्योग और वाणिज्य	10			
24	सूचना, जनसंपर्क एवं सांस्कृतिक मामले	2			
25	सिंचाई	23			
26	श्रम एवं रोजगार	12			
27	चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान	6			
28	लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें)	16			
29	अन्य प्रशासनिक सेवाएं	2			
30	मुद्रण एवं स्टेशनरी	3			
31	लोक निर्माण विभाग (जन स्वास्थ्य)	24			

लोक लेखा समिति			लोक उपक्रम समिति		
क्र.सं.	**विभाग का नाम**	**अनुच्छेद**	**क्र.सं.**	**विभाग का नाम**	**अनुच्छेद**
32	नवीकरणीय ऊर्जा	2			
33	राजस्व एवं आपदा प्रबंधन	22			
34	ग्रामीण विकास	19			
35	समाज कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता	33			
36	खेल एवं युवा मामले	6			
37	तकनीकी शिक्षा	4			
38	नगर एवं ग्राम आयोजना	89			
39	परिवहन	31			
40	शहरी स्थानीय निकाय, शहरी विकास, उपनिवेशीकरण, स्थानीय स्वशासन	14			
41	अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों का कल्याण	24			
42	महिला एवं बाल विकास	2			
	कुल	**631**			

पीआर: लंबित सिफारिश

परिशिष्ट 2.1

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.1.3; पृष्ठ 8)

विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के प्रबंधन को नियंत्रित करने वाला विनियामक ढांचा

क्र.सं.	अपशिष्ट का प्रकार	विनियामक ढांचा
1	नगर निगम का ठोस अपशिष्ट	• नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2000 • नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मैनुअल, 2016 • राष्ट्रीय पर्यावरण नीति, 2006 • ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
2	प्लास्टिक अपशिष्ट	• प्लास्टिक अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2011 • प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
3	खतरनाक अपशिष्ट	• ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
4	निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट	• निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
5	बूचड़खाना अपशिष्ट	• पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण (बूचड़खाना) नियम, 2001 • जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974
6	सेनिटरी अपशिष्ट	• ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016

परिशिष्ट 2.2

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.1.4; पृष्ठ 8)

संगठनात्मक संरचना



(स्रोत: शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.3

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.4; पृष्ठ 10)

चयनित 18 शहरी स्थानीय निकायों की सूची

क्र.सं.	शहरी स्थानीय निकाय का नाम
नगर निगम	
1	हिसार
2	पानीपत
3	गुरुग्राम
4	फरीदाबाद
5	सोनीपत
6	पंचकुला
नगर परिषद	
7	कालका
8	कैथल
9	टोहाना
10	बहादुरगढ़
11	नारनौल
12	पलवल
नगरपालिका	
13	नीलोखेड़ी
14	शाहबाद
15	उकलाना
16	बेरी
17	पुन्हाना
18	हेलीमंडी

परिशिष्ट 2.4

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.6.4; पृष्ठ 13)

समूह आवास या वाणिज्यिक, संस्थागत या किसी अन्य गैर-आवासीय परिसर, जिसमें 200 से अधिक आवास हों या जिसका प्लॉट क्षेत्रफल 5,000 वर्ग मीटर से अधिक हो, के लिए विकास योजना में अलग स्थान के सीमांकन की स्थिति दर्शाने वाली विवरणी

क्र. सं.	समूह आवास, वाणिज्यिक, संस्थागत परिसर का नाम	विकास योजना की स्वीकृति की तिथि	कुल क्षेत्रफल 5,000 वर्ग मीटर से अधिक
1.	मेसर्स अभिनव प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड	30 सितंबर 2021	16,718.57
2.	फाइनेस्ट प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड	31 मार्च 2021	5,597.974
3.	मेसर्स कपूर इंडस्ट्रीज एलएलपी	15 अप्रैल 2022	11,735.836
4.	मेसर्स निनानिया एस्टेट लिमिटेड	20 अप्रैल 2017	17,455.66
5.	मेसर्स सोना फाउंडेशन गुरुग्राम	27 सितंबर 2022	16,414.99
6.	मेसर्स राजेंद्र कुमार शर्मा	27 सितंबर 2021	8,346.66
7.	मेसर्स पिकवेल	31 मार्च 2022	5,601.45
8.	मेसर्स कपूर इंडस्ट्रीज एलएलपी	13 सितंबर 2019	9,257.14
9.	मेसर्स इंडियन ट्रांसफॉर्मर्स एंड इलेक्ट्रिकल्स	06 दिसंबर 2021	5,253.78
10.	मेसर्स एडएक्सपेरेंशियल एंड इंफ्रासर्विसेज एलएलपी	11 नवंबर 2021	12,317.56
11.	मेसर्स राजश्री यादव और श्रीमती गीतांजलि यादव	29 नवंबर 2019	8,574.24
12.	मेसर्स वेरा एडु इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड	18 अक्तूबर 2019	13,253.34
13.	श्री सतबीर सिंह पुनिया	17 दिसंबर 2021	24,029.00
14.	मेसर्स जुबिलिएंट मॉल्स प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली	06 जुलाई 2022	15,904.10

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.5

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.6.6; पृष्ठ 14)

नमूना-जांच किए गए शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम बनाने को दर्शाने वाली विवरणी

क्र. सं.	शहरी स्थानीय निकाय का नाम	उपनियमों की नियत तिथि	अधिसूचना की वास्तविक तिथि	कुल विलंब (दिनों में)	शहरी स्थानीय निकाय के कारण विलंब[1] (दिनों में)
नगर निगम					
1	हिसार	9 अप्रैल 2017	19 जुलाई 2019	831	106
2	पानीपत	9 अप्रैल 2017	1 सितंबर 2019	875	150
3	गुरुग्राम	9 अप्रैल 2017	अभी नहीं बनाए गए	-	-
4	फरीदाबाद	9 अप्रैल 2017	1 जनवरी 2021	1,363	638
5	सोनीपत	9 अप्रैल 2017	अभी नहीं बनाए गए	-	-
6	पंचकुला	9 अप्रैल 2017	24 जून 2019	806	81
नगर परिषद					
7	कालका	17 सितंबर 2020	17 दिसंबर 2021	456	61
8	कैथल	9 अप्रैल 2017	1 सितंबर 2019	875	150
9	टोहाना	9 अप्रैल 2017	1 अगस्त 2019	844	119
10	बहादुरगढ़	9 अप्रैल 2017	1 अगस्त 2019	844	119
11	नारनौल	9 अप्रैल 2017	1 अक्तूबर 2019	905	180
12	पलवल	9 अप्रैल 2017	1 अगस्त 2019	844	119
नगरपालिका					
13	नीलोखेड़ी	9 अप्रैल 2017	1 जुलाई 2019	813	88
14	शाहबाद	9 अप्रैल 2017	अभी नहीं बनाए गए	-	-
15	उकलाना	9 अप्रैल 2017	5 जुलाई 2019	817	92
16	बेरी	9 अप्रैल 2017	1 अगस्त 2019	844	119
17	पुन्हाना	9 अप्रैल 2017	20 अगस्त 2019	863	138
18	हेलीमंडी	9 अप्रैल 2017	1 जुलाई 2019	813	88

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

[1] विलंब की गणना शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम जारी करने की तिथि (5 मार्च 2019) और संबंधित शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उपनियम जारी करने की तिथि से की गई, इसके लिए उन्हें अधिसूचना हेतु 30 दिन का समय दिया गया।

परिशिष्ट 2.6

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.6.9; पृष्ठ 17)

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सेवा स्तर मानकों की प्राप्ति की स्थिति

		निगम						परिषद						नगरपालिका					
विवरण	**वर्ष**	**हिसार**	**पानीपत**	**फरीदाबाद**	**गुरुग्राम***	**सोनीपत**	**पंचकुला***	**कालका**	**कैथल**	**टोहाना**	**बहादुरगढ़**	**नारनौल**	**पलवल**	**नीलोखेड़ी**	**शाहबाद**	**उकलाना**	**बेरी**	**पुन्हाना**	**हेलीमंडी**
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं का घरेलू स्तर पर कवरेज	2017-18	50	38	70	-	100	-	एनए	10	65	85	30	32	100	50	30	80	32	30
	2018-19	50	100	88	-	100	-	एनए	10	70	90	50	32	100	60	40	100	47	30
	2019-20	50	100	90	-	100	-	एनए	100	85	95	70	32	100	100	50	100	47	30
	2020-21	80	100	92	-	100	-	80	100	85	100	80	75	100	100	60	100	47	55
	2021-22	90	100	94	-	100	-	80	100	95	100	100	90	100	100	80	100	47	70
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रहण की दक्षता	2017-18	50	100	70	-	100	-	एनए	10	65	85	30	32	100	60	30	80	33	30
	2018-19	50	100	88	-	100	-	एनए	10	70	90	50	32	100	80	40	100	46	30
	2019-20	50	100	90	-	100	-	एनए	100	85	95	70	32	100	100	50	100	46	30
	2020-21	80	100	92	-	100	-	100	100	85	100	80	75	100	100	60	100	46	55
	2021-22	90	100	94	-	100	-	100	100	95	100	100	90	100	100	80	100	46	70
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण की सीमा	2017-18	50	0	22	-	40	-	एनए	0	65	30	0	32	90	30	30	40	0	30
	2018-19	50	40	34	-	60	-	एनए	0	70	40	0	32	90	40	40	20	0	30
	2019-20	50	40	55	-	80	-	एनए	70	85	50	40	32	90	60	50	20	0	30
	2020-21	80	100	60	-	100	-	80	80	85	60	70	74	90	100	60	30	0	55
	2021-22	90	100	66	-	100	-	80	20	95	70	70	74	100	100	80	50	0	65
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट की वसूली की सीमा	2017-18	50	80	12	-	20	-	एनए	0	65	10	10	32	80	10	30	5	0	30
	2018-19	50	80	12	-	40	-	एनए	0	70	20	10	32	80	10	40	10	0	30
	2019-20	50	80	35	-	60	-	एनए	70	85	30	30	32	80	30	50	10	0	30
	2020-21	60	80	47	-	80	-	एनए	80	85	40	50	32	80	50	60	10	0	30
	2021-22	80	80	52	-	100	-	एनए	20	95	60	60	90	80	70	80	20	0	70

		निगम						परिषद						नगरपालिका					
विवरण	वर्ष	हिसार	पानीपत	फरीदाबाद	गुरुग्राम*	सोनीपत	पंचकुला*	कालका	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	पलवल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	पुन्हाना	हेलीमंडी
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान की सीमा	2017-18	50	0	0	-	0	-	एनए	0	65	30	0	32	0	0	30	5	0	30
	2018-19	50	0	0	-	0	-	एनए	0	70	40	0	32	0	0	40	10	0	30
	2019-20	50	0	0	-	0	-	एनए	0	85	55	0	32	0	0	50	30	0	30
	2020-21	60	0	0	-	100	-	60	100	85	65	0	32	0	0	60	40	0	30
	2021-22	80	80	0	-	100	-	90	100	95	85	0	90	100	0	80	50	0	70
ग्राहक शिकायतों के निवारण में दक्षता	2017-18	50	80	100	-	100	-	एनए	100	65	40	70	100	80	80	30	30	75	100
	2018-19	50	80	100	-	100	-	एनए	100	70	50	70	100	80	80	40	40	75	100
	2019-20	50	80	100	-	100	-	एनए	100	85	60	90	100	80	80	50	50	78	100
	2020-21	60	80	100	-	100	-	80	100	85	80	100	100	80	80	60	70	78	100
	2021-22	80	80	100	-	100	-	80	100	95	80	100	100	80	80	80	80	78	100
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं में लागत वसूली की सीमा	2017-18	50	0	0	-	20	-	एनए	0	65	0	एनए	0	0	0	30	0	0	0
	2018-19	50	0	0	-	20	-	एनए	0	70	0	एनए	0	0	0	40	10	0	0
	2019-20	60	0	0	-	40	-	एनए	0	85	0	एनए	0	0	0	60	20	0	0
	2020-21	80	0	0	-	60	-	0	0	85	0	एनए	0	0	0	60	20	0	0
	2021-22	90	0	0	-	70	-	0	0	95	0	एनए	0	90	0	80	30	0	0
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभारों के संग्रहण में दक्षता	2017-18	50	0	9	-	20	-	एनए	0	65	0	एनए	0	0	0	30	0	0	0
	2018-19	50	0	12	-	20	-	एनए	0	70	0	एनए	0	0	0	40	20	0	0
	2019-20	60	0	21	-	40	-	एनए	0	85	0	एनए	0	0	0	60	30	0	0
	2020-21	70	0	0	-	60	-	0	0	85	0	एनए	0	0	0	60	30	0	0
	2021-22	80	0	0	-	60	-	0	0	85	0	एनए	0	80	0	80	40	0	0

* नगर निगम, पंचकुला और नगर निगम, गुरूग्राम द्वारा जानकारी प्रदान नहीं की गई थी।

एनए: उपलब्ध नहीं

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.7

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.1 एवं 2.7.5; पृष्ठ 20, 24)

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में स्रोत पर पृथक्करण की प्रतिशतता और घर-घर जाकर संग्रहण की प्रतिशतता दर्शाने वाली विवरणी

		निगम						परिषद						नगरपालिका					
विवरण	वर्ष	हिसार	पानीपत	फरीदाबाद	गुरुग्राम	सोनीपत	पंचकुला	कालका	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	पलवल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	पुन्हाना	हेलीमंडी
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रहण की दक्षता	2017-18	50	100	70	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	एनए	10	65	85	30	32	100	60	30	80	33	30
	2018-19	50	100	88	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	एनए	10	70	90	50	32	100	80	40	100	46	30
	2019-20	50	100	90	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	एनए	100	85	95	70	32	100	100	50	100	46	30
	2020-21	80	100	92	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	100	100	85	100	80	75	100	100	60	100	46	55
	2021-22	90	100	94	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	100	100	95	100	100	90	100	100	80	100	46	70
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण की सीमा	2017-18	50	0	22	प्रदान नहीं की गई	40	प्रदान नहीं की गई	एनए	0	65	30	0	32	90	30	30	40	0	30
	2018-19	50	40	34	प्रदान नहीं की गई	60	प्रदान नहीं की गई	एनए	0	70	40	0	32	90	40	40	20	0	30
	2019-20	50	40	55	प्रदान नहीं की गई	80	प्रदान नहीं की गई	एनए	70	85	50	40	32	90	60	50	20	0	30
	2020-21	80	100	60	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	80	80	85	60	70	74	90	100	60	30	0	55
	2021-22	90	100	66	प्रदान नहीं की गई	100	प्रदान नहीं की गई	80	20	95	70	70	74	100	100	80	50	0	65

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.8

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.6; पृष्ठ 25)

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं (एम.आर.एफ.) की स्थिति

		निगम						परिषद						नगरपालिका						कुल
विवरण	वर्ष	हिसार	पानीपत	फरीदाबाद	गुरुग्राम	सोनीपत	पंचकुला	कालका	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	पलवल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	पुन्हाना	हेलीमंडी	
अपेक्षित एमआरएफ की संख्या	2017-18	10	एनए	7	35	1	1	0	0	1	1	1	2	1	0	10	1	1	1	73
	2018-19	10	2	7	35	2	1	0	0	1	1	1	2	1	1	10	1	1	1	77
	2019-20	10	2	7	35	2	1	0	0	1	1	1	2	1	1	2	1	1	1	69
	2020-21	10	2	7	35	2	1	2	2	1	1	1	2	1	1	2	1	1	1	73
	2021-22	10	2	6	35	0	1	2	2	1	1	1	2	1	1	2	1	1	1	70
उपलब्ध एमआरएफ की संख्या	2017-18	0	एनए	6	0	1	1	0	0	0	1	0	0	1	0	0	0	0	1	11
	2018-19	1	2	6	0	2	1	0	0	0	1	0	0	1	1	1	0	0	1	17
	2019-20	3	2	6	5	2	1	0	0	0	1	0	0	1	1	0	0	0	1	23
	2020-21	7	2	7	4	2	1	1	1	0	1	0	3	1	1	1	1	0	1	34
	2021-22	7	2	6	5	0	1	1	1	1	1	0	3	1	1	1	1	0	1	33
एमआरएफ में कमी	2017-18	10	एनए	1	35	0	0	0	0	1	0	1	2	0	0	10	1	1	0	62
	2018-19	9	0	1	35	0	0	0	0	1	0	1	2	0	0	9	1	1	0	60
	2019-20	7	0	1	30	0	0	0	0	1	0	1	2	0	0	2	1	1	0	46
	2020-21	3	0	0	31	0	0	1	1	1	0	1	0	0	0	1	0	1	0	40
	2021-22	3	0	0	30	0	0	1	1	0	0	1	0	0	0	1	0	1	0	38

एनए: उपलब्ध नहीं

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.9

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.7; पृष्ठ 26)

नमूना-जांच किए गए 18 शहरी स्थानीय निकायों में सफाई कर्मचारियों की स्थिति

		निगम						परिषद						नगरपालिका						कुल
विवरण	वर्ष	हिसार	पानीपत	फरीदाबाद	गुरुग्राम	सोनीपत	पंचकुला	कालका	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	पलवल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	पुन्हाना	हेलीमंडी	
अपेक्षित सफाई कर्मचारियों की संख्या	2017-18	657	1,784	4,250	2,850	850	1,190	एनए	100	163	510	185	453	45	107	40	48	62	52	13,346
	2018-19	730	1,784	4,425	3,100	850	1,190	एनए	100	171	525	186	453	45	107	43	49	62	52	13,872
	2019-20	811	1,784	4,475	3,702	1,068	1,190	एनए	105	178	541	190	453	45	107	46	50	62	52	14,859
	2020-21	901	1,784	4,538	4,736	1,068	1,190	373	110	181	557	261	453	45	107	52	52	62	52	16,522
	2021-22	919	2,250	4,625	6,033	1,068	794	373	110	184	749	265	566	45	107	52	54	62	52	18,309
उपलब्ध सफाई कर्मचारियों की संख्या	2017-18	705	एनए	3,150	एनए	432	963	एनए	80	127	274	174	270	35	89	20	35	60	39	6,453
	2018-19	732	250	3,078	एनए	418	960	एनए	80	154	271	167	265	35	104	20	35	43	54	6,666
	2019-20	714	250	2,988	एनए	685	958	एनए	150	149	263	199	260	35	98	20	35	43	54	6,901
	2020-21	695	250	2,930	6,586	673	686	147	150	143	248	194	263	35	98	25	31	41	53	13,248
	2021-22	751	250	2,905	6,586	659	652	147	150	144	238	202	260	35	96	35	31	40	51	13,232
सफाई कर्मचारियों की कमी	2017-18	-	-	1,100	-	418	227	-	20	36	236	11	183	10	18	20	13	2	18	6,893
	2018-19	-	1,534	1,347	-	432	230	-	20	17	254	19	188	10	3	23	14	19	3	7,206
	2019-20	97	1,534	1,487	-	383	232	-	-	29	278	-	193	10	9	26	15	19	3	7,958
	2020-21	206	1,534	1,608	-	395	504	226	-	38	309	67	190	10	9	27	21	21	4	3,274
	2021-22	168	2,000	1,720	-	409	142	226	-	40	511	63	306	10	11	17	23	22	6	5,077

एनए: उपलब्ध नहीं

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.10

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.9; पृष्ठ 27)

नमूना-जांच किए गए 14 शहरी स्थानीय निकायों में वाहनों की स्थिति

		निगम		परिषद						नगरपालिका						कुल
विवरण	वर्ष	हिसार	पंचकुला	कालका	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	पलवल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	पुन्हाना	हेलीमंडी	
अपेक्षित वाहनों की संख्या	2017-18	62	103	0	0	6	16	31	45	10	-	5	3	7	6	294
	2018-19	62	103	0	0	6	16	31	45	10	37	6	3	7	6	332
	2019-20	83	103	0	30	6	22	33	45	10	21	7	3	7	6	376
	2020-21	191	103	20	20	6	22	33	45	10	20	8	3	7	6	494
	2021-22	191	84	20	20	6	25	33	82	10	20	8	3	7	6	515
उपलब्ध वाहनों की संख्या	2017-18	31	103	0	0	6	16	13	22	10	-	2	3	3	6	215
	2018-19	31	103	0	0	6	16	13	22	10	21	2	3	3	6	236
	2019-20	62	103	0	14	6	22	23	22	10	21	4	3	3	6	299
	2020-21	95	103	14	20	6	22	33	20	10	20	5	3	3	6	360
	2021-22	95	84	13	20	6	25	33	82	10	20	5	3	3	6	405
वाहनों की कमी	2017-18	31	0	0	0	0	0	18	23	0	-	3	0	4	0	79
	2018-19	31	0	0	0	0	0	18	23	0	16	4	0	4	0	96
	2019-20	21	0	0	16	0	0	10	23	0	0	3	0	4	0	77
	2020-21	96	0	6	0	0	0	0	25	0	0	3	0	4	0	134
	2021-22	96	0	7	0	0	0	0	0	0	0	3	0	4	0	110

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.11

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.11.1; पृष्ठ 31)

नमूना-जांच किए गए 13 शहरी स्थानीय निकायों में डंप स्थल पर सुविधाओं की स्थिति

क्र. सं.	विवरण	नगर निगम					नगर परिषद				नगरपालिका				कुल	
		हिसार	पानीपत	गुरुग्राम	सोनीपत	पंचकुला	कैथल	टोहाना	बहादुरगढ़	नारनौल	नीलोखेड़ी	शाहबाद	उकलाना	बेरी	उपलब्ध	उपलब्ध नहीं
1	पेयजल	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	5	8
2	शौचालय की सुविधा	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	5	8
3	प्रकाश व्यवस्था	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	5	8
4	अग्नि सुरक्षा उपकरण	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	4	9
5	तौलपुल	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	4	9
6	उपकरण और मशीनरी के लिए शेल्टर	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	2	11
7	चौकीदार शेड	नहीं	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	7	6
8	कार्यालय सुविधा	नहीं	नहीं	हां	हां	हां	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	5	8
9	अपशिष्ट निरीक्षण सुविधा	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	4	9
10	वनस्पति आवरण और वृक्षारोपण	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	2	11
11	स्टार्म वाटर ड्रेन	नहीं	नहीं	हां	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	3	10
12	आंतरिक सड़कें	नहीं	हां	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	4	9
13	पहुंच मार्ग	हां	हां	हां	हां	नहीं	नहीं	नहीं	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	हां	8	5
14	कंपाउंड दीवार और गेट	नहीं	नहीं	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	हां	हां	नहीं	नहीं	7	6
15	विंडरो प्लेटफ़ॉर्म	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	हां	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	2	11

(स्रोत: शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी)

परिशिष्ट 2.12

(संदर्भ: अनुच्छेद 2.7.11.3; पृष्ठ 33)

हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण न करने के कारण "प्रदूषणकर्ता भुगतान सिद्धांत" के आधार पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति दर्शाने वाली विवरणी

क्र. सं.	एमसी का नाम	अपशिष्ट उत्पादन (टीपीडी)	अपशिष्ट निपटान (टीपीडी)	अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का अंतर	पूंजीगत लागत		प्रतिदिन ओ&एम लागत			प्रति दिन पर्यावरणीय बाहयता लागत					
					सीमांत पूंजीगत लागत घटक	पूंजीगत लागत (₹ लाख में)	ओ एंड एम लागत घटक	दिनों की संख्या	ओ एंड एम घटक (₹ लाख में)	प्रति दिन पर्यावरणीय बाहयता की सीमांत लागत	वास्तविक घटक	अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता अंतर * वास्तविक घटक	न्यूनतम-अधिकतम सीमा के भीतर लागू घटक	दिनों की संख्या	पर्यावरणीय बाहयता (₹ लाख में प्रति दिन)
ए	बी	सी	डी	ई=सी-डी	एफ	जी=ई*एफ	एच	आई	जे=एच*ई* आई	के	एल=के*ई/100000	एम=एल*ई	एन	ओ	पी=एन*ओ
1	हिसार	180	95	85	2.4	204	0.02	1	1.7	15	0.0128	1.08	0.05	1	0.05
2	पानीपत	350	50	300	2.4	720	0.02	1	6.0	30	0.0900	27.00	0.15	1	0.15
3	फरीदाबाद	800	734	66	2.4	158	0.02	1	1.3	15	0.0099	0.65	0.05	1	0.05
4	गुरुग्राम	1,138	390	748	2.4	1,795	0.02	1	15.0	35	0.2618	195.83	0.35	1	0.35
5	पंचकुला	90	68	22	2.4	53	0.02	1	0.4	15	0.0033	0.07	0.50	1	0.50
6	कालका	30	27	3	2.4	7	0.02	1	0.1	15	0.0005	0.0014	0.01	1	0.01
7	टोहाना	28.31	8	20.31	2.4	49	0.02	1	0.4	15	0.0030	0.06	0.05	1	0.05
8	बहादुरगढ़	112	50	62	2.4	149	0.02	1	1.2	15	0.0093	0.58	0.05	1	0.05
9	नारनौल	28	6	22	2.4	53	0.02	1	0.4	15	0.0033	0.07	0.05	1	0.05
10	पलवल	100	80	20	2.4	48	0.02	1	0.4	15	0.0030	0.06	0.05	1	0.05
11	शाहबाद	25	23.4	1.6	2.4	4	0.02	1	0.0	15	0.0002	0.0004	0.01	1	0.01
12	उकलाना	9	3	6	2.4	14	0.02	1	0.1	15	0.0009	0.01	0.01	1	0.01
13	बेरी	9	5	4	2.4	10	0.02	1	0.1	15	0.0006	0.002	0.01	1	0.01
14	पुन्हाना	10	2	8	2.4	19	0.02	1	0.2	15	0.0012	0.01	0.02	1	0.02
15	हेलीमंडी	10	0	10	2.4	24	0.02	1	0.2	15	0.0015	0.02	0.02	1	0.02
16	अंबाला सदर	110	0	110	2.4	264	0.02	1	2.2	15	0.0165	1.82	0.05	1	0.05
17	अंबाला	180	170	10	2.4	24	0.02	1	0.2	15	0.0015	0.02	0.02	1	0.02
18	लोहारू	6.4	0	6.4	2.4	15	0.02	1	0.1	15	0.0010	0.01	0.01	1	0.01
19	चरखीदादरी	22	16	6	2.4	14	0.02	1	0.1	15	0.0009	0.01	0.01	1	0.01
20	फतेहाबाद	31.38	10	21.38	2.4	51	0.02	1	0.4	15	0.0032	0.07	0.05	1	0.05
21	रतिया	16	0	16	2.4	38	0.02	1	0.3	15	0.0024	0.04	0.04	1	0.04
22	भूना	13.34	0	13.34	2.4	32	0.02	1	0.3	15	0.0020	0.03	0.03	1	0.03
23	जाखलमंडी	5.25	0	5.25	2.4	13	0.02	1	0.1	15	0.0008	0.00	0.01	1	0.01

क्र. सं.	एमसी का नाम	अपशिष्ट उत्पादन (टीपीडी)	अपशिष्ट निपटान (टीपीडी)	अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का अंतर	पूंजीगत लागत		प्रतिदिन ओ&एम लागत			प्रति दिन पर्यावरणीय बाहयता लागत					
					सीमांत पूंजीगत लागत घटक	पूंजीगत लागत (₹ लाख में)	ओ एंड एम लागत घटक	दिनों की संख्या	ओ एंड एम घटक (₹ लाख में)	प्रति दिन पर्यावरणीय बाहयता की सीमांत लागत	वास्तविक घटक	अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता अंतर * वास्तविक घटक	न्यूनतम-अधिकतम सीमा के भीतर लागू घटक	दिनों की संख्या	पर्यावरणीय बाहयता (₹ लाख में प्रति दिन)
ए	बी	सी	डी	ई=सी-डी	एफ	जी=ई*एफ	एच	आई	जे=एच*ई* आई	के	एल=के*ई/100000	एम=एल*ई	एन	ओ	पी=एन*ओ
24	सोहना	40.33	0	40.33	2.4	97	0.02	1	0.8	15	0.0060	0.24	0.05	1	0.05
25	हांसी	38	0	38	2.4	91	0.02	1	0.8	15	0.0057	0.22	0.05	1	0.05
26	सिसई	11.25	0	11.25	2.4	27	0.02	1	0.2	15	0.0017	0.02	0.02	1	0.02
27	नारनौंद	8	3	5	2.4	12	0.02	1	0.1	15	0.0008	0.00	0.01	1	0.01
28	जुलाना	7	0	7	2.4	17	0.02	1	0.1	15	0.0011	0.01	0.01	1	0.01
29	नरवाना	26	14	12	2.4	29	0.02	1	0.2	15	0.0018	0.02	0.02	1	0.02
30	झज्जर	26	18	8	2.4	19	0.02	1	0.2	15	0.0012	0.01	0.01	1	0.01
31	थानेसर	80.2	56.15	24.05	2.4	58	0.02	1	0.5	15	0.0036	0.09	0.05	1	0.05
32	लाडवा	9.2	1.4	7.8	2.4	19	0.02	1	0.2	15	0.0012	0.01	0.01	1	0.01
33	इस्माइलाबाद	7.25	3.9	3.35	2.4	8	0.02	1	0.1	15	0.0005	0.00	0.01	1	0.01
34	करनाल	180	129	51	2.4	122	0.02	1	1.0	15	0.0077	0.39	0.05	1	0.05
35	तरावड़ी	14.5	12.5	2	2.4	5	0.02	1	0.0	15	0.0003	0.00	0.01	1	0.01
36	घरौंडा	21.85	9.85	12	2.4	29	0.02	1	0.2	15	0.0018	0.02	0.02	1	0.02
37	इंद्री	8.51	0	8.51	2.4	20	0.02	1	0.2	15	0.0013	0.01	0.01	1	0.01
38	अटेलीमंडी	6	0	6	2.4	14	0.02	1	0.1	15	0.0009	0.01	0.01	1	0.01
39	नूंह	9	0	9	2.4	22	0.02	1	0.2	15	0.0014	0.01	0.01	1	0.01
40	फिरोजपुर झिरका	12	0	12	2.4	29	0.02	1	0.2	15	0.0018	0.02	0.02	1	0.02
41	तावडू	11.43	0	11.43	2.4	27	0.02	1	0.2	15	0.0017	0.02	0.02	1	0.02
42	रोहतक	160	130	30	2.4	72	0.02	1	0.6	15	0.0045	0.14	0.05	1	0.05
43	रेवाड़ी	86	70	16	2.4	38	0.02	1	0.3	15	0.0024	0.04	0.04	1	0.04
44	बावल	6	3	3	2.4	7	0.02	1	0.1	15	0.0005	0.00	0.01	1	0.01
45	गोहाना	32	2	30	2.4	72	0.02	1	0.6	15	0.0045	0.14	0.05	1	0.05
46	खरखौदा	20	16.8	3.2	2.4	8	0.02	1	0.1	15	0.0005	0.00	0.01	1	0.01
47	कुंडली	16.5	0	16.5	2.4	40	0.02	1	0.3	15	0.0025	0.04	0.04	1	0.04
48	ऐलनाबाद	14	0	14	2.4	34	0.02	1	0.3	15	0.0021	0.03	0.03	1	0.03
49	यमुनानगर	272	125	147	2.4	353	0.02	1	2.9	15	0.0221	3.24	0.05	1	0.05
50	सढौरा	4.35	0	4.35	2.4	10	0.02	1	0.1	15	0.0007	0.00	0.01	1	0.01
